राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-322
लखनऊ, शुक्रवार 12 जुलाई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मुफ्त में विदेशी भाषा सीख सकेंगे छात्र व प्रोफेशनल : कपिलदेव 03

चार देशों के राजदूतों ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को सौंपे 12

# सीआईएसएफ भर्ती में अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण

**ऐलान**

- जल्द मिलेगा दस फीसदी आरक्षण व फिजिकल टेस्ट में छूट



नई दिल्ली, एजेंसी।

केंद्र सरकार ने पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी पद अर्धसैनिक बलों के लिए आरक्षित किए जाएंगे। सीआईएसएफ ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी हैं और इस फैसले के आधार पर सीआईएसएफ जल्द ही भर्तियों के लिए ये नियम लागू करेगी।

संसद में उठे अग्निवीर मुद्दे के बाद यह मसला लगातार चर्चा में बना हुआ है। इसी बीच अग्निवीरों के लिए बड़ी खबर सामने आई है।

केंद्र सरकार ने पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी पद अर्धसैनिक बलों के लिए आरक्षित किए जाएंगे। सीआईएसएफ ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है और इस फैसले के आधार पर सीआईएसएफ जल्द ही भर्तियों के लिए ये नियम लागू करेगी।

इस मामले को लेकर बीएसफ के डीजी नितिन अग्रवाल ने कहा कि, हम सैनिक तैयार कर रहे हैं, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। इससे सभी बलों को फायदा होगा। पूर्व अग्निवीरों को भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती का बड़ा कदम उठाया है। इसको लेकर सीआईएसएफ ने भी सारे इंतजाम कर लिए हैं। कांस्टेबलों की 10 प्रतिशत रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित रहेंगी, साथ ही, उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में छूट दी जाएगी।

सरकार की अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों के लिए एक स्वागत योग्य कदम में, केंद्र ने पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों के 10 प्रतिशत पद आरक्षित किए हैं। सरकार केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) मुख्यालय की शारीरिक दक्षता परीक्षा में भी छूट देगी।

14 जून, 2022 को घोषित अग्निपथ योजना में साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को केवल चार वर्षों के लिए भर्ती करने का प्रावधान है, जिसमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है। सरकार ने उस वर्ष बाद में ऊपरी आयु सीमा बढ़ाकर 23 वर्ष कर दी। हाल ही में संपन्न संसद सत्र में विपक्ष द्वारा सरकार को घेरने के बीच अग्निपथ योजना पर विवाद के बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावों का खंडन करते हुए कहा कि इसे 158 संगठनों से सुझाव लेने के बाद शुरू किया गया था।

सिंह, जिन्होंने उस समय हस्तक्षेप किया जब गांधी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे, ने यह भी कहा कि कर्तव्य के दौरान अपनी जान देने वाले अग्निवीर को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा मिलता है। केंद्रीय मंत्री ने गांधी से संसद को गुमराह नहीं करने को कहा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से अग्निपथ योजना पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के दावों को खारिज करने का भी अनुरोध किया। सैन्य भर्ती योजना का जिक्र करते हुए, गांधी ने दावा किया कि सरकार अग्निवीरों को इस्तेमाल करो और फेंक दो मजदूर मानती है और उन्हें शहीद का दर्जा भी नहीं देती है।

**केंद्र सरकार ने किया था आरक्षण का ऐलान**

बता दें कि, केंद्र सरकार ने साल 2022 में ही इस बाबत ऐलान कर दिया था। उस दौरान भी जब अग्निवीर योजना का विरोध बढ़ा था तो गृह मंत्रालय ने घोषणा की थी कि अर्ध सैनिक बलों की नियुक्ति में अग्निवीरों को प्राथमिकता मिलेगी। इन्हें 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने भी अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया था। इनके अलावा उत्तर प्रदेश, गोवा और हरियाणा सरकार ने राज्य पुलिस और उससे जुड़ी सेवाओं में अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की बात कही थी। सरकार जून 2022 में अग्निपथ स्कीम लेकर आई थी। ये युवाओं को डिफेंस से जोड़ने की शॉर्ट-टर्म स्कीम है। सेना, वायु सेना और जल सेना तीनों के आई योजना के तहत भर्ती सैनिकों को नाम दिया गया- अग्निवीर। इसमें सैनिकों की चार साल के लिए भर्ती होती है, साथ ही अगले चार सालों के लिए उन्हें एक्सटेंशन भी मिल सकता है। सर्विस पूरी होने पर 25 फीसदी अग्निवीरों को नियमित सेना में ले लिया जाएगा, जबकि बाकी 75 प्रतिशत को एक बड़ी राशि के साथ, स्किल सर्टिफिकेट दिया जाएगा ताकि वे क्षमता के अनुसार नया काम खोज सकें।

# नीट-यूजी पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड रॉकी गिरफ्तार

पटना, एजेंसी।



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को नीट-यूजी पेपर लीक के कथित सरगनाओं में से एक राकेश रंजन उर्फ रॉकी को पटना के बाहरी इलाके से गिरफ्तार कर पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया। जहां से उसे 10 दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया।

नालंदा निवासी राकेश रंजन उर्फ रॉकी कई दिनों से सीबीआई के रडार पर था। प्रवेश परीक्षा में अनियमितताओं पर कार्रवाई शुरू होने के बाद से फरार चल रहा था। वह बार-बार ठिकाने बदल रहा था। रॉकी मास्टरमाइंड संजीव मुखिया का रिश्तेदार बताया जाता है। उसे सीबीआई ने पटना के बाहरी इलाके से गिरफ्तार किया। नीट-यूजी पेपर लीक का मामला जबसे सीबीआई को मिला है, उसके बाद से ही सीबीआई उसकी तालाश में थी। तकनीकी निगरानी की मदद से सीबीआई ने उसका सटीक स्थान पता किया और आज उसे गिरफ्तार कर लिया ।

उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने अब तक इस मामले बिहार और झारखंड में 15 जगहों पर तलाशी ली थी, जहां से उन्हें मामले में आपत्तिजनक सबूत मिले थे। एजेंसी ने पहले झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल को इस मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था और अन्य दो लोगों को भी, जिन्होंने कथित तौर पर नीट उम्मीदवारों को परिसर किराए पर मुहैया करवाया था। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही सीबीआई ने अब तक इस मामले में छह एफआईआर दर्ज की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सरहसा की लक्ष्मी झा ने मलेशिया की सबसे लंबी चोटी पर फहराया तिरंगा



सहरसा। जिले के कहरा प्रखंड स्थित बनगांव ग्राम की बेटी लक्ष्मी झा ने मलेशिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट किनाबालु पर तिरंगा फहरा कर इतिहास रच दिया है। इस चोटी पर तिरंगा फहराने वाली लक्ष्मी पहली भारतीय महिला हैं। उल्लेखनीय है कि माउंट किनाबालु बोर्नियो और मलेशिया का सबसे ऊंचा पर्वत है, जिसकी ऊंचाई 4,095 मीटर (13,435 फीट) है। यह चोटी पृथ्वी पर एक द्वीप की तीसरी सबसे ऊंची चोटी, दक्षिण पूर्व एशिया की 28वीं सबसे ऊंची चोटी और दुनिया की 20वीं सबसे प्रमुख चोटी है। लक्ष्मी इंडिया की पहली बेटी है, जिन्होंने माउंट किनाबालु पर चढ़ाई कर सहरसा का नाम देश एवं विदेश में ऊंचा किया है।

### स्मृति ईरानी ने सरकारी बंगला किया खाली



नई दिल्ली। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने 28 तुगलक क्रीसेंट स्थित अपना सरकारी बंगला खाली कर दिया है। वे इस बार लोकसभा चुनाव में अमेठी से हार गईं थी। स्मृति ईरानी पिछले दस सालों से मंत्री के रूप में इस बंगले में रह रही थीं। जानकारी के अनुसार उन्होंने बंगला खाली कर दिया है और उनका नेम प्लेट भी हटा दिया गया है। 2014 में अमेठी लोकसभा सीट से हारने के बाद वे राज्यसभा से केन्द्र में मंत्री बनी थीं। 2019 में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी लोकसभा सीट से हराया था। इस बार 2024 में कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा ने स्मृति ईरानी को हरा दिया।

### खेल मंत्रालय ने पैरा एथलीटों के उपकरणों के प्रस्तावों को दी मंजूरी

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक खेलों और पैरालंपिक खेलों की तैयारी कर रहे एथलीटों और पैरा एथलीटों के उपकरणों की खरीद के लिए सहायता सहित कई प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। एमओसी ने गुरुवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके तहत पैरालंपिक टेबल टेनिस पदक विजेता भाविना पटेल के लिए 16 से 20 जुलाई तक थाईलैंड में आईटीटीएफ पैरा टेबल टेनिस एशिया प्रशिक्षण शिविर 2024 में अपने कोच और एस्कॉर्ट के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। पैरा निशानेबाज मनीष नरवाल, रुद्राक्ष खंडेलवाल, रुबीना फ्रांसिस और श्रीहर्ष आर देवरेड्डी के विभिन्न खेल निशानेबाजी से संबंधित उपकरणों की खरीद के लिए सहायता के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया गया।

# ऑनलाइन अटेंडेंस न दर्ज कराने वाले शिक्षकों का रुकेगा वेतन

**सख्ती**

- यूपी में डिजिटल अटेंडेंस पर सख्ती शुरू, हाजिरी नहीं लगाई तो कटेगी सैलरी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश में 11 जुलाई से शुरू हुई ऑनलाइन अटेंडेंस को लेकर एक तरफ शिक्षकों ने जहां मोर्चा खोल दिया है तो वहीं दूसरी ओर बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, उन्नाव बीएसए ने निर्देश दिए हैं कि 3 दिन तक डिजिटल अटेंडेंस दर्ज न कराने पर विभागीय आदेश की अवेहलना माना जाएगा। ऐसे में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अगले आदेश तक डिजिटल अटेंडेंस न दर्ज कराने वाले शिक्षकों का मानदेय और वेतन रोका जाएगा। वहीं, बाराबंकी में डिजिटल अटेंडेंस ना लगाने पर 9 हजार शिक्षकों का 3 दिन का वेतन रोक लिया गया।

सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 11 जुलाई से अनिवार्य रूप से शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराने का आदेश दिया है। जिसके विरोध में शिक्षकों ने मोर्चा खोल दिया है। 11 जुलाई को यूपी के 132869 बेसिक स्कूलों में पढ़ाने वाले 609,282 शिक्षकों में 16015 शिक्षकों ने ही ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराई थी।

बड़ी संख्या में शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी नहीं दर्ज कराई थी। सोशल मीडिया पर भी शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी को लेकर मोर्चा खोल दिया है।

आपको बता दें कि प्रदेश भर में डिजिटल अटेंडेंस को लेकर तीसरे दिन भी शिक्षकों का विरोध जारी रहा और उन्होंने उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। इसके साथ ही शिक्षकों ने संयुक्त संघर्ष मोर्चा का गठन कर 15 जुलाई को हर जिले में प्रदर्शन कर ज्ञापन देने का निर्णय लिया।

इधर, बरेली में दो दिन की छुट्टी के बाद बुधवार को स्कूल खुले। अभी भी कई स्कूलों में पानी भरा हुआ है और शिक्षक काफी दिक्कत से स्कूल पहुंच रहे हैं। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के नेतृत्व में सभी संगठनों के पदाधिकारी व शिक्षकों ने सभी ब्लॉकों में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया।

# नीट यूजी 2024 : सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा दोबारा कराने की याचिका पर सुनवाई 18 जुलाई के लिए टाली

नई दिल्ली, एजेंसी।



सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को नीट-यूजी मामले को लेकर अहम सुनवाई की बात चल ही रही थी। इस बीच एक नया मोड़ सामने आया, बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार की सुनवाई टाल दी है इसी के साथ उन्होंने अगली नई तारीख 18 जुलाई की दी है।

इस मामले को लेकर सीबीआई ने कोर्ट में बंद लिफाफे में अपनी रिपोर्ट दाखिल की थी। ऐसे में सभी छात्रों की निगाहें शीर्ष अदालत के फैसले पर टिकी हुई थी कि क्या नीट-यूजी परीक्षा कैंसिल होगी और फिर से एग्जाम होंगे? इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और सीबीआई की ओर से एफिडेविट दाखिल किया जा चुका था। परन्तु सुप्रीम कोर्ट में इस बीच कुछ फैसले लेते हुए, शुक्रवार (12 जुलाई), फिर एक तारीख सोमवार (15 जुलाई) को रखी, हालाँकि वह असमंजस्य में थे, इसलिए तारीखों में बदलाव करते रहे, अब का फी तथ्यों को देखने और समझने के बाद उन्होंने थोड़ा और ज्यादा समय लेना चाहा, जिस पर अब उन्होंने अगली सुनवाई 18 जुलाई की रखी है। जानकारी के अनुसार, छात्रों ने सुप्रीम कोर्ट में जो याचिका दाखिल की है , उसमें कथित पेपर लीक मामले की दोबारा परीक्षा कराने और उचित जांच की मांग की गई है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में हुई गड़बड़ियों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। केंद्र और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 5 मई को आयोजित परीक्षा में किसी भी तरह की सामूहिक गड़बड़ी से इनकार किया है। गुरुवार को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। इससे पहले बुधवार को केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने हलफनामा दाखिल किया था। केंद्र सरकार पहले ही कोर्ट को बता चुकी है कि वो नीट परीक्षा दोबारा कराने के पक्ष में नहीं है।

# विधायक बेदी राम सहित 18 लोगों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



- वर्ष 2006 का है मामला
- हाजिरी माफी की अर्जी खारिज

लखनऊ के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में वर्ष 2006 के पेपर लीक मामले में सुनवाई कर रहे विशेष न्यायालय गैंगस्टर के सत्र न्यायधीश पुष्कर उपाध्याय ने विधायक बेदी राम सहित 18 लोगों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया है। न्यायधीश पुष्कर उपाध्याय ने पेपर लीक मामले में सुनवाई करते हुए अगली तिथि 26 जुलाई तय की है। न्यायधीश पुष्कर उपाध्याय के न्यायालय में 18 वर्ष पुराने पेपर लीक मामले में सुनवाई हुई। न्यायालय में सुनवाई के दौरान आरोपियों ने तारीख पर न पाने की स्थिति में अधिवक्ताओं के माध्यम से हाजिरी माफी भेजवायी। जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया और गैर जमानटी वारंट जारी करते हुए विधायक बेदी राम समेत 18 लोगों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए आदेश किया।

# सीएम ने श्रावस्ती में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**आपदा**

- 35 तहसील, 633 गांव के 17 लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में

श्रावस्ती, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रावस्ती में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकाप्टर से निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री राहत कैम्पों में भी गए और बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। उन्हें राहत पैकेट वितरित किए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही बाढ़ आ गयी है। विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य कर रहे हैं। आधी रात में पानी भर गया। 11 लोग फंस गए। उन्होंने पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया। सबको बचा लिया। हमने उन पुलिसकर्मियों को पुरस्कार दिए हैं। जिन महिला और पुरुष ने इसमें मदद की, उन्हें पुरस्कार राशि दी जाएगी। आपदा में यदि किसी की जान चली जाती है तो उन पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख रुपये सहायता राशि दी जाए।

आज भी चार परिवारों को जिन्होंने अपने परिवार के सदस्य खोए हैं, उन्हें चार-चार लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। बाढ़ की स्थिति अकेले यहीं है। 35 तहसील, 633 गांव के 17 लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में हैं। कृषि भूमि भी बाढ़ की चपेट में आई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावितों को भोजन की समस्या न हो, जानवरों के लिए चारे की व्यवस्था हो। बचाव कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जाए। पूरे प्रदेश में करीब एक हजार बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। इस मौके पर विधायक सुभाष त्रिपाठी, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक रामफेरन पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व मुख्य सचिव से ऑनलाइन ठगी, एफआईआर दर्ज



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन से आनलाइन ठगी मामले में गोमती नगर थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। आलोक रंजन ने आप बीती बताते हुए कहा है कि एसबीआई बैंक के नाम से अज्ञात व्यक्ति का उनके पास फोन आया। अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें क्रेडिट कार्ड का बकाया होने की बात कहकर कुछ नम्बर डायल कराया और शाम तक उनके अकाउंट से 383 डॉलर अर्थात बत्तीस हजार रुपये कट गये। गोमती नगर थाने की पुलिस ने आलोक रंजन से तमाम जानकारी लेने के बाद साइबर सेल की मदद से ठगी मामले की जांच पड़ताल आरम्भ कर दी है। अकाउंट से कटे बत्तीस हजार रुपये के दूसरे अकाउंट में जाने की भी जानकारी जुटायी जा रही है।

### वेलनेस सिटी में स्थानांतरित होगी अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के पारिजात सभागार में नई आवासीय योजनाओं पर समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी व केवी राजू ने अपग्रेडेशन के सुझाव दिये। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने योजनाओं का प्रेजेन्टेशन दिया। इसमें अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट को वेलनेस सिटी में स्थानांतरित करने का प्रावधान किया गया है। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि एलडीए ने सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी एवं आईटी सिटी मोहान रोड पर एजुकेशनल सिटी (मोहान रोड योजना) व आईआईएम रोड पर प्रबंध नगर योजना का खाका तैयार किया है। जिसके लिए जमीन जुटाने व मुआवजे की दर निर्धारित करने सम्बंधी प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास हो गया है। इसके अंतर्गत किसानों से समझौते, भू-अधिग्रहण व लैंड पूलिंग के आधार पर जमीन जुटाने का काम किया जाएगा।

# बजट से पहले मोदी ने की अर्थशास्त्रियों से चर्चा

**विचार-विमर्श**

- 22 जुलाई से संसद का सत्र होगा शुरु
- 23 जुलाई को सीतारमण रिकॉर्ड सातवीं बार पेश करेंगी आम बजट

नई दिल्ली, एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चालू वित्त वर्ष की आम बजट की तैयारियों के बीच गुरुवार को नीति आयोग में देश के प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ विचार विमर्श किया।

इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी भी मौजूद थे।

सूत्रों के अनुसार, अर्थशास्त्री, उद्योग विशेषज्ञ और नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने राजकोषीय स्थिति और रणनीतियों पर चर्चा करते हुए बैठक में प्रधानमंत्री के सामने अपने विचार और सिफारिशें रखे हैं। केंद्र में अपने तीसरे कार्यकाल में श्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का यह पहला बजट होगा। रूस और ऑस्ट्रिया की अपनी दो देशों की यात्रा समाप्त करने के बाद श्री मोदी गुरुवार सुबह राजधानी लौट आए। पिछले महीने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति को तेज करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगी। वित्त मंत्री ने आगामी बजट पर अर्थशास्त्रियों और उद्योग जगत के प्रमुखों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया है। संसद का 22 जुलाई से सत्र शुरु हो रहा है और 23 जुलाई को श्रीमती सीतारमण रिकॉर्ड सातवीं बार आम बजट पेश करेंगी। इसमें एक अंतरिम बजट भी शामिल है।

### उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष प्रवीर कुमार ने दिया इस्तीफा



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रवीर कुमार ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर दायित्व संभालने में असमर्थता जातई है। कुछ दिनों से प्रवीर कुमार दिल्ली में रहकर पत्नी का इलाज करा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी को लिखे पत्र में उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पदमुक्त करने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि प्रवीर कुमार 1982 बैच के अवकाशप्राप्त आईएएस अधिकारी हैं। ईमानदार और सौम्य अफसरों में उनकी गिनती होती रही है। रिटायर होने के बाद योगी सरकार ने उन्हें वर्ष 2019 में उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया था। उनका कार्यकाल अभी दिसम्बर 2024 तक बाकी था।



### राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू के स्मैश शॉट देख दंग रह गईं साइना नेहवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति भवन के बैडमिंटन कोर्ट में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू ने ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल के साथ बैडमिंटन खेला। 66 वर्षीय मुर्मू ने कई बेहतरीन शॉट लगाए। साइना उनके स्मैश शॉट देख दंग रह गईं। राष्ट्रपति भवन ने एक्स हैंडल पर इस मौके की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। साइना नेहवाल ने एक्स हैंडल पर कहा है कि भारत के राष्ट्रपति के साथ खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह मेरे जीवन का कितना यादगार दिन है। मेरे साथ बैडमिंटन खेलने के लिए राष्ट्रपति का बहुत-बहुत धन्यवाद।

# बाढ़ में फंसे ग्रामीणों का एनडीआरएफ ने किया रेस्क्यू



## बाढ़ में फंसे 18 लोगों को एनडीआरएफ ने निकाला



**धौरहरा खीरी।** धौरहरा क्षेत्र के समदहा में विकराल रुप धारण कर गांव में पहुचीं शारदा नदी के पानी मे फंसे 18 लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यु कर सुरक्षित स्थान पर पहुचाकर क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर नजर रखे हुए है। वही टीम का सहयोग करने के लिए खमरिया थाना प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी मौके पर बने हुए है। धौरहरा क्षेत्र के समदहा गांव में बाढ़ के पानी मे फंसे विनय 12,नागेश्वरी 18, ब्रजरानी 45, जुली 15, रंगीलाल 50, छोटा 20, रामावती 35, रामू 35, देशराज 4, ममता 2, शोभित 6 माह,पुष्पा 22, गोबिंदा 25,चाँदनी 15, अनुराग 22, गोपाला 15, अशोक 27 व रंजिशा 30 को रेस्क्यु कर सुरक्षित स्थान पर पहुचाकर राहत की सांस ली। इस दौरान पानी के सैलाब में एनडीआरएफ की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी वही एनडीआरएफ टीम के सहयोग के लिए खमरिया थाना प्रभारी मनबोध तिवारी अपने दल बल के लिए मौके पर मौजूद रहे। इस बाबत एनडीआरएफ टीम के सब इंस्पेक्टर रंजन जायसवाल ने बताया कि जैसे ही समदहा गांव में कुछ लोगों के फसे होने की जानकारी प्राप्त हुई वैसे ही टीम के कमांडर निरीक्षक रामसिंह व निरीक्षक अजय सिंह की अगुवाई में टीम गांव पहुँचकर खमरिया पुलिस की मदद से 18 लोगों का रेस्क्यु कर सुरक्षित स्थान पर पहुचाया और टीम चप्पे चप्पे पर नजर रखे हुई है। टीम में 32 लोग कार्य कर रहे है जो क्षेत्र की जानकारी एकत्रित कर जहां जरूरत है वहाँ तत्काल पहुचकर लोगों की मदद करने के लिए तत्पर है।

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

तराई क्षेत्र में उफनाई शारदा नदी ने क्षेत्र में तबाही मचा रखी है। जिसको लेकर प्रशासन हृष्ठत्र्क्ष्न टीम के साथ मुस्तैद है। गुरुवार को सुबह बाढ़ में फंसे छह लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर लाई तो सभी के चेहरे पर खुशी छा गई। जिसको लेकर बचाए गए लोगों के साथ उनके परिवार ने टीम का आभार व्यक्त किया।

तहसील गोला के विकासखंड बिजुआ में आई बाढ़ में बीती रात फंसे छह लोगों को एनडीआरएफ की 11वी बटालियन टीम की मदद से रेस्क्यू कर उनकी जान बचा ली।

एसडीएम गोला विनोद कुमार गुप्ता ने बताया की सुबह उन्हें सूचना मिली कि ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के करसौर गांव में कुछ लोग बाढ़ के पानी मे फंस गए है।

> एसडीएम व तहसीलदार गोला ने वितरित की राहत सामग्री

जिसको गंभीरता से लेते हुए वह टीम के साथ सभी का रेस्क्यू करने के लिए उस गांव में पहुंचे और सभी को सकुशल रेस्क्यू कर बाहर निकल गया। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बाढ़ में फंसे हेमनाथ पुत्र गोपालदास,राधेश्याम पुत्र गोपालदास, सूबेदार पुत्र मोतीलाल, राम बिलास पुत्र बृजलाल, युवराज सिंह पुत्र नंदलाल, अवधेश पुत्र राम औतार को रेस्क्यू किया गया है। रेस्क्यू कर बचाए गए सभी लोगों ने टीम का आभार व्यक्त किया है। वही उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया क्षेत्र में बाढ़ को लेकर एनडीआरएफ की टीम 24 घंटे से एक्शन मोड पर है। किसी भी समय, कहीं भी अगर कोई मुसीबत में दिखाई दे,तो उनके द्वारा जारी मोबाइल नंबरों पर तत्काल सूचना दें। जिससे समय रहते रेस्क्यू ऑपरेशन कर उसे अनहोनी से बचाया जा सके। सभी को सकुशल बाहर निकालने के बाद उपजिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता,तहसीलदार सुखवीर सिंह ,नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव ने बचाए गए लोगों को खाद्य सामग्री व राहत सामग्री वितरण की फिर ग्राम पंचायत गुजारा में करीब 250 लोगो बाढ़ राहत किट का वितरण किया।

# बाढ़ प्रभावित गांवों का एसडीएम ने किया दौरा घरों में भरा पानी छतों पर डेरा डाले बाढ़ पीड़ित



**धौरहरा खीरी।** लगातार बनबसा बैराज से छोड़े जा रहे पानी से शारदा व घाघरा नदी उफान पर है बाढ़ के पानी से क्षेत्र के दर्जनो गाँवो व सरकारी विद्यालयों मे पानी भरा है धौरहरा से रेहुवा चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर गुदरिया के पास दो से तीन फिट पानी चल रहा है जिससे आवागमन बाधित हो गयाहै। एसडीएम व तहसीलदार ने गुरुवार को शारदा व घाघरा नदी की बाढ़ से प्रभावित गाँवो का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों से बात चीत कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए लंच पैकेट व बिस्किट नमकीन व साफ पानी दिया गया। तहसील धौरहरा क्षेत्र में घाघरा नदी की बाढ़ से प्रभावित रामलोक के मजरा स्वर्गलोक, नयापुरवा, कैरातीपुरवा, ओझा पुरवा, बेलागढ़ी, मिर्जापुर, मल्लापुर, लौकाही मल्लापुर, गंनापुर, चकदहा, सरगडा, खनवापुर, फत्तेपुर आदि गावो में हालात बेहद खराब हो गये व शारदा नदी से निकले पानी से समदहा गांव से चार बोट के सहारे कुल 18 लोगों को गहरे पानी से एन डी आर एफ व खमरिया पुलिस द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया व चिकनाजती, रैनी आदि गांवो में बाढ का पानी एक फिट से दो फिट तक बह रहा है लोग अपने अपने घरो व छतों पर डेरा डाले हुए हैं जिसका एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार व तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल, नायब तहसीलदार बीरेंद्र यादव कानूनगो व लेखपालों द्वारा भ्रमण कर बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों से बातचीत की व लंच पैकेट वितरित किए और प्रशासनिक अफसरों द्वारा बाढ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। एस डी एम धौरहरा राजेश कुमार ने बताया कि गुरुवार तक शारदा नदी से निकले पानी से 14 गांवों में पानी चल रहा है सभी पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

# पानी के बहाव से कटी सड़क, आवागमन बाधित

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पलिया भीरा राजमार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क शारदा नदी में आई बाढ़ से बह गई जिस कारण मंगलवार से इस मार्ग पर यातायात बाधित है। अपने गंतव्य तक पहुंचने वाले लोगों को सैकड़ो किलोमीटर सफर तय कर पहुंचना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी कुछ दिन आवागमन के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ेगा।

शारदा नदी के पानी में पिछले तीन दिन पूर्व पलिया-भीरा मार्ग पर प्रेम नगर गांव के पास मंगलवार को सड़क कटने की वजह से आवागमन बंद कर दिया गया था। तब से लगातार आवागमन बाधित है जिस वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पानी के तेज बहाव में बह गई थी। ऐसी स्थिति में यदि कोई बीमार हो जाए तो एंबुलेंस भी नहीं पहुंच सकती। पास पड़ोस के गांव जाने वाले दोनों रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं।

इससे लोगों की मुसीबतें बढ़ गई हैं।पीडब्ल्यूडी ने कुछ माह पूर्व ही इस सड़क का निर्माण कराया था। बाढ़ के पानी ने सड़क को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके चलते सड़क पर वाहनों का संचालन अभी भी जारी नहीं हो सका है संभावना है कि अभी दो से तीन दिनों तक स्थिति ऐसी ही रहेगी।

अभी भी अतरिया गांव के पास शारदा नदी का पानी सड़क पर तेज रफ्तार से बह रहा है जिसको लेकर प्रशासन ने इस सड़क का इस्तेमाल न करने की अपील की है साथ ही प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात कर दिया है।

# पेड़ की डाल बाइक पर गिरने से पिता-पुत्र की मौत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



ससुराल से अपने घर जा रहे पिता पुत्र की बाइक पर अचानक एक पेड़ की डाल टूट कर गिरने से दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक सवार एक मासूम पुत्र बाल बाल बच गया। पिता पुत्र की दर्दनाक मौत से परिवार में कोहराम मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव सिंगहा कलां निवासी अरुण यादव (40) अपने पुत्र गगन यादव (12) और राघव यादव (6) के साथ बाइक से पढुआ थाना क्षेत्र के गांव लालापुर अपनी ससुराल से वापस अपने घर जा रहा था तभी ढखेरवा निघासन मार्ग पर रौली पुरवा गांव के पास रोड के किनारे लगे पुराने बड़े गूलर के पेड़ की एक विशाल डाल टूटकर अचानक बाइक पर गिर गई जिसके नीचे दबने से अरुण यादव व उसका पुत्र गगन यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मासूम पुत्र राघव बाल बाल बच गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पढुआ पुलिस ने रास्ते से डाल हटवा कर शवों को बाहर निकाला लेकिन तब तक पिता पुत्र की मौत हो चुकी थी। बताया जाता है कि अरुण अपनी ससुराल लालापुर में मंगलवार को एक तिलक समारोह में शामिल होने के लिए परिवार सहित गया था। बुधवार दोपहर बाद घर वापसी में पत्नी को ढखेरवा में बस पर बैठा दिया और दो पुत्रों के साथ खुद बाइक से घर के लिए निकला था। घटना के बाद मृतक पिता पुत्र के परिजन व ससुराल के लोग मौके पर पहुंच गए। पिता पुत्र की मौत पर दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है।

# कई बार नापी गई सड़क लेकिन आज तक बन न सकी

> एक पंचायत ऐसी जहां आज तक नहीं पहुंची प्रधान, न ही घूम सका विकास का पहिया

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



गोला गोकर्णनाथ तहसील के ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत भवानीगंज में विकास कार्य कोसों दूर है वहीं ग्रामीणों के मुताबिक ग्रामीणों को सरकारी सुविधाओं का लाभ जैसे आवास, शौचालय, अच्छी सड़क, जल निकासी इत्यादि सुविधाओं के लाभ से भी वंचित रह गए हैं।ग्रामीणों ने बताया कि गांव की प्रधान आज तक गांव में झांकने नहीं आई और ना ही उनके द्वारा कोई विकास कार्य कराया गया गांव की सड़के जर्जर हो चुकी हैं, जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जल निकासी को लेकर नालियां नहीं बनी है जिसके चलते 12 महीना घरों का पानी रोड पर रहता है और हल्की-फुल्की बारिश में रोड का पानी अंदर आ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे आए दिन बीमारियां फैलती रहती हैं। इस बीच कुछ ग्रामीणों के मुताबिक आर्थिक रूप से परेशान होने के बाद भी उनको ना तो अभी तक आवास मिला है और ना ही शौचालय मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के वक्त प्रधान द्वारा सड़क की पैमाइश कर के दिखा दिया जाता है कि निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा लेकिन ऐसा कई बार करने के बाद भी आज तक गांव की सड़क नहीं बनी है।

> जो कार्य योजना बनती है वह प्रधान और सदस्य मिलकर बनाते हैं उसी हिसाब से कार्य अप्रूव कराया जाता है।
>
> अनन्या सिंह, सचिव

इन सब परेशानियों को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रधान सेक्रेटरी को शिकायत की लेकिन आज तक ग्रामीणों को उनकी परेशानियों का समाधान नहीं मिल पाया। गांव के ही कुछ लोगों का कहना है कि प्रधान मुस्लिम समुदाय का है इसलिए उन्होंने सिर्फ उन्हीं जगहों पर विकास कार्य कराया जहां मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है।

# मरीजों के लिए हुई व्यवस्थाओं का सीएमएस ने किया निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

> सर्पदंश व कुत्ते के काटने से पीड़ित मरीज के लिए जिला अस्पताल में पर्याप्त इंजेक्शन व औषधि की है व्यवस्था

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसे लोगों को सर्प दंश व कुत्तों के काटने से होने वाली बीमारी व मौत से बचाने के लिए जिला अस्पताल द्वारा भी व्यापक प्रबन्ध किये गये है। सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि जनपद में बाढ की विभीषिका के कारण बहुत से मरीज सर्प दंश के आ रहे है। शासन द्वारा बाढ़ प्रभावित ऐसे लोगों के प्राथमिक इलाज को वरीयता देने के निर्देश उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री जी द्वारा भी दिये गये है। जिसे ध्यान में रखते हुये सर्प दंश से पीड़ित लोगों के लिए एंटी स्नैक वेनम (ए.एस.वी) इन्जेक्शन सहित अन्य दवाओं की भी व्यापक व्यवस्था की गयी है, वहीं कुत्ते काटने से पीड़ित व्यक्ति के लिए भी एंटी रेबीज इन्जेक्शन की भी व्यापक व्यवस्था है। इसके दृष्टिगत उन्होंने इर्मेजेन्सी , इर्मेजेन्सी वार्ड , डाग बाइट कक्ष, और औषधि भण्डार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं व स्टाक को देखा है। बीते एक माह में 650 एएसवी एनटी स्नैक वेनम इन्जेक्शन लगाये गये है, वहीं रेबीज से बचाव के लिए 383 लोगों डोज लगायी गयी है। साथ ही उन्होनें बताया कि बाढ प्रभावित मरीजों को प्राथमिकता देने के निर्देश भी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को दिये गये है।

## 196 गोवंशीय पशुओं को आश्रय के साथ मिल रहा हरा चारा, चोकर और गुड़ चना

**बांकेगंज खीरी।** बांकेगंज कस्बे में ग्राम पंचायत की ओर से संचालित गोशाला में लगभग 196 गोवंशीय पशुओं को आश्रय मिला हुआ है। पहले ये सभी पशु सड़कों खेतों पर बेसहारा घूमते थे इनके पेट भरने का भी कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं था। खेतों से भगाए जाने पर सड़कों पर आ जाते थे। किसी ने कुछ डाल दिया तो खा लिया वरना अक्सर कूड़े के ढेर में चारा तलाशते रहते लेकिन गोशाला में पहुंच जाने के बाद इन पशुओं को भूसा के साथ ही चोकर हरा चारा और कभी कभी गुड़ खाने को मिलता है। साथ ही प्रति दिन पशु चिकित्सक गोशाला का दौरा करके इन पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं। इस गोशाला में लगभग 192 गोवंशीय पशु है। जिसमें गायों के साथ ही बछड़े और बछिया भी शामिल हैं।

# घाघी नाले का बंधा कटने से दिखा रौद्र रूप, अलर्ट मोड पर तहसील प्रशासन



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ की तबाही से परेशान बाढ़ प्रभावित लोगों का जीवन इन दिनों त्रस्त नजर आ रहा है। अब तो घरों के अंदर पानी घुस जाने से लोग अपने घर की छत या कही ऊंची जगह सड़क इत्यादि पर शरण ले रहे है। बुधवार की सुबह निघासन क्षेत्र में कई गांवों को बाढ़ की तबाही से बचाने वाला लुधौरी घाघी नाले का बंधा कट गया। जिससे देखते ही देखते निघासन क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए।

पहले गाँव मे बाढ़ का पानी घुसा और कुछ देर में ही लोगों के घरों में भी पानी भर गया। गरीब तबके के लोग जो रोजमर्रा की दिहाड़ी पर अपने घर का खाना चलाते थे, ऐसे लोगों के लिए संकट मंडरा रहा है। हालांकि प्रसाशन बाढ़ की चपेट में आये लोगों की हर सम्भव मदद कर रहा है मगर ऐसी कई जगह है जहां लोग भूखे भी सोए।

एसडीएम राजीव निगम व बीडीओ जयेश सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर सभी से अपील की है कि अपने घरों से बाहर आकर कही ऊंची जगह शरण ले लें व खाने पीने की किसी तरह की कोई दिक्कत हो तो इसके लिए उन्होंने अपना नम्बर देते हुए सूचित करने को कहा।

घाघी नाले का बंधा कटने से जहाँ किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है तो वही कुछ लोगों के घर भी गिर गए है। लुधौरी का घाघी नाला शारदा नदी की मूल धारा से जुड़ा है। लगभग 10 वर्ष पहले जब इस नाले पर बंधा नही बना था तो हल्की बाढ़ से ही कई गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते थे मगर क्षेत्रीय लोगों की मांग पर तत्कालीन सांसद अजय मिश्र टेनी ने उच्चाधिकारियों से बात कर इस नाले को बनवाया था जिससे बाढ़ का खतरा लगभग समाप्त हो गया था मगर बीते दिनों लगातार बारिश के चलते शारदा नदी की लहरों के आगोश से बुधवार को घाघी नाले का बंधा कट गया जिससे देखते ही देखते कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए तो वही किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुँचा है।

घाघी नाले के कटने से मदनापुर , लालबोझी, खमरिया, झौआपुरवा, पुरैना, सेमरापुरवा, जगनपुरवा, रानीगंज, दुर्गापुरवा, जुलाहनपुरवा, नंदापुरवा, गोबिंदपुर फार्म, लुधौरी, खडरिया फार्म, लालपुर, झंडी, चन्दनपुरवा, बरोठा, अदलाबाद, कुर्मिनपुरवा, देवीदीनपुरवा, सेमरापुरवा जैसे कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए है।

# लखीमपुर खीरी के युवा वैज्ञानिक को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से मुनीर खान सम्मानित



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के एक छोटे से गांव से निकले युवा वैज्ञानिक मुनीर खान को को 10 जुलाई को दिल्ली में 'यंग साइंटिस्ट अवार्ड' से नवाजा गया। मुनीर ने सॉइल क्वालिटी मॉनिटरिंग डिवाइस बनाकर ये अवॉर्ड अपने नाम किया।

मुनीर ने एक ऐसी डिवाइस तैयार की है जो किसानों की लागत को घटाएगी और किसानों को यह भी बताएगी कि उसकी जमीन में किन-किन पोषक तत्वों की कमी है और किसानों को कौन-कौन से और कितनी मात्रा में उर्वरक अपनी फसल में डालनी है. एक डिवाइस के माध्यम से यह सब काम होगा।

10 जुलाई को दिल्ली में मुनीर को भारत सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस पी. सदाशिवम, महाराष्ट्र के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे, हरियाणा के मिनिस्टर कंवरपाल और हॉर्टिकल्चर कृषि व्यापार और एग्रो एक्सपर्ट मिनिस्टर दिनेश प्रताप सिंह के सामने हुआ। इस समारोह में ब्राजील के एंबेसडर केनेथ नोबरेगा आदि तमाम देशी विदेशी मेहमान मौजूद रहे।

# स्मृति चिन्ह देकर सीडीओ को दी गई विदाई

> निवर्तमान सीडीओ ने सौम्यता के साथ अपने पद को सुशोभित किया उनके कार्यों की चहुओर होती है प्रशंसा : डीएम



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले में सफल कार्यकाल के उपरान्त स्थानान्तरित होने वाले लोकप्रिय सीडीओ अनिल कुमार सिंह को बुधवार शाम जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विकास भवन सभागार में पुष्पगुच्छ व पुष्पमाला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को सराहा।

कार्यक्रम की शुरुआत में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने निवर्तमान सीडीओ को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, बुके एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान सीडीओ ने सबसे पहले उन लोगों के प्रति आभार जताया, जिन्होंने उनके साथ टीम भावना के साथ काम किया। उन्होंने अपने कार्यकाल की कुछ यादों को साझा करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से जिलें में कार्यो का संचालन किया। निवर्तमान सीडीओ ने कहा कि जनपद लखीमपुर खीरी की यादें उनके साथ सदा रहेंगी। साम्प्रदायिक सौहार्द के अपनी अलग पहचान रखने वाले जिले में कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने जनपदवासियों, जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों के सहयोग व स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि निवर्तमान सीडीओ ने सौम्यता के साथ अपने पद को सुशोभित किया। उनसे सौम्यता सीखने वाली है। उनके कार्यों की जिलेभर में चहुओर प्रशंसा होती है। उनका कार्यकाल सकारात्मक दृष्टिकोण व यादगार पारी के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने जो जड़े तैयार की है। निश्चित रूप से वर्तमान सीडीओ के नेतृत्व में पूरी टीम उन्हें आगे तक ले जाएगी।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि %निवर्तमान सीडीओ एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी व कुशल प्रशासक है। उन्होंने संयम, सूझबूझ से पूरी टीम भावना के साथ जिले को बेहतरीन नेतृत्व प्रदान किया। पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी ने कहा कि निवर्तमान सीडीओ से उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक दक्षताओं व विधाओं को सीखा है।

## बाढ़ की सीजन में नाव बनी डोलियां, नांव पर बैठकर दुल्हनिया को विदा कराने के लिए निकला दूल्हा



**निघासन खीरी।** शादी के सीजनल दौर में बाढ़ आने से बारात की तैयारियां भी फीकी नजर आ रही है। चारो तरफ पानी होने से दूल्हे राजा लक्जरी कार व गाड़ियों के बजाय नांव पर सवार होकर अपनी दुल्हनियां को विदा करने के लिए निकल रहे है। गुरुवार को निघासन में दो अनोखी शादियां देखने के लिए ग्रामीणों के संग भारी भीड़ उमड़ गई। इलाके के बैलहा ग्राम पंचायत के जीतपुरवा में निवासी संतोष कुमार के छोटे पुत्र दुर्गेश 20 वर्ष की बारात धौरहरा तहसील क्षेत्र के नैनापुर परौरी रवाना हुई। सुबह गाड़ी के बजाय बाराती व लड़के पक्ष के लोग नांव की तैयारियों में जुट गए। नांव की व्यवस्था करने के बाद सारे बाराती जीतपुरवा गांव से नांव पर बैठकर दुल्हनिया को विदा कराने के लिए निकले।इधर लुधौरी पंचायत के पुरैना गांव में भी बाढ़ की वजह से नांव पर बैठकर बारात ले जाना पड़ा। तोताराम चौहान के बेटे सन्नी चौहान की शादी त्रिलोकपुर नौगवा से आरती के साथ होना तय है। जिसको लेकर दूल्हे राजा गांव से ही नांव पर बैठकर बारात को साथ लेकर रवाना हुए। इन दोनों अनोखी शादियों को देखने के लिए काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग लखनऊ**

निविदा संख्या-332/22-3 (निविदा) दिनांक- 10.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या-10446/22-3 (निविदा) दिनांक 20.06.2024 द्वारा आमंत्रित की गई थी, परन्तु पर्याप्त निविदा फार्म बिक्री/प्राप्त न होने के कारण समय सीमा निम्नानुसार बढ़ाई जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र नियम व शर्तों सहित विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 20.07.2024 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है।
2. निविदा फार्म दिनांक 23.07.2024 तक स्वीकार की जायेगी, तथा दिनांक 24.07.2024 को पूर्वान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदाएं इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी।
3. शेष शर्त पूर्ववत रहेंगी।

w.w.w.upgov.nic.in
UPID-217327 Date-11.07.2024

सितान्शु पाण्डेय
प्रभागीय वनाधिकारी
अवध वन प्रभाग, लखनऊ।

# मुफ्त में विदेशी भाषा सीख सकेंगे छात्र व प्रोफेशनल : कपिलदेव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

युवाओं के कौशल को निखारकर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए योगी सरकार नए-नए कार्यक्रम ला रही है।

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन यूपीएसडीएम ने लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, आजमगढ़, अयोध्या, प्रयागराज, झांसी और बांदा जिलों के छात्रों को विदेशी भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने की एक अनूठी पहल की है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और प्रोफेशनल्स को फ्रांसीसी, स्पैनिश और जर्मन भाषाओं में दक्षता हासिल कराना है, जिससे वे अपने प्रोफाइल में एक नई योग्यता को जोड़ सकें और अपने करियर में उन्नति करके देश और विदेशों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकें।

यह प्रशिक्षण अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के

**▸ पहले चरण में लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी समेत 9 जिलों में शुरू होगा प्रशिक्षण**

विशेषज्ञ संकाय द्वारा दिया जाएगा और इसका पूरा खर्च यूपी कौशल विकास मिशन के द्वारा वहन किया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र इन सभी जिलों में आयोजित किए जाएंगे, जिसकी कुल अवधि 192 घंटे होगी। इनका संचालन सप्ताहांत वीकेंड में किया जाएगा। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा,



कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम उन छात्रों और प्रोफेशनल्स के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है जो अपने नियमित कामकाजी घंटों के अलावा अपने भाषा कौशल को बढ़ाना चाहते हैं। इसमें इंजीनियरिंग, पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन के स्नातक छात्र और फ्रांस, कनाडा जैसे फ्रेंच भाषी देशों में रोजगार की इच्छा रखने वाले नर्सिंग और हेल्थकेयर पेशेवर शामिल हैं।

विश्वविद्यालय की विशेषज्ञ फैकल्टी प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के लिए जिलों का दौरा करेंगे। इसके माध्यम से छात्रों और प्रोफेशनल्स को अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे और साथ ही उनकी स्किल में भी इजाफा होगा।

पहले चरण में 9 जिलों में इसकी शुरुआत की जा रही है, लेकिन मांग बढ़ने पर अन्य जिलों में भी इस तरह के कोर्स संचालित किए जा सकते हैं। कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि सीटों की सीमित उपलब्धता को देखते हुए, यह पहल प्रारंभिक रूप से नौ जिलों में शुरू की जा रही है।

इच्छुक छात्र और प्रोफेशनल्स यूपीएसडीएम के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। जिलाधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने जिलों के संबंधित संस्थानों के छात्रों को इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे बिना कोई पैसा खर्च किए या फीस का भुगतान किए मुफ्त में विदेशी भाषाओं में प्रशिक्षित हो सकें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।

# बिना बताये ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे 17 डॉक्टरों की बर्खास्तगी के निर्देश

**▸ चिकित्सकीय सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले किसी भी चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी को क्षमा नहीं किया जाएगा : डिप्टी सीएम**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बिना बताये ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे अलग- अलग जिलों के 17 चिकित्साधिकारियों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश गुरुवार को जारी किए गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने यह निर्देश प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए हैं।



जिसके बाद 17 चिकित्साधिकारियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। साथ ही तीन चिकित्साधिकारी पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की गई है। जनमानस की सेवा का दायित्व मिलना व स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना सौभाग्य है, मरीजों की सेवा ईश्वर की सेवा है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता का कोई स्थान नहीं है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का कहना है कि चिकित्सकीय सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले किसी भी चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी को क्षमा नहीं किया जाएगा। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बेहद संवेदनशील हैं। प्रदेश की जनता को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग में व्यापक स्तर पर कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को लंबे समय से चिकित्सकीय सेवाओं से गैरहाजिर रहने वाले 17 चिकित्सकों को ड्यूटी से बर्खास्त कर दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### बच्चे को कुत्ते ने काटा, पिता ने थाने में दी तहरीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई इलाके की एक कालोनी में पालतू कुत्ते ने एक सात साल के बच्चे को काट लिया। बच्चे के पिता जब शिकायत लेकर जिसका कुत्ता था उसके पास पहुंचे तो उसने डांटकर भगा दिया। परिवार वाले बच्चे को अस्पताल ले गए जहां उसका इलाज कराया गया। पीड़ित के पिता ने थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि कुत्ते ने पहले भी गांव के कई लोगों पर हमला कर घायल कर चुका हैं। कल्ली पश्चिम के जगत खेड़ा में स्थित आनंद बिहार कालोनी में रहने वाले संजय तिवारी ने पुलिस को लिखित शिकायत कर बताया कि मोहल्ले में ही रहने वाले शिवपूजन सिंह ने एक पालतू कुत्ता रखा है। वह अक्सर खुला रहता है। उन्होंने बताया कि उनका 7 साल का बेटा दिव्य घर के बाहर खेल रहा था। कुत्ता अचानक आया और हमला कर दिया। बेटा गिर गया तो पीठ और पैर समेत कई जगहों पर काटा। बच्चे के पिता संजय ने बताया कि जब वो शिवपूजन (जिसका कुत्ता है) उनके पास शिकायत करने गए उसने लड़ाई किया और घर से डांटकर भगा दिया। यहां रहने वाले स्थानीय निवासी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि कई बार कुत्तों के आतंक से बचने के लिए नगर निगम की टीम को शिकायत दर्ज कराई गई। लेकिन टीम यहां पर आती नहीं है। उन्होंने कहा कि रात को 9:00 के बाद तो अगर कोई बाइक सवार यहां से गुजरे तो कुत्ते दौड़ा लेते हैं और कई बार इसी चक्कर में लोग अपनी बाइक से गिर भी जाते हैं।

### ऑनलाइन अटेंडेंस के खिलाफ शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में शिक्षकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। इसके लिए यूपी सरकार ने आनलाइन हाजिरी की व्यवस्था की है। ऑनलाइन अटेंडेंस को लेकर प्रदेश सरकार ने स्कूलों में 2 लाख 9 हजार 863 टेबलेट्स का वितरण कराया है। दरअसल, इन्हीं टैबलेट्स पर अपलोड सभी आनलाइन पंजिकाओं पर शिक्षकों को काम करना है। साथ ही उपस्थिति पंजिका पर आनलाइन हाजिरी भी लगानी है। लेकिन प्रदेश भर में शिक्षक इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती है तब तक वह आनलाइन उपस्थिति नहीं दर्ज करायेंगे। बता दें कि पिछले चार दिनों से शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। शिक्षकों की उपस्थिति आनलाइन होनी चाहिए या नहीं इस पर जब अमृत विचार ने आम लोगों से प्रतिक्रिया ली तो लोगों ने सरकार के इस कदम को सराहनीय बताया है।

### ट्रक पलटने से हाईवे पर लगा भीषण जाम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के अयोध्या बाईपास गुरुवार की सुबह एक आलू लदा ट्रक ट्राल से टकराकर पलट गया। ट्रक पर लदी आलू की 200 से अधिक बोरियां सड़क पर बिखर गईं। सड़क पर भारी जाम लग गया। मौके पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने हाईड्रा बुलाकर ट्रक को हटवाया। सड़क पर बिखरी आलू की बोरियों को हटवाया गया। हादसे के बाद भारी जाम लग गया। यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। ट्रैफिक कंट्रोल की टीम जाम का अपडेट लेती रही। ट्रैफिक इंस्पेक्टर गोमती नगर विपिन कुमार पांडेय ने बताया कि जाम की स्थिति बन गई थी। इसके बाद गाड़ियों का डायवर्जन लागू किया। उन्होंने बताया कि किसान पथ की तरफसे बाराबंकी जा रही गाड़ियों को आगे माटियारी अंडरपास से डायवर्ट किया गया। जिससे ट्रैफिक सामान रूप से चालू हो सका।

### इटौंजा में गोमती का पानी गांवों में पहुंचा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इटौंजा क्षेत्र में लासा गांव, अकडरिया कला और सुल्तानपुर गांव में गोमती नदी का पानी पहुंच गया है। पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। वहीं, कोटेदार के यहां पहुंचने वाला राशन भी ट्रक चालक ने बीच सड़क ही उतार दिया और चला गया। इसके बाद ट्रैक्टर से राशन की ढुलाई की गई। लोग भी आने जाने के लिए ट्रैक्टर का इस्तेमाल कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार बीते बाकी सीजन की अपेक्षा इस बार बरसात कम हुई है। बीते 24 घंटे में 6.7 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है । 1 जून से अभी तक लखनऊ में 130.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि औसत बारिश 149.9 मिमी है। जो सामान्य से काफी कम है। हालांकि आने वाले दिनों में मौसम विभाग ने भारी बारिश का अनुमान लगाया है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार से लखनऊ में भारी बरसात की संभावना है। जिसकी वजह से तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में भारी बारिश के आसार बन रहे हैं।

### राशनकार्ड लाभार्थियों के डाटाबेस में आधार सीडिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में वास्तविक राशनकार्ड लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित करने हेतु समस्त राशनकार्डों में प्रत्येक सदस्य की आधार सीडिंग का कार्य कराया जा रहा है। प्रदेश में 3.61 लाख राशनकार्ड प्रचलित हैं तथा उनसे सम्बद्ध यूनिट की संख्या लगभग 15.11 करोड़ है। प्रदेश स्तर पर राशनकार्ड डाटाबेस में उनके आधार फीडिंग के उपरान्त यूआईडीएआई के माध्यम से आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण किया जा रहा है।खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में 15.10 करोड़ से अधिक सदस्यों का आधार सत्यापन हो चुका है। सदस्य स्तर पर 99.95 प्रतिशत सदस्यों का आधार सीडिंग का कार्य किया जा चुका है।

# प्रदेश कार्यसमिति के बाद संगठनात्मक चुनाव करायेगी भाजपा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा 14 जुलाई को लखनऊ के डॉ.राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद संगठनात्मक चुनाव शुरू करायेगी। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का उद्घाटन 14 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। प्रदेश कार्यसमिति में ही भाजपा के आगामी कार्यक्रमों व सदस्यता अभियान पर चर्चा होगी। सदस्यता अभियान कराने के बाद मण्डल व जिला का निर्वाचन होगा।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर गुरुवार को प्रदेश कार्यसमिति की तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोजन की तैयारी व प्रतिनिधियों के स्वागत व यातायात जैसे प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। तैयारी बैठक




**▸ प्रदेश कार्यसमिति के संबंध में भाजपा की तैयारी बैठक संपन्न**

में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा व महानगर अध्यक्ष कमलेश मिश्रा के अलावा क्षेत्रीय व लखनऊ महानगर के जनप्रतिनिधि व प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लखनऊ में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के निमित्त पूरे शहर में बड़ी-बड़ी होर्डिंग व बैनर लगाये जायेंगे। विधायक व भाजपा नेताओं को शहरों में होर्डिंग लगाने को कहा गया है। वहीं कार्यक्रम स्थल डा. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के रास्ते पर बड़ी-बड़ी होर्डिंग लगाई जायेगी। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लखनऊ में प्रदेश कार्यसमिति हो रही है। यह आयोजन कैसे सफलतापूर्वक संपन्न हो यह हम सब लोगों की जिम्मेदारी है। इसलिए जिसको जो जिम्मेदारी दी जाय उसका ठीक ढंग से निर्वहन करना है।

### बेदी राम को तो सपा ने मेरे पास भेजा : ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुहेदलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



और गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर पेपर लीक मामले में फंस रहे विधायक बेदी राम की पैरवी की थी, अब उसी विधायक बेदी राम को ओमप्रकाश राजभर समाजवादी पार्टी का आदमी बता रहे हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि विधायक बेदी राम के न्यायालय में सुनवाई एवं तारीख की कोई जानकारी नहीं है। बेदी राम को तो समाजवादी पार्टी ने मेरे पास भेजा था। विधानसभा चुनाव के वक्त बेदी राम और अन्य चेहरों को समाजवादी पार्टी ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से चुनाव लड़वाया था।

# इनेलो-बसपा मिलकर लड़ेंगी हरियाणा विधानसभा चुनाव : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बसपा प्रमुख मायावती ने गुरुवार को घोषणा की कि हरियाणा में होने वाला विधानसभा चुनाव उनकी पार्टी इण्डियन नेशनल लोकदल के साथ मिलकर लड़ेगी। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि हरियाणा में होने वाला विधानसभा चुनाव बहुजन समाज पार्टी और इण्डियन नेशनल लोकदल मिलकर वहां की जनविरोधी पार्टियों को हराकर, अपने नये गठबंधन की सरकार बनाने के संकल्प के साथ लड़ेंगे। इसकी घोषणा मेरे आशीर्वाद के साथ आज चंडीगढ़ में संयुक्त प्रेसवार्ता में की गयी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा, इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला तथा बसपा के आनन्द कुमार, राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनन्द और पार्टी



के राज्य प्रभारी रणधीर बेनीवाल की आज हुई प्रेसवार्ता से पहले दोनों पार्टियों के बीच नई दिल्ली में मेरे निवास पर गठबंधन को लेकर सफल वार्ता हुई। मायावती ने कहा, हरियाणा में सर्व समाज-हितैषी जन कल्याणकारी सरकार बनाने के संकल्प के चलते इस गठबंधन में एक-दूसरे को पूरा सम्मान देकर सीटों आदि के बंटवारे में पूरी एकता व सहमति बन गई है। मुझे उम्मीद है कि यह आपसी एकजुटता जन आशीर्वाद से विरोधियों को हरा कर नई सरकार बनाएगी। हरियाणा में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# मुख्य सचिव ने की नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने गुरुवार को नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में जल निकासी से सम्बन्धित नाले-नलियों तथा सीवरेज की नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी हाउसहोल्ड को सीवरेज लाइन से कनेक्ट करने की कार्यवाही की जाए।

उन्होंने कहा कि बरसात में पानी निकासी में किसी भी प्रकार के अवरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा। सीवरेज लाइन की वजह से सड़क धसने की घटनायें न हों, इसके लिए प्लान तैयार किया जाये। लापरवाह कॉन्ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जलभराव होने की स्थिति में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। सभी निकायों में सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

**बारिश में जल निकासी में अवरोध स्वीकार नहीं**

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को जल निकासी से सम्बन्धित नाले-नलियों तथा सीवरेज की नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी हाउसहोल्ड को सीवरेज लाइन से कनेक्ट करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि बरसात में पानी निकासी में किसी भी प्रकार के अवरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा। सीवरेज लाइन की वजह से सड़क धंसने की घटनाएं न हों, इसके लिए प्लान तैयार किया जाये। लापरवाह कॉन्ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। जलभराव होने की स्थिति में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। सभी निकायों में सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास अजय कुमार शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से 21 जनहानि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में बारिश और आकाशीय बिजली के कहर से कई जिले प्रभावित हुए हैं। राज्य के अलग-अलग जनपदों में चौबीस घंटे के भीतर 21 लोगों की जान जा चुकी है। आकाशीय बिजली से 18, डूबने से दो और एक की मौत सर्पदंश से हुई है।

सबसे ज्यादा मौतें प्रतापगढ़ में हुई है। यहां पर अलग-अलग थाना क्षेत्र में 10 लोगों की जान गई है। जिला प्रशासन के मुताबिक, जनपद में कंधई थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में धान के फसल की रोपाई कर रहे किसान अर्जुन (45) उसकी पत्नी सुमन (42) और कंधई के अमहरा गांव की राम प्यारी (48), हमीरपुर नीम डबहा गांव निवासी विजय कुमार वर्मा (40), तिलहर डेरवा गांव निवासी आराधना (50), सैफू का पुरवा गांव निवासी अधिवक्ता पंकज तिवारी (38), अतौरिया गांव निवासिनी कांति (20) की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से जान चली गई हैं। इसी तरह मनार गांव शिव पटेल (25), अशोगी गांव के गुड्डू सरोज (38) और संग्रामगढ़ नया का पुरवा गांव के राम स्वरूप (65) की भी आकाशीय बिजली गिरने से मौत हुई है।

इसके अलावा चंदौली जनपद में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने



से उसकी चपेट में आकर चौबेपुर के बभनपुरा गांव निवासी रूपलाल (52), पन्नू साहनी (32) और दो मछुआरों की मौत हुई है, जो कुंडा गांव के रहने वाले थे। वहीं 12 लोग झुलसे हुए हैं। इसके साथ वाराणसी में दो, गाजीपुर-इटावा में एक-एक लोगों की मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई है। गाजीपुर में नौ इटावा में एक व्यक्ति झुलस गए, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

राहत विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि शासन के निर्देश पर पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहयोग के निर्देश जिलाधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही आपदाओं से बचाने के लिए अधिकारी एवं कर्मचारी गांव-गांव में चौपाल लगा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में चौबीस घंटे में 2.3 मिमी औसत वर्षा हुई है, जो सामान्य वर्षा से 8.6 मिमी के सापेक्ष 26.7 प्रतिशत है। इस प्रकार एक जून से 10 जुलाई तक 213.2 मिमी वर्षा हुई है। प्रदेश के कुल 12 जिलों के 633 गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं।

# ऑनलाइन गेम से बच्चों के मस्तिष्क व आंखों पर पड़ रहा असर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

ऑनलाइन गेम से बच्चों के समय की बर्बादी होती है तथा स्वास्थ्य पर खासकर मस्तिष्क एवं आंखों पर इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इससे बच्चे समाज से दूर होते जा रहे हैं तथा डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। इस संबंध में अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जागरूकता अभियान चला रहा है।

ग्राहक पंचायत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि शोषण मुक्त समाज ग्राहक पंचायत का संकल्प है। उन्होंने बताया कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, उपभोक्ता मंत्रालय

ग्राहकः एव राजा
अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत

एवं विधि मंत्रालय जैसे तीन केंद्रीय मंत्रालय को तथा केंद्रीय कंज्यूमर प्रोटक्शन अथॉरिटी नई दिल्ली सी.सी.पी.ए. को पत्र लिखकर ऑनलाइन गेम के दुष्प्रभाव की गंभीरता से अवगत कराया गया तथा इस पर सख्त कदम उठाने के लिए आग्रह किया गया है। क्षेत्र संगठन मंत्री ने बताया कि फिल्म स्टार एवं खेल स्टार जोकि समाज एवं युवा पीढ़ी के आदर्श हैं तथा इसका भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, उनको पत्र लिखकर इस प्रकार के विज्ञापन का विरोध किया गया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन गेम पर कोई कठोर कानून अभी तक नहीं बना है, जिस कारण बड़े-बड़े एक्टर व स्पोर्ट्स स्टार लॉटरी की तरह कमाई का प्रचार करके समाज के भोले भाले लोगों को प्रभावित कर रहे हैं, जिसका वातावरण पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि युवा पीढ़ी ऑनलाइन गेम की लती होती जा रही है। मोबाइल से दूर रखना ही उनके अच्छे भविष्य लिए आवश्यक है, यदि युवा पीढ़ी को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होना है तो उन्हें कम से कम मोबाइल व सोशल मीडिया पर लगाना चाहिए।

### योगी सरकार ने पांच अधिकारी-कर्मचारियों को किया निलंबित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। फिरोजाबाद के सिरसागंज तहसील में अवैध तरीके से जमीन हड़पने के मामले में 5 अधिकारी और कर्मचारी निलंबित कर दिए गए हैं। उपजिलाधिकारी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और रीडर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। शासन की ओर से विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ सभी के खिलाफ एफआईआर कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सतर्कता विभाग की ओर से सभी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के भी निर्देश दिए गए हैं।

**सख्ती** | **एआई व एम चेक ऐप के जरिए अबतक 316 करोड़ रुपये से अधिक शमन शुल्क की हुई वसूली**

# एआई से अवैध खनन के परिवहन पर अंकुश लगा रही सरकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शासन व्यवस्था को नयी तकनीक से जोड़कर किये जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम दिखने लगा है। प्रदेश में अवैध खनन और इसके परिवहन के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान में भी नई तकनीक का बड़े स्तर पर उपयोग किया जा रहा है। इसके नतीजे भी असरकारी दिखाई दे रहे हैं। योगी सरकार के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा मानव रहित एआई और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित चेक गेट की स्थापना से अवैध खनन और इसके परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिल रही है। बीते लगभग सवा दो साल में अबतक 24 हजार से अधिक मामलों में एआई, आईओटी और एम चेक ऐप के माध्यम से इन्फोर्समेंट की कार्रवाई को अंजाम दिया जा चुका है। वहीं इस दौरान 316 करोड़ से अधिक का शमन शुल्क भी वसूला गया है। अवैध खनन और इसके परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए हर जिले में आठ टीमें गठित की गई हैं।

**25 जिलों में 55 एआई आधारित चेकगेट**

वर्तमान में आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (एआई) जहां उद्योग, व्यापार, शिक्षा और मनोरंजन सहित विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त दखल रखने लगा है तो इसका उपयोग अब अवैध खनन और इसके परिवहन के खिलाफ अभियान में भी हो रहा है। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 25 जिलों



में प्रमुख मार्गों पर 55 मानव रहित एआई एवं आईओटी आधारित चेक गेट स्थापित किये गये हैं। इन चेक गेट पर लगे हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से यहां से होकर गुजरने वाले खनिज वाहनों के परिवहन प्रपत्रों की वैधानिकता की जांच रियल टाइम बेसिस पर हो जा रहा है। ये चेकगेट हॉटस्पॉट लोकेशन पर लगाए गये हैं।

यही नहीं सभी चेक गेट विभाग के निदेशालय सहित कमांड सेंटरों के साथ ही जिला स्तर पर बनाए गये कमांड सेंटरों से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा एम चेक ऐप से भी अवैध खनन और उसके परिवहन पर प्रभावी लगाम लगाने में कामयाबी मिली है। एम चेक ऐप एक एंड्रॉयड आधारित मोबाइल अप्लीकेशन है जो खनिज परिवहन प्रपत्रों की स्कैनिंग करने, वाहन से संबंधित आंकड़े प्राप्त करने, प्रोसेसिंग करने एवं वायरलेस ट्रांसमिशन की सुविधाओं से युक्त है। इसके अलावा प्रदेश के प्रत्येक जिलों के जनपदीय अधिकारियों को आरएफआईडी हैंड हेल्ड रीडर उपलब्ध कराए गये हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2022-23 में एआई के जरिए 9092 मामलों में इन्फोर्समेंट की कार्रवाई हुई, जिसमें 38.48 करोड़ रुपये वसूले गये। इसी प्रकार 2023-24 में 13374 मामलों में कार्रवाई हुई जिससे 53.07 करोड़ रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। वहीं इस वित्तीय वर्ष में जून माह तक 1865 मामलों में इन्फोर्समेंट की कार्रवाई की गई है, जिससे 6.51 करोड़ रुपये शमन शुल्क वसूला गया है। दूसरी तरफ एम चेक ऐप के जरिए भी 2022-23 में 19190 प्रकरणों में प्रवर्तन की कार्रवाई की गई और 80.07 करोड़ रुपये शमन शुल्क वसूले गये। 2023-24 में प्रवर्तन की 26606 कार्रवाइयां हुईं, जिससे 108.60 करोड़ रुपये वसूले गये। वहीं इस वित्तीय वर्ष में जून माह तक 7546 मामलों में इन्फोर्समेंट की कार्रवाई हुई, जिससे 30.13 करोड़ रुपये वसूले गये हैं। विभाग द्वारा अबतक कुल 316.86 करोड़ रुपये के शमन शुल्क की वसूली की जा चुकी है।

# सौतेले पिता ने बेटे को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

ठाकुरगंज थाना अंतर्गत फरीदीपुर में गुरूवार दोपहर एक सौतेले पिता ने बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी को हिरासत में लेकर बेटे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस हत्यारोपी पिता से पूछताछ कर रही है। वहीं, इस घटना के बाद से बच्चे की मां अपने पारिवारिक सदस्यों के संग मिलकर हत्यारोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग कर रही है। पुलिस कई पहलुओं पर मामले की तस्दीक कर दी है।

एसीपी चौक राजकुमार के मुताबिक, ठाकुरगंज के फरीदीपुर लालाबाग निवासी शिव शक्ति मिश्र उर्फ मोनू मिश्र रंगाई-पुताई का काम करता है। पहली पत्नी की मौत के बाद वर्ष 2017 में उनसे काजल से शादी की

**▸ पुलिस ने हत्यारोपी को हिरासत में लेकर बेटे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

थी। वहीं, काजल की भी दूसरी शादी शिव शक्ति से हुई थी। शादी के बाद काजल के बेटे प्रिंस (06) के साथ किराए के मकान में रहने लगी थी। पड़ोसियों ने बताया कि दंपति के बीच आए-दिन किसी न किसी बात लेकर झगड़ा होता था। गुरुवार दोपहर दंपति के बीच फिर से बहस शुरु हो गई। इसके बाद शिव शक्ति ने बेटे प्रिंस की बुरी तरह से पिटाई कर दी। पिता की पिटाई से प्रिंस अधमरा हो गया।

मां काजल ने बताया कि वह बेटे को बचाने की कोशिश करने लगी, बावजूद इसके पति बेटे को बुरी तरह से पीटता रहा। जब बेटा बेसुध हो गया तब वह उसे लेकर नजदीकी अस्पताल में पहुंची। जहां डॉक्टरों ने बच्चे को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया।

प्रिंस की मौत के बाद मां ने परिजनों को मामले की जानकारी देते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। वारदात की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी पिता को हिरासत में लेकर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि घरेलू विवाद के चलते सौतेले पिता ने बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। वहीं पुलिस हत्यारोपी से पूछताछ करने में जुटी है। जबकि, बच्चे की मां और उसके मायके वाले हत्यारोपी पिता पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग कर रहे हैं।

# जनपद में बाढ़ को लेकर तैयारी पुख्ता : डीएम

लोगों को बाढ़ से बचने के उपाय के प्रति किया जाए जागरूकः उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में जिले में सम्भावित बाढ़ से निपटने के लिये जिला प्रशासन द्वारा की गयी तैयारी की राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष योगेंद्र डिमरी द्वारा समीक्षा की गई। जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारी को विस्तार से समझाया, साथ ही सीएमओ डीपीआरओ तथा सीवीओ द्वारा अपने-अपने विभागों से की गई तैयारी के संबंध में उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को बताया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने आश्वासन दिलाया कि जनपद में बाढ़ को लेकर तैयारियां पुख्ता है। उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी विभाग एक टीम की तरह कार्य कर रहे हैं जिससे बाढ़ से निपटने में बेहतर रणनीति बनाई जा सकेगी। लोगों को आपदा के विषय में जागरूक किया जाए। सब लोग दामिनी व सचेत ऐप डाउनलोड करें।

उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में लोगों को आपदा से बचाने हेतु व्यवस्था की जाए। बाढ़ आने पर कोई भी जनहानि ना हो सर्वप्रथम इसको सुनिश्चित किया जाए। लोगों को ऊंचे स्थान पर ले जाया जाए। ग्राम वासियों को बाढ़ आने पर उठाए जाने वाले महत्वपूर्ण कदम के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के सभी विभाग मिलकर काम करें जिससे की बाढ़ में कोई भी जनहानि न हो। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उपजिलाधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीपीआरओ, सीवीओ, एक्सईएन बाढ़ खण्ड जय सिंह, एई बाढ़ खण्ड अमरेश सिंह, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह, समस्त बीडीओ व अन्य संबंधित कर्मचारीगण उपस्थित है।

# सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन



गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अफ़ज़ल ख़ान के नेतृत्व में आने वाले दिनों में विभिन्न धर्मों के त्योहार मोहर्रम और सावन को देखते हुए नगर में बिजली ,पानी ,जलभराव स्ट्रीटलाइट व सड़कों पर लटक रहे पेड़ो की टहनियों और बिजली के तारो को साफ़ कराने नगरपालिका के अंतर्गत सभी मोहल्लें में जलनिकासी और नालों को दुरुस्त कर वाटरसप्लाई से आ रहे। पानी की बेहतर व्यवस्था कराए जाने के लिए पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को संबोधित नगर मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा और इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे जिसमें डॉ उस्मान (जिला उपाध्यक्ष )मोहम्मद इसराइल जिला उपाध्यक्ष ,फतेह खान जिला उपाध्यक्ष,शाहिद अली कुरैशी विधानसभा कोडिनेटर मोहम्मद रईस ख़ान नगर महासचिव,जावेद मंटू प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, फरहान रईस ख़ान(एडवोकेट)फ़ैसल ख़ान (एडवोकेट)कोषाध्यक्ष,डॉ आसिफ़ परवेज़ जिला सचिव समाजवादी पार्टी,मुस्ताक अहमद नगर सचिव, मोहम्मद शरिक जिला सदस्य, शदाब अहमद,मोहम्मद शाहिद ख़ान जिला सदस्य, रियाज़ अहमद जिला सदस्य, मौजूद रहे।

# रुपईडीहा को मिला एक और चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट



रुपईडीहा,बहराइच समृद्धि न्यूज़। रुपईडीहा को एक और चार्टर्ड एकाउंटेंट मिला। इससे पहले भी एक चार्टर्ड एकाउंटेंट मिल चुका है। जिले के श्री सनातन संस्कृत महाविद्यालय रुपईडीहा के सेवानिवृत्त शिक्षक मनीराम शर्मा के पुत्र आशीष शर्मा ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। आशीष के सीए बनने पर रुपईडीहा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ उमाशंकर वैश्य, आचार्य दया शंकर शुक्ल, नीरज, बरनवाल, राजेश सिंह, सुरेंद्र मेदेशिया, शेर सिंह कसौधन, सुशील बंसल, अनिल अग्रवाल, संजय वर्मा आदि समस्त शुभ चिंतको ने बधाई दी है व आशीष के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नहाने गए युवक की पानी में डूबने से मौत

मृतक के परिजनों ने युवक के साथ गये लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए दी तहरीर

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़



जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव के बाहर सोहिला तालाब से निकले नाले में नहाने गए एक अट्ठारह वर्षीय युवक की संदिग्ध हालात में पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने साथ गए लोगों पर युवक को मार डालने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है?। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव के रहने वाले अनुराग पाण्डेय के मुताबिक उसका छोटा भाई रोहित 18 वर्ष गुरुवार को गांव के बाहर स्थित सोहिला तालाब से निकले नाले में नहाने गया था?,उसके साथ गांव के कई अन्य लोग भी थे।

अनुराग का कहना है कि दोपहर करीब एक बजे गांव के ही एक युवक ने सूचना दी कि उसके भाई की मौत हो गई है,जब वह अपने परिजनों संग घटनास्थल पर पहुंचा तो उसके भाई को एक चारपाई पर लिटाया गया था। अनुराग अपने भाई को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुजेहना पहुंचा जहां डाक्टरों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया।

अनुराग का आरोप है कि भाई के साथ नहाने गए लोगों ने उसके भाई को मार डाला और मामले को छिपाने के लिए उसे पानी में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## रक्तदान करना सबसे बड़ा दान होता हैः डॉ. धीरेन्द्र तिवारी



विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में विशेश्वरगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ धीरेंद्र तिवारी ने लोगो से रक्तदान करने की अपील किया।

सीएचसी अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को जरुरतमंदों के लिए रक्तदान जरूर करना चाहिए। यह सबसे बड़ा दान होता है। कहा गया है कि रक्तदान महान होता है और हमारे दिए रक्तदान से किसी की जान भी बच सकती है।

अधीक्षक ने रक्तदान करने वालो को प्रशस्ति पत्र दिया।

गुरुवार को सीएचसी विशेश्वरगंज में आयोजित रक्तदान शिविर में अनिल,जमील मिश्रा,दिनेश मिश्रा,अभिषेक कुमार,वंदना देवी आदि ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस मौके पर विशेश्वरगंज सीएचसी अधीक्षक धीरेंद्र तिवारी,मेडिकल कॉलेज की टीम में डॉ दिवाकर वर्मा, संजय चौधरी , ज्ञानेंद्र वर्मा, नूर मोहम्मद, हेमंत निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# लायंस क्लब गोंडा अवध ने किया वृहद पौधरोपण

गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।

ग्लोबल वार्मिंग और लगातार कम हो रही ऑक्सीजन जैसी समस्याओं को देखते हुए लायंस क्लब गोंडा अवध ने लायनिस्टिक वर्ष 2024- 25 के लिए वर्ष भर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम करने का लक्ष्य रखा है। इसी क्र म में आज डुमरिया डीह के राजा देवी बख्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय में बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं जोन चेयरपर्सन लायन अनिल अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का सबसे बड़ा आधार है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह कम से कम एक वृक्ष रोपित करना ही चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम के चेयरपर्सन लायन परमेश्वर नेवटिया ने बताया कि हर वर्ष की तरह वृक्षारोपण कार्यक्रम क्लब के मुख्य एजेंडा में शामिल किया गया है एवं क्लब द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को शत प्रतिशत पूरा करने का प्रयास करूंगा। रीजन चेयरपर्सन लायन सुनील नेवटिया ने क्लब द्वारा वर्तमान वर्ष में किए जाने वाले सेवा कार्यों के बारे में बताया एवं अपने सानिध्य में सभी कार्यों को कार्यान्वित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में नि वर्तमान अध्यक्ष लायन बी पी पासवान, लायन जितेंद्र गोयल, महाविद्यालय प्रशासन के आशीष तिवारी, अखिलेश चतुर्वेदी, संतोष व पी के सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर सचिव एवं महाविद्यालय के प्रबंधक लायन रमेश सिंह ने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# परसपुर से धर्मनगर मार्ग बदहाली का शिकार, जिम्मेदार मौन



गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।

तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत परसपुर ब्लॉक मुख्यालय से धर्मनगर मार्ग की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। यह मार्ग कई जगहों पर जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो गया है,जो किसी भी अनहोनी को दावत दे रहा है। धर्मनगर के क्षतिग्रस्त मार्ग पर गिरकर राहगीरों के चोटिल होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि परसपुर ब्लॉक मुख्यालय से जिला मुख्यालय जाने के लिए धर्मनगर होकर यह मार्ग सबसे आसान है।

प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों, बाइक सवार राहगीरों और स्कूली बच्चों का आवागमन इस मार्ग से होता है। परंतु इस मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यह अब अपने कायाकल्प की बाट जोह रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब डेढ़ दशक पूर्व विश्व बैंक के तहत निर्मित हुई यह सड़क अब जर्जर हो चुकी है।

**गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे राहगीर, जिम्मेदार बने मौन**

इस प्रकार परसपुर से धर्मनगर मार्ग अपने कायाकल्प की प्रतीक्षा में है और जल्द ही इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव हो सके।

परसपुर ब्लॉक मुख्यालय से मधईपुर, खाण्डेराय, बरवन पुरवा, गलिबहा, धनौरा, मसौली, गोविन्द पुरवा, अंदुपुर, मलाव, पाण्डेय पुरवा, बैशन पुरवा, पयोली, बिलन्द पुरवा, निहाल पुरवा, कटैला, सुसुण्डा समेत दर्जनों मजरे के ग्रामीणों को पुलिस थाना, ब्लॉक, कॉलेज और कस्बा के लिए आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और विभागीय अफसर इस गंभीर समस्या पर मौन बने हुए हैं।

## खबरें एक नजर में

### विद्युत पोल के करंट से गौवंश की मौत

**कर्नलगंज/गोण्डा।** जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते विद्युत करंट लगने से एक गौवंश की दर्दनाक मौत हो गई।घटना गोंडा-लखनऊ राजमार्ग के किनारे स्थित विद्युत उपकेंद्र कर्नलगंज के सामने की है। गोंडा लखनऊ मार्ग से मंडी समिति कर्नलगंज को जाने वाले मार्ग व विद्युत उपकेंद्र के बाउंड्रीवाल के किनारे लोहे का विद्युत पोल स्थापित है। बुधवार की सुबह एक स्वस्थ गाय चरते हुए विद्युत पोल के पास पहुँच गई। जहां विद्युत करंट लगने से उसकी मौत हो गई। यही नही उसका शव सुबह से शाम तक उसी स्थान पर पड़ा रहा। लेकिन विद्युत विभाग का कोई कर्मचारी वहां नही पहुंचा। इस तरह विद्युत कर्मियों की उदासीनता लोगों की जान ले सकती है।उप खंड अधिकारी ने बताया कि घटना संज्ञान में नही है।

### भारत विकास परिषद ने मरीजों को बांटे फल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष दस जुलाई को भारत विकास परिषद अपना स्थापना दिवस मनाता है, जिसके परिपेक्ष में भारत विकास परिषद जनपद के मेडिकल कालेज में भारत विकास परिषद व भा.वि. परिषद की सुहेलदेव शाखा दोनों के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से मिलकर इमरजेंसी वार्ड महिला वार्ड व चिल्ड्रेन वार्ड में सेब अनार केला और बिस्किट का मरीजों को वितरित किया इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक गुप्ता,अभिषेक गुप्ता,बैजनाथ रस्तोगी,शैलेंद्र गुप्ता,प्रदीप ड्रोलिया,सत्य प्रकाश जैसवाल बद्री जालान व काफी संख्या में भा.वि.प.परिषद के सदस्य और भा.वि.प.सुहेलदेव शाखा की अध्यक्ष ज्योती जायसवाल,अर्चना,रंजना सिंह,ममता स्वरूप,प्रतिभा सिंह,सुनीता गुप्ता,रागिनी शुक्ल,अमृता जायसवाल,रीता किशोर के साथ काफ़ी संख्या में सुहेलदेव शाखा के सदस्य उपस्थित रहे। भा.वि.परिषद के अध्यक्ष अशोक गुप्ता,सचिव सत्येंद्र निगम कोषाध्यक्ष प्रखर मित्तल ने स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद के सभी सद्स्य इसी तरह से समाजसेवा के कार्यों में सम्मिलित होना चाहिए और उपस्थिति सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष पर अंडहनपुरवा गांव में बीते दिनों जानलेवा हमला कर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसके विरोध में गुरुवार को पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। मिहींपुरवा तहसील के राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री वासु मद्धेशिया के नेतृत्व में एसडीएम संजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के अण्डहनपुरवा गांव में राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष हेमंत वर्मा के ऊपर धार-धार हथियार से हमला किया गया। उसके बाद बंधक बनाकर पेट्रोल डाल दिया गया। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गईं। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री वासु मद्धेशिया ने बताया कि उन सभी लोगों पर मुकदमा दर्ज हो गया है, लेकिन उनको गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया है। ऐसे में सभी ने नामजद लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की।

# जिला विद्यालय निरीक्षक से भेंट कर शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण की उठाई मांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपदीय पदाधिकारियों का एक शिष्ट मंडल जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार से भेंट कर जनपद के शिक्षकों की ओर से उनका स्वागत किया। और जनपद के शिक्षकों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए उनके यथाशीघ्र निस्तारण की मांग की।

अवशेष मंहगाई भत्ता, मूल्यांकन पारिश्रमिक के भुगतान, 31 मार्च को अवकाश ग्रहण किये शिक्षकों के देय अवशेषों , कतिपय प्रधानाचार्यों के हस्ताक्षर प्रमाणित करने, एनपीएस की कटौती खाते में शो करने, शिक्षकों और संघ के पदाधिकारियों से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा उनकी गरिमा के अनुरूप व्यवहार करने आदि बिन्दुओं पर चर्चा के उपरान्त नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक ने इनके शीघ्र निदान का आश्वासन दिया। सरकार और शासन के मानस के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया। शिष्टमंडल में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, जिला मंत्री शशीन्द्र कुमार पाठक, जिला कोषाध्यक्ष डॉक्टर यशवंत सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बी एन सिंह, गिरवर प्रसाद त्रिपाठी तथा बृजेन्द्र कुमार शर्मा प्रधानाचार्य फखरपुर शामिल रहे।



## पड़ोसियों के ताने से परेशान महिला ने दी जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** ग्राम पंचायत गूढ़ निवासी महिला ने पड़ोसियों के ताने से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा कर जान दे दी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गूढ़ के मजरा निबिया गौढी निवासी लक्ष्मी देवी (25) पत्नी त्रिमोहन का विवाह थाना क्षेत्र के गायघाट से हुआ था। चार माह पहले पति की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई थी। जिस पर महिला अपने मायके रह रही थी। पिता ने खाने में तहरीर देकर बताया है कि इसका ताना पड़ोसी रीता पत्नी माखनलाल मैकू देते थे। साथ ही गरीब होने की बात कही। इससे परेशान होकर बेटी ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। महिला के मौत की सूचना पिता ने थाने में दी। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज किया जायेगा।

# पौधारोपण के लिए अभिभावकों को करें जागरूकः रेंजर

वन विभाग ने विद्यालय में किया पौधारोपण, बच्चों को बताया लाभ

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



शहर के बालिका विहान विद्यालय में बृहस्पतिवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सदर रेंज के आरएफओ ने शिक्षकों और छात्राओं के साथ पौध लगाया।

छात्राओं को पौधरोपण के लिए अभिभावकों को जागरूक करने की बात कही। शहर के हुजूरपुर रोड के निकट समाजशास्त्र विभाग की ओर से बालिका बिहान विद्यालय का संचालन होता है। विद्यालय में बृहस्पतिवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सदर रेंज के वन आरएफओ शुएब खान रहे। उन्होंने वार्डन प्रिया प्रसाद के साथ विद्यालय के खाली जमीन में विभिन्न प्रकार के फलों के पौध लगाए। छात्राओं को संबोधित करते हुए वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कि वर्तमान और आने वाला समय पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदायक बनता जा रहा है ऐसे में छात्राएं पौध लगाने के साथ अपने अभिभावक और ग्रामीणों को भी प्रेरित करें जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में पौध लग सके। वार्डन ने कहा कि ऑक्सीजन और मानव जरूरत की पूर्ति के लिए पौधों का होना बहुत जरूरी है। इस दौरान शिक्षिका रूमन देवी, निधि मिश्रा, अंकित समेत अन्य मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित जंगल गुलरिहा गांव पहुंची डीएम

डीएम ने बाढ़ प्रभावित व कटान प्रभावित ग्रामीणों को दिया हर संभव मदद का आश्वासन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के तहसील मोतीपुर अंतर्गत नया पंचायत कारीकोट के ग्राम पंचायत बड़खड़िया और जंगल गुलरिया ,सुजौली में पिछले दिनों पहाड़ी इलाकों और क्षेत्रीय इलाकों में लगातार हो रही बरसात के चलते घाघरा नदी ऊफान पर आ गई थी। जिसके चलते दो दर्जन के आसपास गांव में बाढ़ का पानी घुस गया था।

बाढ़ का पानी घटने के पश्चात कई जगह पर घाघरा नदी के कटान भी शुरू हो गई थी जिसका निरीक्षण करने और बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों की समस्याओं को जानने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी और डीपीआरओ, खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह, जेई विवेक वर्मा ग्राम पंचायत जंगल गुलरिहा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवकुमार निषाद ,ग्राम पंचायत बड़खड़िया प्रधान जयप्रकाश, ग्राम पंचायत सचिव दीपक चौधरी मौके पर पहुंचे। इस दौरान



जिलाधिकारी के द्वारा बाढ़ पीड़ित महिलाओं से बात की गई और उनके समस्याओं के बारे में पूछा गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने काफी दूर तक पैदल चलकर बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को जाना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्याओं के निराकरण के आदेश दिए।

विश्व जनसंख्या दिवस पर सीएचसी की ओर से निकाली गई जागरूकता रैली

# अधीक्षक बोले, संतुलित जनसंख्या ही समृद्ध समाज का आधार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में अधीक्षक डा. एनके सिंह के नेतृत्व में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण और इसके महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना था।

रैली में स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।रैली की शुरुआत स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज से हुई जो नगर पंचायत के प्रमुख मार्गों से होते हुए फिर केंद्र पर समाप्त हुई। रैली में शामिल लोग अपने हाथों में पोस्टर और बैनर लिए हुए थे, जिन पर जनसंख्या नियंत्रण के संदेश लिखे हुए थे। डॉ. एनके सिंह ने जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए परिवार नियोजन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि संतुलित जनसंख्या ही समृद्ध और स्वस्थ समाज का आधार होती है। इस दौरान परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों और सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

रैली के समापन पर डॉ. सिंह ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और जनसंख्या नियंत्रण में योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर बीपीएम आदित्य गुप्ता, बीसीपीएम राम प्रताप सहित एएनएम व आशा बहुएं आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने किया सीएचसी मुस्तफाबाद में उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्घाटन

जरवलरोड,बहराइच समृद्धि न्यूज।



गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद जरवल के प्रांगण में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनपद के प्रथम उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्घाटन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि उम्मीद परामर्श केंद्र जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मोबियस फाउंडेशन तथा पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के सहयोग से स्थापित किये जायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार द्वारा किया गया। रामबूझ सलाहकार मोबिउस फाउंडेशन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ संजय कुमार ने परिवार नियोजन में युवाओं,पुरुषों एवं नवदम्पत्तियों की भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करते हुए इनके महत्वपूर्ण भूमिका को सम्बोधित किया। इस अवसर पर बिजित रॉय प्रोग्राम लीड पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा अवगत कराया गया कि उम्मीद परियोजना के अंतर्गत मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से प्रदेश के सात जनपदों में उम्मीद परामर्श केन्द्रों की स्थापना नवीन प्रचार प्रसार सामग्री विकसित किया जाना,हेल्थ एंड वैलनेस केन्द्रों हेतु एफपी किट दिया जाना तथा फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग करवाना शामिल हैं।

## पखवाड़े में कई गतिविधियां जनसंख्या स्थिरता को प्राप्त करने में होंगी सहायक : डॉ. संजय कुमार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन बहराइच में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में डीसी–एनआरएलएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, और जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बहराइच ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने जनसंख्या स्थिरता की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियाँ जनसंख्या स्थिरता के उद्देश्य को प्राप्त करने में सहायक होंगी। इसके बाद डीसी–एनआरएलएम और जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने अपने संबोधन में परिवार नियोजन के महत्व और इसके लाभों पर चर्चा की। इस अवसर पर सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जनसंख्या स्थिरीकरण के संदेश को समुदाय तक पहुँचाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जाएगा। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसे जन–जन तक पहुँचाना है, ताकि देश में जनसंख्या स्थिरता के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

# रमणीय रायबरेली के नाम से होगा सौन्दीर्यकरण

**नगर पालिका के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग, विद्युत, आरडीए, एनटीपीसी,एनएचआई कर रहा है सहयोग**



**रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश के क्रम में नगर पालिका रायबरेली जनपद के सौन्दर्यकरण के लिए पूरी तरह कटिबंध नजर आ रही है। इसके लिए संबंधित विभागों के साथ मिलकर रोड मैप तैयार कर लिया गया है।

अपनी रायबरेली रमणीय रायबरेली के नाम से शहर को ब्यूटीफुल बनाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा सिविल लाइन चौराहा, राजघाट तिराहा,इलकारी बाई, डीएम रेजिडेंसी,राजघाट तिराहा, जिला हॉस्पिटल,गोरा बाजार, आईटीआई चौराहा, मुंशीगंज,भदोखर आदि स्थानों के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही इन स्थानों पर स्ट्रीट लाइट,सेल्फी प्वाइंट भी लगाए जाएंगे। इसी प्रकार नगर पालिका द्वारा ही सुपरमार्केट में प्रचार प्रसार के लिए एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की जाएगी। इन कार्यों में सहयोग के लिए रायबरेली विकास प्राधिकरण, एनटीपीसी,विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग को भी लगाया गया है। संबंधित विभागों को कार्य पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित कर दी गई है। जिनमें से कुछ कार्य तीन माह और कुछ कार्य छः माह के अंदर किए जाएंगे। डीएम आवास रोड के लिए रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा योगासन,सरकार की योजनाओं एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। नगर पालिका द्वारा ही 66 फुटा रोड,सारस होटल और बस स्टॉप सेंटर के पास रोड निर्माण और उसकी रिपेयरिंग का कार्य कराया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा त्रिपुला चौराहा से मुंशीगंज तक ग्रीन बेल्ट का निर्माण कराया जाएगा।

नगर पालिका द्वारा त्रिपुला, लखनऊ रोड, मुंशीगंज, प्रयागराज रोड, सुल्तानपुर रोड फ्लाईओवर,राजघाट,कानपुर रोड पर स्वागत गेट लगाए जाएंगे। विद्युत विभाग द्वारा सिविल लाइन एवं सर्वोदय नगर फ्लाईओवर के पास लाइटिंग और वॉल पेंटिंग का कार्य कराया जाएगा। नगर पालिका द्वारा जेल गार्डन रोड पर सब्जी और फलों के पटरी विक्रेताओं को उचित स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। डिग्री कॉलेज चौराहा, हाथी पार्क और रतापुर चौराहा पर वर्टिकल गार्डन का निर्माण कराया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सुल्तानपुर रोड फ्लाईओवर और सिविल लाइन से बरगद चौराहा तक स्ट्रीट पोल लाइटिंग कराई जाएगी। नगर पालिका द्वारा बरगद चौराहा,मामा चौराहा, फायर और विकास प्राधिकरण द्वारा शहीद स्मारक के दोनों तरफ उच्च प्रकाश स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। नगर पालिका द्वारा सभी प्रमुख बाजार स्थलों पर डस्टबिन रखे जाएंगे।

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लगाई फटकार



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बचत भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। समीक्षा का उद्देश्य विभागों द्वारा संचालित सेवाओं, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति जाना था। उन्होंने बारी-बारी से सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि कार्य को समय से पूरा किया जाए। साथ ही कहा कि कार्य गुणवत्ता परक होने चाहिए। जिलाधिकारी ने डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग ठीक नहीं होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी अधिकारी अपने कार्यों में उदासीनता दिखा रहे हैं पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि जो भी विकास कार्य कराये जा रहे है उनकी फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) अमृता सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी व कार्यदायी संस्थानों के कर्मचारी उपस्थित रहें।

## किसान ने की आत्मदाह की कोशिश, पुलिस पर लगाया आरोप



**रायबरेली।** मुख्यमंत्री किसान की आय दुगनी करने के लिए अधिकारियों को चाहे जितना नसीहत देते हो मगर रायबरेली के जिम्मेदार अधिकारी किसानों के मंसूबे पर पानी फेरते हुए नजर आ रहे है। ताजा मामला स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के गृह जनपद का है। जहाँ रायबरेली में एक किसान ने खेत की मेड़ के विवाद में उसके खिलाफ दर्ज मुकदमें में न्याय न मिलने पर किसान परिवार समेत धरने पर बैठा था। उसी दौरान उसने अपने साथ लाया डीजल की बोतल दिखाते हुए कहा कि उसका मुकदमा नहीं हटा तो वह खुद को जला लेगा। मेरे खिलाफ दर्ज हुआ हैं फर्जी मुकदमा - पीड़ित किसान मामला पुलिस तक पहुंचा तो उसके हाथ से डीजल भरी बोतल छीनी गई। पूरी घटना कलेक्ट्रट परिसर के डीएम हर्षिता माथुर के दफ्तर के सामने का है। मामला महाराजगंज थाना इलाके का है। यहां के रहने वाले किसान रामू का उनके खेत की मेड़ को लेकर पड़ोसी किसान से विवाद हुआ था। इसी मामले में रामू के खिलाफ महाराजगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। रामू का कहना है कि उसके खिलाफ मुकदमा गलत दर्ज हुआ है। सिटी मजिस्ट्रेट ने दिया कार्रवाई का आश्वासन मुकदमे को हटवाने के लिए पहले भी रामू कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठा था। आज फिर रामू अपने साथ डीजल भरी बोतल लेकर धरना देने पहुंच गया। जानकारी होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बोतल छीन ली। उधर सिटी मजिस्ट्रेट बाबू राम ने मौके पर तुरंत पहुंच कर किसान को समझाया बुझाया। और उचित कार्य कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# नुकसान से बचाव के लिए किसानों को फसलों का बीमा कराने के लिए किया जाए जागरूक: डीएम



**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैठक संपन्न**

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 में अधिसूचित धान, उर्द,ज्वार,अरहर,मुंगफली, केला,पान, मिर्च पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। खरीफ वर्ष 2024 के लिए फसलवार प्रस्तावित बीमित धनराशि एवं प्रीमियम की दरों पर उन्होंने चर्चा करते हुए कृषि उपनिदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि सूखा, बाढ़, ओला, भूस्खलन, तूफान, चक्रवात, जलभराव, आकाशीय बिजली आदि से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए किसानों को फसलों का बीमा कराने के लिए जागरूक किया जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की तीन वर्षों की प्रगति की भी समीक्षा की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्जित उपाध्याय, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार शर्मा, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय के अतिरिक्त सभी बैंकों के जिला समन्वय उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते मासूम की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कन्नावा गांव में करंट की चपेट में आने से एक आठ वर्षीय मासूम की मौत हो गई है। गुरुवार दोपहर मासूम रिमझिम पुत्री कमलेश अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच पोल से लटक रहे एक तार की चपेट में वह आ गई। कुछ ही पलों में वह झुलस गई। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया है। माजरा यह है कि बिजली विभाग का एक पोल विद्युत कर्मियों की लापरवाही के चलते एक ग्रामीण ने अपने दीवारों के बीच कर लिया है। पोल पर चढ़ने उतरने के लिए महज एक फुट की जगह बची है। इसी पोल से विद्युत सप्लाई का एक तार लटक रहा था जिसकी चपेट में बालिका आ गई और उसकी मौत हो गई। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## इंजन के पहिए के टायर में हवा भरते समय टायर फटा, युवक घायल

**बछरावां,रायबरेली।** बुधवार देर शाम खैरहनी गांव का रहने वाला शिवम पुत्र चंद्र किशोर उम्र लगभग 19 वर्ष खेतों में पानी लगाने के बाद इंजन को वापस अपने घर की ओर ला रहा था। तभी इंजन के पहिए के टायर में हवा कम होने के चलते पंचर की दुकान पर हवा भरवाने के लिए पहुंच गया। पंचर का दुकानदार किसी अन्य कार्य में व्यस्त था। जल्दबाजी के चलते युवक शिवम ने ही टायर में हवा भरने शुरू कर दी। टायर में हवा का दबाव ज्यादा हो जाने के चलते टायर अचानक फट गया। जिससे युवक उछलकर काफी दूर जा गिरा। तथा उसके हाथ व पैरों में गंभीर चोटे आ गई। गनीमत यह रही आसपास और कोई मौजूद नहीं था। एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार किया गया है।

# एसडीएम को भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



भारती किसान यूनियन अराजनैतिक ने उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता को ज्ञापन मांग पत्र सौंपते हुए मांग की रायबरेली रजबहा (दक्षिणी) की खुदायी के अभाव में पानी नहीं आ रहा है इससे संबंध कई माईनर जैसे सुल्तानपुर माईनर सलेथू माइनर शोरा माईनर नवीगंज माईनर जिहवा माईनर आज सूखी पड़ी है पानी के अभाव में राघौपुर असनी सुल्तानपुर सलेथू हसनपुर बरहुआं इन्दौरा जिहवा बावन बुजुर्ग बल्ला आदि ग्राम सभाओं के किसान पानी के अभाव में बहुत परेशान है जीविकापार्जन के साधन समाप्त हो रहा है इसलिए नहर के हेड से टेल तक अविलम्ब खुदायी करना आवश्यक है। शोरा माईनर को शारदा सहायक से जोड़ दिया जाए या रायबरेली राजबहा (दक्षिणी) के टेल को सही कराते हुए खुदायी कराई जाए। विद्युत उपभोक्ताओं के यहां लगे मीटरों से प्रतिमाह बिजली का बिल नहीं निकाला जाता जिससे बिजली की यूनिट लगातार स्टोरेज होती रहती है जब बिजली का बिल निकला जाता है तो उसका प्रतिमाह हजारों में होता है इसलिए प्रतिमा बिजली का बिल निकला जाय। ग्राम सभा राघौपुर में बिजली की आपूर्ति ओसाह पावर हाउस से हटाकर महराजगंज पावर हाउस से जोड़कर बिजली आपूर्ति कराई जाए क्योंकि राघौपुर के कुछ गांव महराजगंज पावर हाउस से जुड़े हैं।

नल जल योजना के तहत गांव में पाइप लाइनों को बिछाया गया जिसके कारण हर गांव में रास्ते को क्षतिपूर्ण कर दिया गया है आवागमन बाधित है जिसे अति शीघ्र ठीक कराया जाए बछरावां महराजगंज सड़क से सलेथू संपर्क रोड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है रोड गढ्ढों से युक्त होने के कारण लोगों का आवागमन कठिन है जिसको ठीक कराया जाना अति आवश्यक है।

## खबरें एक नजर में

### परिजनों से नाराज किशोरी ने की खुदकशी

**इटावा।** थाना इकदिल क्षेत्र के तहत परिजनों की किसी बात से क्षुब्ध होकर किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया। गांव अड्डा हड़ौली के रहने वाले प्रताप सिंह की 16 वर्षीय पुत्री नंदनी ने परिजनों की किसी बात से नाराज होकर घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस व फॉरेन्सिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोरी की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

### किसान शीतगृह से आलू निकाल कर कमा सकते है मुनाफा

**इटावा।** जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने समस्त कृषको को सूचित किया है कि आलू का बाजार भाव इस समय मण्डी में अच्छा चल रहा है। किसान शीतगृह से आलू निकाल कर अच्छा मुनाफा कमा सकते है। कुछ समय के बाद बाजार में अन्य प्रदेशों का आलू आना चालू हो जायेगा जिसके कारण आलू भाव में गिरावट आ सकती हैं इसलिए आलू भण्डारणकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपना आलू समय से शीतगृह से निकाल लें। जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह ने इस सम्बन्ध में शीतगृह स्वामियों को भी निर्देश दिये गये कि है कि वे अपने शीतगृह में रखे आलू की निकासी के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें तथा व्यापक प्रचार करें। जिससे किसानों को उनकी उपज का अच्छा भाव मिल सके। उन्होने कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए भण्डारण करने वाले कृषकों से दूरभाष पर एवं नोटिस के माध्यम से सम्पर्क कर आलू निकासी करने के लिए कहा जाये।अतः किसानों भाइयों से अनुरोध है कि वे अपना आलू शीतगृह से निकाले।

### सपा जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**इटावा।** जिला पंचायत सभागार में जिला सपा कार्यसमिति की बैठक को शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव सपा ने जिला सम्बोधित किया मंच पर सांसद आदित्य यादव अंकुर, आर्यन यादव, पूर्वमंत्री रामसेवक यादव, किशन यादव, अशोक यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, पूर्व सांसद रामसिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, विधायक राघवेंद्र गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, राजीव यादव, सुनील यादव, महामंत्री वीरू भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, आनंद यादव टंटी आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला कार्यसमिति के सम्मानित पदाधिकारी और फ्रंटल संगठन के सभी जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### स्कूटी सवार महिला खाई में गिरी, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावां, रायबरेली।** गुरुवार सुबह विद्धन देवी पत्नी राजेंद्र निवासी मलपुर स्कूटी से अपने मायके ताला गांव जा रही थी। तभी बछरावां महाराजगंज रोड पर रसूलपुर गांव के पास अचानक स्कूटी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। घटना को देख आसपास के लोगो व राहगीरों ने महिला को खाई से बाहर निकालाद्य गंभीर चोट होने के चलते वह अचेत अवस्था में हो गई। एंबुलेंस की सहायता से महिला को बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां महिला का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# जनपद में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

**फीता कटकर हुआ जनसँख्या स्थिरता पखवारे का शुभारम्भ**

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**



विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर बृहस्पतिवार को एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में स्वास्थ्य( आरसीएच) कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राधा कृष्ण ने हरी झंडी दिखाकर परिवार नियोजन जागरूकता वाहन सारथी वाहन को रवाना किया और जनसँख्या स्थिरता पखवारे का शुभारम्भ किया।

इस मौके पर संगोष्ठी भी आयोजित हुई आरसीएच के नोडल अधिकारी ने कहा कि इस साल विश्व जनसंख्या दिवस की थीम है विकसित भारत की नयी पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पति की शान अगर हमे देश का विकास करना है तो परिवार को नियोजित करना बहुत जरूरी है। यदि परिवार स्वस्थ है तो समाज स्वस्थ और देश स्वस्थ होगा किसी भी देश का विकास वहां के लोगों के स्वास्थ्य पर बहुत हद तक निर्भर करता है।

यदि परिवार नियोजित है तो महिला का स्वास्थ्य अच्छा होगा और बच्चे भी स्वस्थ होंगे व परिवार खुशहाल रहेगा कम उम्र में विवाह व गर्भधारण करना,र दो बच्चों में अंतर कम होना और ज्यादा बच्चे पैदा करना - यह मातृ और शिशु मृत्यु के कारण हैं। इसके अलावा असुरक्षित गर्भपात भी महिला मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है इसलिए जिम्मेदार बने और परिवार नियोजन के साधन अपनाएं।



## ट्रक-पिकअप में टक्कर, चालक की मौत, एक घायल

**रायबरेली।** प्रतापगढ़-जौनपुर हाइवे पर ट्रक और पिकअप में जोरदर टक्कर होने एक की मौत हो गई, जबकि उसके साथी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बृहस्पतिवार सुबह एक ट्रक प्रतापगढ़ से रायबरेली की ओर आ रहा था जबकि पिकअप रायबरेली से प्रतापगढ़ की ओर जा रही थी। थाना क्षेत्र के पितंबरपुर के निकट दोनों में सीधी टक्कर हो गई जिससे पिकअप में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां चिकित्सक ने पिकअप चालक पिंटू को मृत घोषित कर दिया, जबकि मुस्ताक की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि पिकअप चालक पिंटू की मौत हो गई जबकि साथी मुस्ताक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## गंगा नदी में उतराता मिला शव, हड़कंप

**डलमऊ, रायबरेली।** गुरुवार की दोपहर को डलमऊ क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब गंगा नदी में किसी अज्ञात का शव बहता हुआ दिखाई पड़ा डलमऊ कस्बे के शमशान घाट के पास बने हुए गंगापुल के पास शव गंगा नदी में उतराता हुआ दिखाई पड़ा गंगा नदी में उतर आते 100 पर जब वहां पर मौजूद तीर्थ पुरोहितों एवं शव यात्रियों की नजर पड़ी तो हड़कंप मच गया हालांकि स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को भी दी। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही शव धारा के तेज बहाव में बह गया। शव पर सफेद कपड़ा लिपटा हुआ था कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शमशान घाट के निकट गंगा की धारा में शव देखे जाने की सूचना मिली थी लेकिन धारा के तेज बहाव के चलते शव बह गया।

# काली पट्टी बांधकर अध्यापक दे रहे हैं बच्चों को शिक्षा

**महराजगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



शासन द्वारा अध्यापकों के लिए ऑनलाइन उपस्थिति के लिए आदेश आया है शिक्षकों में विरोध देखा जा रहा है।

इसी कड़ी में अमावा विकासखंड क्षेत्र के वाशलत नगर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक महताब खान अध्यापिका सरिता सोनकर ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करते हुए अपना विरोध प्रकट किया। और साथ ही महानिदेशक स्कूल शिक्षा निशातगंज लखनऊ से अपनी मांग रखी है कि जब तक हमारे संगठन की मांगे नहीं मानी जाती तब तक हम लोग ऑनलाइन उपस्थिति नहीं दे सकते। प्रधानाचार्य महताब खान ने बताया ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर कई सांसदों एवं विधायकों ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

# पुल निर्माण में लापरवाही नही होगी बर्दाश्त : सांसद

**जितेंद्र दोहरे ने किया निर्माणाधीन पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण**

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के इटावा लोकसभा से सांसद जितेंद्र दोहरे ने रामनगर रेल्वे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर ठेकेदार सहित संबंधित इंजीनियर्स को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के साथ जल्द ही पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करने के जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि, पुल निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिलकुल भी बर्दाश्त नही की जायेगी। इसी के साथ उन्होंने रामनगर विजय नगर की स्थानीय जनता से पुल किनारे बनने वाली सर्विस रोड और अन्य अधिग्रहण संबंधी मुद्दे पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने निर्माण कार्य में लगे लोगों से कहा कि पुल निर्माण में देरी से इस क्षेत्र की जनता सहित सैकड़ों स्कूली बच्चे रोज परेशान होते है जिन्हें 4 किलोमीटर का अतरिक्त चक्कर लगाकर अपने स्कूल जाना पड़ रहा है। संबंधित अधिकारियों ने भी कहा कि,फरवरी 2025 तक पुल निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा।


## अदालती नोटिस

**सम्मन वास्ते कराहदाद उमर कीह तलब तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय बहराइच नम्बर मुकदमा -टी 20230815010 अंतर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता ता.पेशी 26/07/2024**

श्रीमती जुबेदा उर्फ जशोदा बनाम तिलई पाल आदि बनाम 1. तिलई पाल 2.जंगली 3.नंगू 4.विजय प्रसाद पाल पुत्रगण दयाराम 5.इन्दल 6.कल्लू 7. रामानन्द उर्फ पताली 8.तेजबहादुर पुत्रगण नरायन 9. सज्जाद अली पुत्र शेर अली 10.श्रीमती आसमीन पत्नी सज्जाद अली 11.फिरोज अहमद पुत्र अब्दुल सईद निवासीगण जिगनिया महिपाल सिंह परगना हिसामपुर तहसील व जिला बहराइच हरगाह वादीगण ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26 माह 07 सन 2024 ई. वक्त 10 बजे दिन के अदालत या मार्फत एक उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का ज़वाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही को करे. आपको लजित है कि उसी जुमिहा दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तकबाल कराना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मनसूख और फैसला होगा।

वक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत बतारीख 26 माह 07 सन 2024 को जारी किया गया।

द.हा. मु.अ.


## जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने मनाया स्थापना दिवस



**इटावा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली एक ऐसा ग्रुप जो हमेशा ही अच्छे से अच्छा और एनर्जेटिक काम और प्रोजेक्ट करने के लिए जाना जाता है। जायन्ट्स सहेली का स्थापना दिवस अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना के आवास पर मनाया गया। सर्वप्रथम केक काट कर एक दूसरे का मुंह मीठा किया और तंबोली खेलकर और कुछ और गेम खेलकर एक दूसरे के साथ अच्छा समय व्यतीत किया और आगे आने वाले समय में अपने ग्रुप को और उन्नति की ओर ले जाने का वादा किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अगले महीने के प्रोजेक्ट की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी संगीता अग्रवाल और क्षमा दीक्षित, अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना, डी ओ ए प्रतीभा सिंह, डी ओ एफ विमल शर्मा, उर्वशी दीक्षित, गुरुप्रेम प्यारी जादौन जी, मनोरमा पोरवाल, रेनू अग्रवाल, हेनू वर्मा, प्रज्ञा दोषी, कमलेश शर्मा,अलका अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

# ट्रैक्टर चोरी की घटना का अनावरण, आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने कब्जे से दो महिन्द्रा ट्रैक्टर किये बरामद**

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवंतनगर पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये पुलिस शातिर अन्तर्जनपदीय चोर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किये गये 2 महिन्द्रा ट्रैक्टर अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये बरामद किये।

वादी भूरे सिंह पुत्र हरवंशलाल निवासी ग्राम दयालपुरा थाना जसवंतनगर द्वारा लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा उसका महिन्द्रा ट्रैक्टर चोरी कर लिया गया। वादी दिनेश पुत्र गंगाप्रसाद निवासी ग्राम नगला अर्जुन थाना जसवंतनगर द्वारा लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि उसके खेत से अज्ञात चोरों द्वारा उसका ट्रैक्टर चोरी कर लिया गया है।

उक्त चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना जसवंतनगर से पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना जसवंतनगर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि शंकर ढाबे के पास बन्द पड़े भट्टे के पीछे कुछ लोग 2 ट्रैक्टर लिए खड़े हैं जोकि संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना जसवंतनगर पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर पर बैठे एक व्यक्ति राजेश कुमार उर्फ सुनील पुत्र भुरे सिंह उर्फ सुभाष चन्द्र निवासी ग्राम गुदाऊ टार डूँमर सिंह थाना लाइनपार फिरोजाबाद को थाना क्षेत्रान्तर्गत शंकर ढाबे के पास बंद पडे भट्टे के पीछे से गिरफ्तार किया गया व 3 व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत है। इस सफलता में रामसहाय सिंह प्रभारी थाना जसवंतनगर, उ.नि. प्रशान्त कुमार, उ.नि. अनुज कुमार, हे.का. बेलाल अहमद, का. विकास, का. रविन्द्र का सराहनीय योगदान रहा।

# सड़क हादसे में भांजे की मौत, मौसी घायल

**युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार**

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**

थाना इकदिल क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराने से युवती घायल हो गई व युवक की मौत हो गई।

जनपद औरैया के मुढ़ी पन्नहर निवासी धीरज का 22 वर्षीय पुत्र बेटू जनपद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रमपुरा में अपने मामा सुरेश के घर आया था अपनी मौसी निशा 18 वर्ष पुत्री चंद्रभान सिंह के साथ अपने घर जा रहा था तभी इकदिल क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर बिरारी के सामने बाइक से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे बाइक डिवाइडर से टकरा गई। बाइक के टकराने से युवक व उसकी मौसी गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल अवस्था में दोनों को अस्पताल भिजवाया। जहां युवक को डॉक्टरी परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पहुचे परिजनों ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती किशनी पत्नी तिलक निवासी बिबिया पारा परगना हिसामपुर तहसील कैसरगंज जिला बहराइच की मूल निवासिनी हूं। मेरा नाम कुछ जगहों पर किशनी तथा कुछ कागजात में विटाना दर्ज है जो दोनो ही सही है व मेरे ही नाम है। इस दोनो नाम से मैं जानी पहचानी जाती हू। इस नाम से मेरे गांव में कोई दूसरी महिला नही है यदि इस नाम से कोई महिला किसी प्रकार का दावा करती है तो वह निराधार है।

**श्रीमती किशनी उर्फ विटाना पत्नी तिलक ग्राम बिबियापारा परगना हिसामपुर तहसील कैसरगंज, जिला बहराइच।**

# मुस्लिम महिलाओं को सुप्रीम राहत

सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को दिये एक महत्वपूर्ण फैसले में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता पाने का हकदार बताया है। इससे देश की उन लाखों महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी जो तलाकशुदा हैं परन्तु जीवन यापन के लिये संघर्ष कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि कोई भी महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारे भत्ते के अपने कानूनी हक का इस्तेमाल कर सकती है- उसका धर्म कोई भी हो। अब्दुल समद नामक व्यक्ति ने तेलंगाना हाईकोर्ट के गुजारा भत्ते सम्बन्धी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। समद ने दलील दी थी कि उसकी पत्नी मुस्लिम होने के नाते सीआरपीसी की धारा 125 के अंतर्गत याचिका दायर करने की हकदार नहीं है। उसकी दलील थी कि यह मामला मुस्लिम महिला अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ही सुना जाना चाहिये। जस्टिस बीवी नागरत्ना एवं जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने इसी मामले की सुनवाई देते हुए उपरोक्त फैसला सुनाया है। कोर्ट को यही तय करना था कि यह मामला सीआरपीसी की धारा 125 के अंतर्गत चले या फिर मुस्लिम महिला अधिनियम, 1986 के तहत।

हालांकि जस्टिस नागरत्ना एवं जस्टिस मसीह की बेंच ने अपने निर्णय अलग-अलग सुनाये परन्तु दोनों की राय एक ही थी। बेंच ने यह भी माना कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 धर्मनिरपेक्ष कानून को स्थानापन्न नहीं कर सकता। मुस्लिम महिलाएं भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत याचिका दायर करने का अधिकार रखती हैं। इस मामले में स्थिति यह है कि ज्यादातर मामलों में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता नहीं मिल पाता। मिलता भी है तो श्इद्दत्य की अवधि तक। यह एक इस्लामिक परम्परा है जिसके अनुसार तलाक होने पर अथवा पति की मृत्यु हो जाने की स्थिति में वह महिला इद्दत की अवधि तक दूसरी शादी नहीं कर सकती। यह अवधि तकरीबन 3 माह तक होती है। इसके बाद पत्नी दूसरा ब्याह कर सकती है। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम महिला अधिनियम, 1986 में गुजारे भत्ते के प्रावधान वैसे विस्तृत नहीं हैं जैसे कि भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत किये गये हैं। धारा 125 पिता, पति या बच्चों पर आश्रित सभी महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करता है। जब उसके पास आजीविका का कोई अन्य साधन न हो तो वह इस धारा के अंतर्गत गुजारे भत्ते की मांग कर सकती है। अनेक मामलों में यह एक मील का पत्थर साबित होने वाला निर्णय है। मामला चाहे एक मुस्लिम महिला से सम्बन्धित हो परन्तु नजीर बनने के बाद इसके जरिये बड़ी संख्या में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के जीवन यापन की राह खुलेगी। देश में इस अल्पसंख्यक समुदाय की जो आर्थिक हालत है वह किसी से छिपी नहीं है।

# शादियों पर फिजूल खर्ची वाली संस्कृतियों को रोकना समय की मांग

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



**एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वेडिंग इंडस्ट्री करीब 130 अरब डॉलर (10 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गई है। हैरानी की बात है कि भोजन और ग्रॉसरी मार्केट के बाद, वेडिंग मार्केट दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है।एक घर में शादी होने से कई इंडस्ट्री के लोगों को रोजगार मिल रहा है। चूंकि, अब शादी समारोह बहुत लग्जरी हो गया है इसलिए इवेंट, केटेरिंग से लेकर कई इंडस्ट्री को इसका फायदा मिल रहा है। इंडियन वेडिंग इंडस्ट्री पर रिपोर्ट जारी करने वाली कैपिटल मार्केट फर्म जेफरीज ने कहा कि इंडियन वेडिंग मार्केट का साइज अमेरिकी बाजार से दोगुना लेकिन चाइनीज मार्केट से कम है। उन्होने अपनी रिपोर्ट में शादी को लेकर होने वाले अलग-अलग खर्चों को आधार बनाया इनमें ज्वैलरी से लेकर केटरिंग इंडस्ट्री तक शामिल हैं।एक अनुमान के मुताबिक भारत में होने वाली हर शादी पर करीब 12.5 लाख रुपये खर्च होते हैं।**

वैश्विक स्तरपर सारी दुनियां बखूबी जानती है कि भारत में सामाजिक रीतिरिवाज धार्मिक मान्यताओं व आस्था के हर मंगल कार्यों को पूरी प्रक्रिया के साथ बिना किसी दिखावे के पूरी श्रद्धा के साथ संपन्न होते हैं जो दुनियां के अन्य देशों में देखने को नहीं मिलते,उन्हीं रीति रिवाजों में एक कार्य शादी का भी है जो पौराणिक जमाने से ही भारत में अपने-अपने धर्म जाति केअनुसार पूरे अनुष्ठान से व बहुत कम खर्चे में किया जाता रहा है।मुझे याद है जब मैं छोटा था तो मेरे बड़े भाई की शादी की सात फेरा रस्म सुबह 4 बजे तक चली थी और जो हमने सामाजिक स्तरपर शादी के उपलक्ष में रात्रि भोज दिए थे वह पत्ते से बनी हुई पत्तल वह दोने में नीचे पंगत में बैठा कर खिलाए थे,जिसमें क्रमवार चावल सब्जी रोटी लड्डू या मिठाई परोसी जा रही थी।

हालांकि वह क्रम आज 12 जुलाई 2024 तक भी कई स्थानों पर चालू है। परंतु यह बहुत कम हो गया है, इसका स्थान अब बड़े समारोहों डेस्टिनेशन मैरिज, प्री मैरिज शूटिंग प्री मैरिज पार्टी सहित अनेको पश्चिमी रीति रिवाजों ने ले लिया है जो हर व्यक्ति के लिए एक प्रतिष्ठा का मुद्दा बन गया है।मैंने अनेकस्थानों पर शादी में जाता हूं तो देखता हूं कि उनकी वित्तीयस्थिति हालांकि कमजोर है, परंतु अपनी खेती जमीन मकान बेचकर भी डेस्टिनेशन मैरिज करने के लिए आमादा है जो पैकेज लाखों से शुरू होकर करोड़ तक जाता है। अनेक शादी समारोह में मैं देखता हूं कि खाद्य पदार्थों के स्टाल 50 से शुरू होकर 200 तक होते हैं, जिसमें अनेक स्टॉल उपयोग में ही नहीं आते परंतु उनका पैकेज तो भर के देना पड़ता है। एक शादी समारोह में लाखों करोड़ों खर्च कर दिए जाते हैं, जबकि उतने ही बजट में सैकड़ो गरीब कन्याओं की शादी की जा सकती है जिसको रेखांकित करना आज जरूरी है।वैसे अनेक समाजों ने अपनेसमाज के पंचायत स्तरपर शादी ब्याह में आइटम या स्टॉल फिक्स करने का निर्णय भी सुना दिया है, व उल्लंघन करने पर पनिशमेंट भी फिक्स की है परंतु उसका पालन होते नहीं दिख रहा है। इसलिए अब समय आ गया है कि इसमें केंद्र या राज्य सरकारों को शासकीय स्तरपर एक विधेयक लाना अनिवार्य हो गया है। इस आर्टिकल के माध्यम से मैं केंद्र व राज्य सरकारों से अनुरोध करता हूं कि इस विषय पर सकारात्मक संज्ञान लेकर अपने राज्य और केंद्र सरकार को जबकि आगामी 22 जुलाई से 12 अगस्त 2024 तक चलने वाले संसद सत्र में इस बिल पारित करवाएं जो पहले भी संसद में 30 वर्षों में 10 बार पेश हो चुका है परंतु उसे पारित नहीं किया जा सका है। इसलिए 18वीं लोकसभा के बजट सत्र में ही मैरिजअनिवार्य पंजीकरण व बेवजह खर्च रोकथाम विधेयक 2016 व विशेष अवसरों पर फिजूलखर्ची रोकथाम विधेयक 2020 जो दो माननीय सांसदों द्वारा प्राइवेट बिल के रूप में पेश किए गए थे, उन्हें फिर संशोधित कर सरकार स्वतः संज्ञान लेकर 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले बजट सत्र में पेश करवाए, जिसकी तैयारी अभी से ही की जानी चाहिए।

आज इस विषय पर हम इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि अनेक डेस्टिनेशन मैरिजों के साथ ही वर्तमान में एक बहुत बड़े घराने की शादी की तैयारी महीनों से चल रही है, जिसे देखकर मेरा ध्यानइस तरफ़ गया और इस पर आधारित एक आर्टिकल लिखने का मैंने मन बनाया एक हफ्ते के मीडिया में रिसर्च के बाद यह आर्टिकल तैयार कर पाया हूं। चूंकि विवाह पर फिजूल खर्ची रोकथाम कानून से कन्या भ्रूण हत्या रोकने,लड़कियों का सम्मान बढ़ाने व लड़की को बोझ के रूप में देखने की संस्कृति पर लगाम लगेगी, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे द मैरिज( अनिवार्य पंजीकरण का बेवजाह खर्च रोकथाम )बिल 2016 व विशेष अवसरों पर फिजूल खर्ची रोकथाम विधेयक 2020 संशोधित कर पारित करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम भारत में शादी समारोह में खर्च की करें तो,शादी-ब्याह पर हर परिवार दिल खोलकर खर्च करता है, क्योंकि यह जिंदगी का सबसे बड़ा इवेंट होता है। खास बात है कि यह इवेंट देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ा महत्वपूर्ण बन गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वेडिंग इंडस्ट्री करीब 130 अरब डॉलर (10 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गई है। हैरानी की बात है कि भोजन और ग्रॉसरी मार्केट के बाद, वेडिंग मार्केट दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है।एक घर में शादी होने से कई इंडस्ट्री के लोगों को रोजगार मिल रहा है। चूंकि, अब शादी समारोह बहुत लग्जरी हो गया है इसलिए इवेंट, केटेरिंग से लेकर कई इंडस्ट्री को इसका फायदा मिल रहा है। इंडियन वेडिंग इंडस्ट्री पर रिपोर्ट जारी करने वाली कैपिटल मार्केट फर्म जेफरीज ने कहा कि इंडियन वेडिंग मार्केट का साइज अमेरिकी बाजार से दोगुना लेकिन चाइनीज मार्केट से कम है। उन्होने अपनी रिपोर्ट में शादी को लेकर होने वाले अलग-अलग खर्चों को आधार बनाया इनमें ज्वैलरी से लेकर केटरिंग इंडस्ट्री तक शामिल हैं।एक अनुमान के मुताबिक भारत में होने वाली हर शादी पर करीब 12.5 लाख रुपये खर्च होते हैं। हैरानी की बात है कि यह आंकड़ा भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी से लगभग 5 गुना है, जो कि 2.4 लाख रुपये है। वहीं, एनुअल हाउसहोल्ड इनकम से 3 गुना है, जो कि 4 लाख रुपये है। खास बात है कि भारत में लोग शादियों पर कई अन्य देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा खर्च करतेहैं।देश में एक लग्जरी वेडिंग में होने वाला खर्च करीब 20 और 30 लाख रुपये आता है।इनमें सबसे ज्यादापैसा होटल केटरिंग डेकोरेशन और एंटरटेनमेंट शामिल है इसमें ज्वैलरी,कपड़े औरट्रैवल किराया शामिल नहीं है. इसके अलावा, बेहद अमीर लोग, डेस्टिनेशन वेडिंग पर और भी ज्यादा खर्च करते हैं। हर शादी में सबसे ज्यादा खर्च,ज्वैलरी पर होता है।शादीब्याह के सीजन में सर्राफा उद्योग को सबसे ज्यादा 35-40 फीसदी का रेवेन्यू हासिल होता है।इसके बाद नंबर आता है केटरिंग इंडस्ट्री का,जिसे 24-26 फीसदी राजस्व मिलता है। इवेंट प्लानिंग इंडस्ट्री को 18-20 फीसदी। फोटोग्राफी 10-12 फीसदी। कपड़ा उद्योग को 9-10 फीसदी। डेकोरेशन इंडस्ट्री को भी 9-10 फीसदीइसके अलावा, अन्य खर्चों के चलते विभिन्न इंडस्ट्रीज को 20-25 फीसदी रेवेन्यू मिलता है।वित्त वर्ष 2023-2024 में, भारतीय विवाह बाजार 130 बिलियन डॉलर (लगभग 10 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच गया।

## विचार

# विकास और आत्मविश्वास के ट्रेलर का सच

**सर्वमित्रा सुरजन**



**ट्रेलर में तो यही नजर आ रहा है कि 2016 में हुई नोटबंदी, फिर जीएसटी के लागू होने और उसके बाद 2020 में कोविड के कारण देश के अनौपचारिक क्षेत्र को 11.3 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। साथ ही 1.6 करोड़ नौकरियां खत्म हुई हैं। देश में बेरोजगारी फिर से बढ़ गई है और महंगाई भी चुनावों के बाद से लगातार बढ़ ही रही है। आने वाली 23 जुलाई को जब एनडीए सरकार का पहला बजट पेश होगा, तब सरकारी खजाने से लेकर सरकार की नीयत तक सबका खुलासा हो ही जाएगा।**

2014 से पहले हम निराशा की गर्त में डूबे हुए थे। हर तरफ हताशा और निराशा का माहौल था, लेकिन आज देश आत्मविश्वास से भरा हुआ है। नरेन्द्र मोदी के भाषण की ये पंक्तियां किसी चुनावी मंच से नहीं कही गई हैं, बल्कि रूस में भारतीय समुदाय के बीच श्री मोदी ने बतौर भारत के प्रधानमंत्री ने जो भाषण दिया, उसमें इस तरह की बात कही। श्री मोदी ने ये भी कहा कि श्चुनावों के दौरान मैंने कहा था कि- पिछले 10 सालों में भारत ने जो विकास किया है, वह तो सिर्फ एक ट्रेलर है। आने वाले 10 साल और भी तेजी से विकास के होने वाले हैं। भारत की नयी गति, दुनिया के विकास का नया अध्याय लिखेगी।

रस्सी जल गई बल नहीं गए, इसी को कहते हैं। 2024 के चुनाव परिणाम ने बता दिया कि भाजपा जनता के जिस विश्वास और समर्थन के दावे किया करती थी, वो गलत साबित हुए। भाजपा सत्ता में आ तो गई है, लेकिन जदयू और तेदेपा के समर्थन के कारण आई है और अगर किसी वजह से इन दोनों दलों में से किसी एक ने भी अपना हाथ सरकार से वापस खींच लिया, उसी दिन सरकार संकट में आ जाएगी। लेकिन नरेन्द्र मोदी देश से लेकर विदेश तक अपनी जीत को असलियत से बड़ा बताने में लगे हुए हैं। देश में विकास के दावे भी कुछ इसी अंदाज में श्री मोदी कर रहे हैं। 10 सालों के विकास को वे ट्रेलर बता रहे हैं, और आने वाले दस सालों के विकास की बात कर रहे हैं। इस तरह नरेन्द्र मोदी ये मानकर चल रहे हैं कि 2029 के चुनावों में भी उन्हें ही प्रधानमंत्री बनने का मौका मिलेगा। हालांकि उन्हें पहले अपने शासन में विकास के ट्रेलर को देख लेना चाहिए। ट्रेलर में तो यही नजर आ रहा है कि 2016 में हुई नोटबंदी, फिर जीएसटी के लागू होने और उसके बाद 2020 में कोविड के कारण देश के अनौपचारिक क्षेत्र को 11.3 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। साथ ही 1.6 करोड़ नौकरियां खत्म हुई हैं। देश में बेरोजगारी फिर से बढ़ गई है और महंगाई भी चुनावों के बाद से लगातार बढ़ ही रही है। आने वाली 23 जुलाई को जब एनडीए सरकार का पहला बजट पेश होगा, तब सरकारी खजाने से लेकर सरकार की नीयत तक सबका खुलासा हो ही जाएगा। लेकिन फिलहाल जिस तरह खाद्य साम्रगियों से लेकर मोबाइल का इस्तेमाल तक सब महंगा हो गया है, उस से विकास के ट्रेलर और पूरी पिक्चर का अंदाजा लग जाता है। भाजपा नेताओं के लिए यह महंगाई शायद मजाक का विषय है। इसलिए एक बार निर्मला सीतारमण संसद में कह चुकी हैं कि हमारे घर में प्याज नहीं खाई जाती, और अब उत्तरप्रदेश में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि कहीं भी दाल सौ रूपए किलो से ज्यादा में नहीं बिकती। भाजपा के नेता जानते हैं कि वे गलत कह रहे हैं और खाद्य सामग्री को सस्ता बताने के उनके दावे गरीबों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसे हैं, क्योंकि इससे उनकी समस्या तो सुलझती नहीं, तकलीफ अलग होती है कि सरकार हकीकत से कितनी बेपरवाह है। प्रधानमंत्री मोदी भी इसी बेपरवाही की मिसाल बार-बार देते हैं। मणिपुर से लेकर महंगाई तक उनके सारे दावे बेकार हैं, इस बात को वे भी समझते हैं, फिर भी लोगों को भटकाने के लिए बड़ी-बड़ी बातें करते हैं।

भारतीयों में नए आत्मविश्वास की बात करने वाले श्री मोदी क्या इस कड़वी सच्चाई को नहीं जानते कि अच्छे संस्थाओं ने दाखिले के न होने, परीक्षा के पर्चे लीक होने, बेरोजगारी या कर्ज के कारण छात्रों से लेकर किसानों और उद्यमशील लोगों तक में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। कहीं पति-पत्नी बेरोजगारी के कारण जान दे रहे हैं, कहीं बाप-बेटे एक साथ रेल के सामने आ कर मौत को गले लगा रहे हैं। ये खबरें पुलिस थानों के रोजनामचों में तो दर्ज हो कर गुम हो जाया करती हैं, बहुत हुआ तो इनसे जुड़े लोग दो-चार दिन इन पर चर्चा कर लेते हैं, लेकिन जब तक ये सरकार के लिए चर्चा का विषय नहीं बनेंगी, तब तक आत्मविश्वास और विकास को लेकर लफ्फाजी के लिए जगह बनती रहेगी। हैरानी की बात यह है कि 10 साल तक लगातार सत्ता में रहकर भी नरेन्द्र मोदी भारत की जमीनी हकीकत से कितने दूर हैं। 2014 में जब भाजपा ने 10 सालों के यूपीए शासन को खत्म करने में कामयाबी हासिल की थी, तो उसके बाद नरेन्द्र मोदी समेत तमाम भाजपा नेताओं में अति आत्मविश्वास भर जाना स्वाभाविक था। इसी अतिआत्मविश्वास के चलते नरेन्द्र मोदी ने मई 2015 में द.कोरिया के सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा था कि- एक समय था जब लोग कहते थे- पता नहीं पिछले जन्म में क्या पाप किया है हिंदुस्तान में पैदा हो गए, ये कोई देश है! ये कोई सरकार है! ये कोई लोग हैं! चलो छोड़ो, चले जाओ कहीं और। और लोग निकल पड़ते थे, कुछ वर्षों में हम ये भी देखते थे, उद्योग जगत के लोग कहते थे कि अब तो यहां व्यापार नहीं करना चाहिए, अब यहां नहीं रहना है। और ज्यादातर लोगों ने तो एक पैर बाहर भी रख दिया था। मैं इसके कारणों में नहीं जाता हूं। और न ही मैं कोई राजनीतिक टीका-टिप्पणी करना चाहता हूं। लेकिन यह धरती की सच्चाई है कि लोगों में एक निराशा थी, आक्रोश भी था। और मैं आज विश्वास से कह सकता हूं कि अलग-अलग जीवन क्षेत्रों के गणमान्य लोग बड़े-बड़े साइंटिस्ट क्यों न हो, विदेशों में ही कमाई क्यों न होती हो।

# कोर्ट की सार्थक पहल

यह विडंबना ही है कि कुदरती वजह या किसी हादसे के चलते शारीरिक अपूर्णता के शिकार लोगों के प्रति भारतीय समाज में कमोबेश सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जाता रहा है। हालांकि, अब स्थितियों में बदलाव आया है। अब उन्हें एक सम्मानजनक नाम दिव्यांग देने का प्रयास किया गया है। लेकिन परंपरागत समाज में उनके उपहास व उपेक्षा का भाव अब भी किसी न किसी रूप में सामने आ जाता है।

यही वजह है कि इस दिशा में देश की शीर्ष अदालत को सार्थक पहल करनी पड़ी है। सुप्रीम कोर्ट ने, फिल्मों व मीडिया के अन्य दृश्य माध्यमों में दिव्यांगों को कैसे चित्रित किया जाना है, उसके नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी करने की स्वागत योग्य पहल की है। इस रचनात्मक पहल का मकसद दिव्यांगों के प्रति रूढ़िवादी सोच को दूर करना है। इस ऐतिहासिक फैसले में इस बात को रेखांकित किया गया है कि शारीरिक अपूर्णता वाले लोगों को अपमानित करने तथा हाशिये पर ले जाने वाली भाषा पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। दरअसल, ऐसी सोच दिव्यांगों की सामाजिक सक्रियता की कोशिशों में बाधा उत्पन्न करती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने दिव्यांगों के लिये प्रामाणिक और सम्मानजनक प्रतिनिधित्व वाली दृश्य-श्रव्य रीति-नीति का निर्देश दिया है। उन्होंने उस रूढ़िवादी सोच के खात्मे पर बल दिया जो उनमें हीनता का भाव भरती हो। उनका कहना था कि लोगों ने अपने मनोरंजन के लिये शारीरिक रूप से अपूर्ण लोगों पर तमाम चुटकुले बनाए हैं। दरअसल, नियामक व्यवस्था में दिव्यांगों की भागीदारी न होने के कारण ऐसी सोच का समय रहते प्रतिकार नहीं हो सका है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश का संदेश साफ था कि दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील व्यवहार उन्हें समझने में मदद करता है,लेकिन यदि शारीरिक अपूर्णता को हास्य का विषय बनाया जाता है तो इससे उनका मनोबल प्रभावित होता है। निश्चित रूप से देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश ने एक ज्वलंत विषय की ओर पूरे राष्ट्र का ध्यान खींचा है।यह प्रशंसनीय है कि शारीरिक अपूर्णता के चलते तमाम तरह के कष्ट झेल रहे दिव्यांगों के प्रति समाज के संवेदनशील व्यवहार की ओर शीर्ष अदालत ने ध्यान दिलाया है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत ने उचित ही निष्कर्ष निकाला है कि रचनात्मक स्वतंत्रता के ये मायने कदापि नहीं होते कि पहले से हाशिये पर मौजूद लोगों का उपहास किया जाए, उन्हें रूढ़िवादी सोच का शिकार बनाया जाए, उनको लेकर गलत बयानबाजी की जाए। कुल मिलाकर उनको अपमानित करने की आजादी किसी को नहीं दी जा सकती। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि शारीरिक अपूर्णता वाले दिव्यांगों को अपंग व ऐसे अन्य अपमानजक शब्दों से आहत करने की इजाजत किसी को नहीं दी सकती है। दरअसल, उनको लेकर समाज में व्याप्त रूढ़िवादी सोच को बदलने की जरूरत है। अब फिल्म निर्माताओं का भी दायित्व है कि फिल्मों का निर्माण करते वक्त ऐसे हास्यबोध वाले चित्रण से गंभीरता के साथ परहेज किया जाए। कैमरे के जरिये उनका ऐसा चित्रण होना चाहिए जिससे समाज में उनके प्रति संवेदनशील, समावेशी सोच और यथार्थवादी रवैया अपनाया जाए। शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देशों में संविधान द्वारा प्रदत्त, भेदभाव-मुक्त व गरिमा को प्रतिष्ठित करने वाले प्रावधानों के अनुरूप दिव्यांगों की छवि बनाने पर बल दिया गया। जो कि दिव्यांगों के अधिकारों के लिये बने वर्ष 2016 के अधिनियमों के अनुरूप ही है। दरअसल, कानून सदा से समाज में दिव्यांगों के अधिकार व सम्मान-रक्षा को संबल देना चाहता रहा है। हालांकि, यह स्पष्ट है कि दिव्यांगों का समाज में अपना उचित स्थान प्राप्त करने का संघर्ष लगातार बना हुआ है। उनके लिये आज भी समाज में रोजगार के पर्याप्त अवसरों का उपलब्ध न होना, पदोन्नति, प्रशिक्षण तक पर्याप्त पहुंच न होने, व्यावसायिक अलगाव, सार्वजनिक स्थलों व आफिसों में दिव्यांगों के लिये शौचालयों का न होना तथा कार्यालयों में व्यवस्था उनकी सुविधा के अनुरूप न होना वक्त की नग्न हकीकत है।



# राशिफल

**मेष:-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

**वृषभ:-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रणरखें।

**कर्क :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

# गांधी के विचारों की अहमियत

**भारत डोगरा**



**दबंगों के अवैध कब्जों को हटाकर, सीलिंग की व्यवस्था लागू कर, बंजर भूमि सुधार कर व अन्य उपायों से थोड़ी सी ही सही, पर कुछ भूमि सभी भूमिहीन परिवारों को अवश्य देनी चाहिए। जल-संरक्षण, मिट्टी का प्राकृतिक उपजाऊपन बढ़ाने के उपाय, प्राकृतिक खेती, परंपरागत बीजों की रक्षा, कुंओं व तालाबों की रक्षा, दस्तकारियों की रक्षा, खाद्य प्रसंस्करण, खाद व कीड़ों-बीमारियों से फसल की रक्षा, किसानों के मित्र विभिन्न जीव-जंतुओं, विशेषकर गो वंश की रक्षा, गांववासियों में आपसी सहयोग व भाईचारे को मजबूती, गांव में एकता व आत्म-निर्भरता बढ़ाना, परस्पर सहयोग से गांव का पर्यावरण सुधारना, वनों की रक्षा करना व नए वृक्ष लगाना- ये सब विकास की प्राथमिकता के कार्य हैं जो जलवायु बदलाव के संकट को कम करने व उसकी सहन-क्षमता बढ़ाने से भी जुड़े हैं। गांधीजी की सोच इन कार्यों के अनुकूल है व ग्रामीण विकेंद्रीकरण तथा पंचायती राज को इस रूप में मजबूत करना चाहती है कि उसके माध्यम से इन प्राथमिकताओं के लिए पर्याप्त संसाधन प्राप्त करते हुए, गांववासी परस्पर सहयोग से इन उद्देश्यों के लिए अपनी क्षमतानुसार अधिकतम प्रयास करते हुए सार्थक व टिकाऊ उपलब्धियों की ओर बढ़ें।**

अनेक वैश्विक समस्याओं के बीच भारत को अपना मार्ग बहुत सावधानी से खोजना है। इस प्रयास में महात्मा गांधी की सोच आज भी बहुत महत्वपूर्ण मार्ग-दर्शक की भूमिका निभा सकती है। महात्मा गांधी की सोच के मूल सिद्धान्त हैं - सत्य व अहिंसा, सादगी व समता, अन्याय के विरुद्ध दृढ़, पर अहिंसक संघर्ष, सभी धर्मों के प्रति सम्मान, किसी समुदाय के प्रति भेदभाव न करना, अर्थनीति में निर्धन वर्ग की भलाई को उच्चतम प्राथमिकता देना, विकेन्द्रित, आत्मनिर्भर व आपसी सहयोग से हुए ग्रामीण विकास को अधिक महत्व देना। यदि समकालीन संदर्भ में इन सिद्धान्तों को प्रतिष्ठित किया जाए तो देश ही नहीं पूरी दुनिया की बड़ी समस्याओं को सुलझाने की दिशा मिल सकती है। इसके लिए इन सिद्धान्तों को समकालीन संदर्भ में भली-भांति समझना और प्रतिबद्धता से उन पर चलना होगा।

यह एक बहुत रचनात्मक मार्ग है। इसमें तरह-तरह की प्रसन्नता व उत्साह देने वाली उपलब्धियां हैं, पर साथ में शक्तिशाली स्वार्थों का सामना करने की चुनौतियां और कठिनाईयां भी हैं। बड़ी बात यह है कि केवल कहने के स्तर पर या कागजी स्तर पर इस सोच को अपनाने से कुछ प्राप्त नहीं होगा, वास्तविकता और निरंतरता से इसे अपनाना होगा। यदि एक गांव के स्तर पर ही इस सोच को देखें तो भूमिहीनों के लिए कुछ भूमि की व्यवस्था करनी चाहिए। दबंगों के अवैध कब्जों को हटाकर, सीलिंग की व्यवस्था लागू कर, बंजर भूमि सुधार कर व अन्य उपायों से थोड़ी सी ही सही, पर कुछ भूमि सभी भूमिहीन परिवारों को अवश्य देनी चाहिए। जल-संरक्षण, मिट्टी का प्राकृतिक उपजाऊपन बढ़ाने के उपाय, प्राकृतिक खेती, परंपरागत बीजों की रक्षा, कुंओं व तालाबों की रक्षा, दस्तकारियों की रक्षा, खाद्य प्रसंस्करण, खाद व कीड़ों-बीमारियों से फसल की रक्षा, किसानों के मित्र विभिन्न जीव-जंतुओं, विशेषकर गो वंश की रक्षा, गांववासियों में आपसी सहयोग व भाईचारे को मजबूती, गांव में एकता व आत्म-निर्भरता बढ़ाना, परस्पर सहयोग से गांव का पर्यावरण सुधारना, वनों की रक्षा करना व नए वृक्ष लगाना- ये सब विकास की प्राथमिकता के कार्य हैं जो जलवायु बदलाव के संकट को कम करने व उसकी सहन-क्षमता बढ़ाने से भी जुड़े हैं। गांधीजी की सोच इन कार्यों के अनुकूल है व ग्रामीण विकेंद्रीकरण तथा पंचायती राज को इस रूप में मजबूत करना चाहती है कि उसके माध्यम से इन प्राथमिकताओं के लिए पर्याप्त संसाधन प्राप्त करते हुए, गांववासी परस्पर सहयोग से इन उद्देश्यों के लिए अपनी क्षमतानुसार अधिकतम प्रयास करते हुए सार्थक व टिकाऊ उपलब्धियों की ओर बढ़ें। परस्पर सहयोग की इसी मजबूती का उपयोग वे सभी तरह के नशे को दूर रखने व जुए, दहेज-प्रथा जैसी अन्य सामाजिक बुराईयों से निपटने में करें।

इस सोच में महिला विरोधी हिंसा, अन्य तरह की हिंसा, लंबी व खर्चीली मुकदमेबाजियों के लिए कोई स्थान नहीं है। जहां एक ओर यह सहयोग व अमन की सोच है, वहीं दूसरी ओर एक अन्य सोच है जिसमें धर्म व जाति के आधार पर गुटबाजी की जाती है। गांव में कुछ लोग कहते हैं कि जातियों को ऐसे जोड़ो कि अधिक वोट मिल जाएं। दूसरा पक्ष कहता है कि ऐसे जोड़ो कि वोट के अलावा हम अन्य तरह से भी शक्तिशाली हों। कुछ अन्य लोग कहते हैं कि इससे भी अधिक लाभ धर्म के आधार पर बांटने से मिलेगा। इसके जवाब में दूसरा पक्ष कहता है कि हम जाति आधारित जोड़ से तुम्हारा जवाब देंगे।

इन सभी तरह की सोच में महात्मा गांधी का यह उद्देश्य तो पूरी तरह पीछे छूट जाता है कि सभी को आपसी सहयोग के रिश्ते में बांधने का प्रयास किया जाना चाहिए। एक गांव का उदाहरण छोड़कर राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो यहां भी हमें राष्ट्रीय हित के कार्यों के लिए आपसी सहयोग की बहुत कमी दिखाई देती है। बेशक कुछ हद तक लोकतांत्रिक राजनीति के दौर में विभिन्न राजनीतिक दलों व नेताओं में नोंक-झोंक होती है, पर इसके साथ व्यापक राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर सहयोग बढ़ाना भी जरूरी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था यह अवसर देती है कि किसी देश के विकास और प्राथमिकताओं पर विभिन्न विचार रखने वाले व्यक्ति, नेता व दल अपने-अपने विचारों को लेकर चुनाव क्षेत्र में जाएं व जिसे जनता का अधिक समर्थन मिले वे सरकार का गठन करें। इसका यह अर्थ नहीं है कि सभी लोगों के हित के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहयोग न हो। सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर आपसी सहमति बननी चाहिए व सभी दलों, सभी लोगों को इन मुद्दों पर आपसी सहयोग से कार्य करना चाहिए। घरेलू पक्ष को देखें तो महात्मा गांधी की सोच के अनुरूप समता, सादगी, पारदर्शिता, ईमानदारी, विकेन्द्रीकरण, पर्यावरण की रक्षा, भेदभाव का अंत, सभी धर्मों का आपसी सम्मान व भाईचारा-यह राष्ट्रीय हित के लिए सबसे जरूरी हैं व इन पर आधारित आम सहमति के कार्यक्रम बनने चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों को सौंपी राहत सहायता चेक

- आपदा के समय में सरकार बाढ़ प्रभावितों के साथ है खड़ी: योगी आदित्यनाथ
- बाढ़ में ऐसे परिवार जिनके मकान गिर गए हैं उनको मुख्यमंत्री आवास योजना का मिलेगा लाभ

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री राहत सहायता चेक वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ आपदा से प्रभावित परिवारों से संवाद किया, मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के समय सरकार बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़ी है, बाढ़ प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा हर संभव मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में असमय बाढ़ से पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिले प्रभावित हैं। जिसमें की बलरामपुर भी बाढ़ से प्रभावित हुआ है। इन जिलों में अगस्त व सितंबर माह में बाढ़ आने की संभावना रहती है।

लेकिन इस वर्ष जुलाई के प्रथम माह में ही यह जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। सरकार द्वारा बरसात से पहले प्रदेश में बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य की सभी तैयारियां पूर्ण करा लिए गए।

जनपद बलरामपुर में बड़ी आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है तथा मुख्य मार्गो में पानी आ जाने के कारण आवागमन भी प्रभावित हुआ। जनपद




में राहत एवं बचाव कार्य समय से युद्ध स्तर पर किए गए। बरसात के पहले ही नौकाओं की व्यवस्था कर ली गई। बाढ़ प्रभावित परिवारों को फूड पैकेट, राहत पैकेट, साथ ही साथ अन्य सामग्री एवं मेडिकल किट प्रदान किया जा रहा हैं। जनपद में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ,फ्लड पीएसी तैनात हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सर्पदंश, जहरीले जानवरों के काटने की घटनाओं की संभावना ज्यादा रहती है जिसके लिए सभी अस्पतालों में एंटी वेनम टीका एवं एंटी रेबीज टीका की पर्याप्त उपलब्धता रहें। सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित किया जाए। वेक्टर जनित रोगों से बचने के लिए गर्म पानी, क्लोरीन की गोली पानी में डालकर ही पिए। मुख्यमंत्री ने कहा की जनहानि, पशुहानी पर प्रभावित परिवारों को तत्काल आपदा सहायता राशि प्रदान किए जाए, साथ ही साथ फसलों के नुकसान का सर्वे करते हुए अविलंब क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान जिनके मकान गिर गए हैं उनको मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। पशुओं के लिए चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि परस्पर सहयोग के साथ बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य को आगे लाते हुए बाढ़ प्रभावितों को हर संभव मदद उपलब्ध कराए।

इस दौरान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आरती तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, जनप्रतिनिधि गण व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# नकली दवाओं की आशंका पर चार मेडिकल स्टोरों से लिये सैंपल



**राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

कस्बे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर खुले मेडिकल स्टोरों पर बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर ने छापामाकीरी छापेमारी के दौरान चारो मेडिकल स्टोरों से एंटीबायोटिक दवाओं का सैंपल लिया। इस छापेमारी से मेडिकल संचालकों में हड़कंप मच गया डीआई का कहना है कि इन मेडिकल स्टोरों से उन दवाओं का सैंपल लिया गया है जिनका उन्हे नकली होने की आशंका है, जांच के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक अपनी अपनी दुकानें बंद करके भाग खड़े हुए।

डीआई का कहना है कि मेडिकल संचालकों को दुकानें बंद नहीं करनी चाहिए। इससे मेडिकल स्टोर संचालकों को अपनी कमियां दूर करने का मौका मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि मेडिकल स्टोरो में साफ सफाई ठीक थी कैशबुक भी चेक किये गये है जो ठीक थे,सभी को लिखित चेतावनी जारी की गयी है।

# सीएचसी राठ के निरीक्षण में आराम फरमाते मिले कर्मी

- एक सप्ताह बाद पुलिस के साथ पैथालॉजी व नर्सिंग होम की करेंगे जांच: एडी

**राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

अपर निदेशक स्वास्थ्य(एडी) बांदा ने निरीक्षण कर बाहर की दवाएं न लिखने के लिये डाक्टरों को हिदायत दी गुरुवार को एडी स्वास्थ्य बांदा राजेश कुमार गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, ओपीडी में निरीक्षण करने के बाद नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राठ पहुंच गए।

जहां पर मरीज न होने पर स्टाफ आराम कर रहा था। उनके पहुंचते ही फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय सहित 12 लोगों के स्टाफ रजिस्टर चेक किया।




गुरुवार को ओपीडी में आने वाले 17 मरीज का रजिस्टर चेक किया और स्टॉक रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए। डॉक्टरों की तैनाती पर एडी कुछ नहीं बोले। कस्बे में फर्जी तरीके से चल रहे पैथोलॉजी और नर्सिंग होम के बारे में कहा कि एक सप्ताह बाद पुलिस और प्रशासन के साथ फर्जी पैथोलॉजी और नर्सिंग होमों का निरीक्षण करेंगे।

जो भी फर्जी पाया गया। उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीएचसी के फार्मासिस्ट विवेक गुप्ता नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की फार्मासिस्ट विनीता,वार्ड ब्वाय राजू आदि मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में की हवाई फायरिंग, पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

**राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली के औंता गांव निवासी धीरेन्द्र कुमार पुत्र ऊदल प्रसाद ने बताया कि बुधवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी पड़ोस का कल्लू पुत्र बिंदा के दरवाजे पर उसका पालतू कुत्ता बैठ गया। इसी बात को लेकर कल्लू घर से बाहर निकला और कहने लगा कि तुम्हारा कुत्ता यहां क्यों आया। जब उसने गाली देने से मना किया तो कल्लू व उसका पुत्र संजय हाथ में कुल्हाड़ी लेकर आया और कुत्ते को जान से मारने की धमकी दी। बताया कि उसने व उसके भाई कल्लू ने पिता पुत्र को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह लोग नहीं माने। उसने व उसके भाई ने संजय को पकड़ लिया। कल्लू अपने घर में घुस गया। दहशत फैलाने के लिए कल्लू ने हवाई फायरिंग कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इसी प्रकार जलालपुर थाने के कुपरा गांव निवासी पुन्ना पुत्र बलदेव ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब दस बजे अपने घर से भैंस लेकर जा रहा था। तभी अचानक गांव का मूलचंद्र बिना कारण गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसे मारने के लिए दौड़ा। जैसे वह घर में घुस गया तो वह भी पीछे से आया और मारपीट करने लगा। आवाज सुनकर जब उसकी पत्नी रामदेवी बचाने आईं तो वह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# जीएसटी पंजीयन जागरुकता गोष्ठी आयोजित

**राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

उप्र उद्योग व्यापार मंडल द्वारा वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों व व्यापारियों के बीच में एक जीएसटी पंजीयन जागरूकता एवं संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें रामनरेश सिंह सहायक कमिश्नर राज्य कर हमीरपुरए विकास मिश्रा वाणिज्य कर अधिकारी ने व्यापारियों को जानकारी दी। गोष्ठी की अध्यक्षता व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने की।

राज्य कर विभाग हमीरपुर के सहायक उपायुक्त ने बताया कि जो भी जीएसटी में रजिस्टर्ड व्यापारी हैए उनको अपने वकील या सीए से रिटर्न दाखिल की एक कॉपी अवश्य ले लेनी चाहिए। क्योंकि बहुत से व्यापारियों को अपने रिटर्न दाखिल की जानकरी ही नहीं रहती कि क्या दाखिल किया गया है। खंड एक




कार्यक्रम में भाग लेते अधिकारी व कर्मचारी

हमीरपुर के ढाई सौ समाधान के ऐसे व्यापारी हैं जो निल का रिटर्न दाखिल कर रहे हैं।

जो कि संभव नहीं है। सरकार की नजरे ऐसे व्यापारी पर हैं जो व्यापार तो कर रहे हैं परंतु रिटर्न निल का दाखिल कर रहे हैं। बहुत शीघ्र ही अगर उन व्यापारियों ने इस तिमाही का टैक्स जमा नहीं किया तो उनके यहां छापा डालने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर सरिया संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर चौरसिया, नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, युवा अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, राजेश अग्रवाल, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज आनंद, प्रमोद बजाज, रेडीमेड के अध्यक्ष मनोज कुमार सोनी, डेयरी संघ के संजय अग्रवाल, शू मर्चेंट के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे। संचालन युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने किया।

## खबरें एक नजर में

### उपजिलाधिकारी ने विवाह कराया संपन्न



**उतरौला,बलरामपुर।** उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने भीषण बाढ़ में विवाह को कराया सम्पन्न। विकास खण्ड उतरौला अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिलखी के मजरा बढ़ाया में विष्णु दत्त निषाद के लड़की का विवाह कुछ माह पूर्व ही सुनिश्चित हुआ था किंतु किसी को ऐ अंदेशा नहीं था कि अचानक इतना बाढ़ आ जाएगा। बारातियों के खाने पीने, रहने की व्यवस्था पिपराराम मे हो गया अब एक ही चिंता पूरे गांव को थी कि विवाह कैसे होगा क्योंकि दूल्हा घर कैसे पहुंचे इसकी जानकारी उपजिलाधिकारी को मिलने पर संपर्क किया और तत्काल नाव की व्यवस्था न सिर्फ़ कराई गई बल्की क्षेत्रीय लेखपाल के माध्यम से नाव गांव तक पहुंचाई गई। नाव पाकर पूरा गांव खुशी से झूम उठा और उपजिलाधिकारी के लिए धन्यवाद देते दिखे लोग।

### विधायक ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को दी राहत किट

**उतरौला,बलरामपुर।** राप्ती नदी की बाढ़ से घिरे उतरौला तहसील क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद में गुरुवार को विधायक राम प्रताप वर्मा द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट दिया गया। क्षेत्र के कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। यहां के बाढ़ पीड़ितों को तात्कालिक राहत पहुंचाने के लिए उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, एसडीएम अवधेश कुमार व तहसील अधिकारियों के साथ पहुंचे थे। ग्राम रसूलाबाद समेत अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण। साथ ही बाढ़ पीड़ितों का हाल-चाल जाना। बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत किट दिया गया। विधायक ने कहा कि बाढ़ से पीड़ित हर परिवार तक राहत किट पहुंचेगी। प्रभावित फसल का तहसील टीम द्वारा सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावितों की हरसंभव मदद के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ा हूं।अधिकारियों को बचाव एवं राहत कार्य युद्धस्तर पर संचालित करने का निर्देश भी दिया।

### महिला समेत चार घायल

**मौदहा,हमीरपुर।** क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं ,2 महिला सहित चार लोग घायल सभी घायलों को लहूलुहान की हालत में परिजनों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती जहाँ कराया इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा निवासी राकेश धुरिया 36 वर्ष पुत्र कल्लू सीढ़ियो से गिर जाने से गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे गंभीर अवस्था में परिजनों ने आनन फानन मे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया वहीं गुरदाहा निवासी केसर 45 वर्ष पत्नी राजू बाइक में सवार हो मौदहा की ओर आ रही थी तभी शरीर का संतुलन बिगड़ जाने पर बाइक से सड़क पर गिर घायल हो गई जिसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तीसरी घटना कस्बा निवासी अशोक त्रिपाठी पुत्र राम भरोसे बुधवार की शाम बिजली करंट की चपेट में आ जाने पर घायल अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया इसी तरह इंगोहटा गांव निवासी महक 4 वर्ष पुत्री संजय प्रसाद मौसम में नमी आने से पंखे में करंट आ रहा था छू लेने से करंट की चपेट में आ गई जिसे परिजनों ने आनंन फाननमे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ इलाज जारी है।

# मौदहा बस स्टाप बनाने के लिये परिवहन सचिव एसडीएम से करेंगे बातचीत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मौदहा कस्बे में रोडवेज बस स्टाप बनाने की कवायद तेज हो गयी है,पांच एकड़ मुफ्त की जमीन विभाग की खोजबीन जारी है,इसके लिये कल शासन के परिवहन सचिव बांदा से वीसी करेगे और आनलाइन मौदहा एसडीएम से भूमि को लेकर बातचीत करेंगे।

जानकारी के मुताबिक मौदहा कस्वे में कई दशक से रोडवेज नही है जो रोडवेज स्थापित किया गया था वह अब खंडहर में तब्दील हो गया है। लिहाजा रोडवेज बसे सीधे निकल जाती है यात्रियों को सड़क में खडा होकर रोडवेज बस का इंतजार करना पड़ता है।शासने ने बहुत पहले एआरएम हमीरपुर को पांच एकड़ जमीन तलाश करने के लिये कहा था मगर अभी तक तहसीलदार हमीरपुर ने इस मामले में कोई कार्यवाही नही की है।

लिहाजा शासन ने बस स्टाप निर्माण के लिये काफी गंभीर है। एआरएम आरपी साहू ने गुरुवार को बताया कि कल यानी मंगलवार को इस मामले में बांदा में एक बैठक का आयोजन किया गयाहै। जिसमे विभागीय अधिकारी बैठक में भाग लेगे रोडवेज से संबंधित परिवहन सचिव दिशा निर्देश देगे।मौदहा में बस स्टाप स्थापित करने के लिये एसडीएम से जमीन को लेकर वार्ता करेगे ताकि इस दिशा में जल्द से जल्द सफलता मिल सके।

# गाड़ियों ने दिया धोखा, दूल्हे का मुंह सूखा

- बुक की गयी छह वाहनों में नही पहुंचा एक भी वाहन,पुलिस ने ट्रैवल्स एजेंसी के कसे पेंच

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

दूल्हा घर में सज धज कर दुल्हन को लाने के लिए बुक कराई गई गाड़ियों का इंतजार कर रहा था। लेकिन ट्रेवल्स वाले ने धोखा दे दिया और उसने गाड़ियां नहीं भेजी। इस पर वह थाने जा पहुंचा। थानाध्यक्ष ने ट्रेवल्स वाले से बात कर दूसरे ट्रेवल्स से गाड़ियां दिलाने के लिए निर्देशित किया है।

सुमेरपुर कस्बे के धर्मेश्वर बाबा निवासी रामहेत की गुरुवार को चित्रकूट के गुप्त गोदावरी गांव में



बारात जानी थी। उसने पुलिस को बताया कि वह करीब चार माह पूर्व दिलीप के माध्यम से 1600 रुपये प्रति गाड़ी के हिसाब से छह गाड़ियां रोहित नाम के व्यक्ति से बुक कराई थी। लेकिन आज जब वह दूल्हा बनकर तैयार हो गया तो बारात ले जाने के लिए बुक कराई गई गाड़ियां नहीं आई। जिससे परेशान होकर वह थाने पहुंच गया और अपनी समस्या से थानाध्यक्ष को अवगत कराया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौके की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल गाड़ियां बुक करने वाले रोहित के घर जा पहुंचे। जब वह नहीं मिला तो उसके पिता प्रमोद से गाड़ियां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिस पर उसका पिता तैयार हो गया है और पुलिस ने उसे थाने में बैठा लिया है। वह बारात ले जाने के लिए दूसरे ट्रैवल्स से गाड़ियां लेने की जद्दोजहद में जुट गया है। इधर ट्रैवल्स वाले की गलती का खामियाजा रामहेत को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि वह समय से नहीं निकल पाएगा। जिससे दुल्हन के घर होने वाले कार्यक्रमों में लेट लतीफी होगी।

## चोरों ने लाखों के जेवर किए पार, जांच पड़ताल शुरू

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** कस्बे में जूनियर हाईस्कूल के नजदीक एक सब्जी विक्रेता के मुनीम के यहां अज्ञात चोरो ने सोने चांदी के जेवरात सहित 50 हजार की नगदी चुरा ले गए। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की।कस्बे के जूनियर हाई स्कूल के पास रहने वाले मोहन गुप्ता सब्जी मंडी में मुनीमी का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात जब वह परिवार के साथ नीचे वाले कमरे में सो रहे थे। तभी अज्ञात चोर गैलरी के दरवाजे से घुसकर ऊपर वाले कमरे में पहुंच गए। जहां अलमारी में रखें जेवरात व नगदी चुरा ले गए। । घटना की जानकारी सुबह जगने पर हुई तो उसने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने जांच पड़ताल की और पीड़ित से तहरीर मांगी है। लेकिन शाम तक पीड़ित ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# पीड़ित ने रिश्तेदार पर लगाया पत्नी को भगाने का आरोप

- पीड़ित बोला आरोपी उसकी पत्नी की हत्या कर देगा, इसके बाद पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की उठाई मांग

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी को दूसरी युवक द्वारा भाग ले जाने का आरोप लगाकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है जिसमें आरोपी युवक को अपराधिक प्रवृत्ति का बताकर पत्नी के साथ कुकर्म कर हत्या करने का अंदेशा जताया है। कस्बे के मराठीपुरा मोहल्ला निवासी एक युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अक्सर काम के सिलसिले में घर से बाहर रहता है तथा उसके बाहर रहने का फायदा उठाकर उसका दूर का रिश्तेदार भरुआ सुमेरपुर के इमीलिया गांव निवासी राहुल धुरिया उसके जाने अनजाने में घर आना-जाना करता था। पीड़ित ने बताया कि दिनांक 3 जुलाई को जब वह अपने घर आया तो उसने देखा कि घर में रखे आभूषणों सहित नकद 20 हजार रूपये घर से गायब थे तथा उसकी पत्नी भी घर से नदारद थी, मोहल्लेवासियों से पूछने पर पता चला कि वह किसी युवक के साथ कहीं को निकल गई है। इतना सुनने के बाद उसने अपनी पत्नी को फोन लगाया तो उसका नंबर बंद जा रहा था इसके बाद पीड़ित ने शक की बुनियाद पर उपरोक्त राहुल धुरिया को भी फोन लगाया तो उसका भी मोबाइल बंद जा रहा था जिसके बाद पीड़ित ने खुलकर मंशा जाहिर की है कि उपरोक्त राहुल धुरिया ही उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर घर में रखें सोने चांदी के आभूषणों सहित नगद 20 हजार रूपये ले गया है। पीड़ित ने पुलिस को यह भी बताया कि उपरोक्त राहुल धुरिया अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा उसने शंका जाहिर की है कि उपरोक्त आरोपी युवक उसकी पत्नी के साथ कुकर्म कर हत्या कर देगा, इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मामले की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

### आकाशीय बिजली से पांच बकरियों की मौत

**मौदहा ,हमीरपुर।** क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिर जाने से नदी किनारे बकरियां चरा रहे दो किसान की पांच बकरियां बिजली की चपेट में आ गई और घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विवार थाना क्षेत्र के लदार गांव निवासी किसान शिव प्रसाद पुत्र खेता नदी किनारे बकरी चरा रहा था जिसकी दो बकरी व दो बकरे व उसी गांव निवासी फूलकुअर पत्नी लल्लू की एक बकरी आकाशी बिजली की चपेट में आ गई जिसकी मौत मौके पर ही हो गई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशू यादव ने बताया कि बुधवार की शाम हुई तेज बारिस व कड़क के साथ बिजली गिर जाने से पांच बकरियों की घटना स्थल पर मौत हो गई लेकिन अभी तक किसान की सुध लेने के लिए ना ही पशु चिकित्सक आया न हीं लेखपाल दोनों किसान गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं बकरियां मर जाने से किसानों को आर्थिक क्षति पहुंची है।



# 31 जुलाई तक चलेगा घर-घर दस्तक अभियानः चिकित्सा अधीक्षक

**घाटमपुर,समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्दश पर जारी सवारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आज घाटमपुर चिकित्सा अधीक्षक ने घर-घर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया, चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर कैलाश चंद्रा ने बताया कि घर-घर दस्तक अभियान आगामी 31 जुलाई तक चलेगा और इस दौरान गांव की आशा बहू आंगनवाड़ी तथा एनएम ( स्वास्थ्य कर्मी ) घर-घर दस्तक देंगे और अगर कोई संचारी रोगो के बारे मे जानकारी करेगे तथा वायरल फीवर, मलेरिया उल्टी दस्त जैसी बीमारियों के रोगियो को दवा देगे और उसकी सूचना अस्पताल में देगे, चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर कैलाश चंद्रा ने गावो में नालियों व घर के आसपास सफाई रखने तथा आसपास बरसाती पानी न इकठा होने देने की लोगो से अपील की है।

# हरिद्वार स्पेशल ट्रेन से गिरकर यात्री घायल, हैलट रेफर

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार सुबह बांदा से कानपुर की ओर जा रही हरिद्वार स्पेशल ट्रेन में सवार एक यात्री गिरकर घायल हो गया। घायल को रेलवे पुलिस स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस से घाटमपुर सीएससी लाकर भर्ती कराया है।

बताया जाता है कि हमीरपुर जिले के कस्बा भरूवा सुमेरपुर निवासी ज्ञान प्रकाश पुत्र राम शरण आज सवेरे स्पेशल ट्रेन कही जा रहा था और जैसे ही सजेती थाना क्षेत्र केगांव के पास नील नंबर 1390,,/3,4 मील के पास पहुंचा की तभी गेट के



पास खडा ज्ञान प्रकाश किसी गिर गया,गाव वालो की सूचना पर रेलवे पुलिस उसे सीएचसी घाटमपुर मे भर्ती कराया गया।

## मोहर्रम की चौथी तारीख को इमामबाड़ों में हुआ मजलिस

**उतरौला,बलरामपुर।** नगर समेत ग्रामीण इलाकों में मोहर्रम की चौथी तारीख को मजलिसों का सिलसिला गांवो व इमामबाड़ों में बदस्तूर जारी है यह सिलसिला पहली मोहर्रम से 12 दिनों तक उतरौला के 25 ईमामबाड़ों में एक के बाद एक सुबह 5:00 बजे से रात के 2:30 बजे तक मजलिसों का दौर चलता है। जिसमें स्थानीय व बाहर से आए हुए जाकिरे अहलेबैत खेताब करते है जिसमें हुजतुल इस्लाम मौलाना सिब्ते हैदर साहब किब्ला मौलाना मोहम्मद अली साहब किब्ला मौलाना शम्स तबरेज साहब किब्ला जमाल हल्लोरी साहब किब्ला मुख्य है। विदेशों व मुल्क के कोने कोने से अजादारो के आने का सिलसिला चल रहा है।

# क्षेत्र के हाट बाजारों में धड़ल्ले से जारी है मछलियों की बिक्री

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज़।**

मछलियों के शिकार माही पर रोक पर डीएम के आदेश के बावजूद क्षेत्र में मछलियों का शिकार माही व बिक्री जोरों से चल रहा है। तत्कालीन जिलाधिकारी बलरामपुर अरविंद कुमार द्वारा 15 जून से 30जुलाई और 15 जुलाई से 30सितंबर 2024तक नदी तालाबों में मछलियों के शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था। डीएम ने अपने आदेश में मत्स्य,राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को चेकिंग अभियान चलाकर मछलियों का शिकार करने वालों पर एफ आई आर दर्ज कराने का निर्देश दिए हैं।कारण मछलियां जैसे कतला,रोहू,नैन व विदेशी कार्प मछलियां ग्रास कार्प,सिल्वर कार्प कामन कार्प आदि अधिकांश मछलियां उक्त समय में प्रजनन करती हैं। जिसको देखते हुए नदियों व प्राकृतिक जलाशयों में सभी प्रकार की मछलियों के शिकार पर डीएम ने 15 जून से 30 जुलाई और 15जुलाई से 30 सितंबर तक रोक लगा दी है।

डीएम ने सीडीओ संजीव कुमार मौर्य को आदेश का अनुपालन कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। एडीएम वित्त एंव राजस्व प्रदीप कुमार के साथ तीनों तहसील के एसडीएम व तहसीलदारों,सभी ब्लाकों के बीडीओ, थानाध्यक्षों और नगर निकाय के ईओ को डीएम ने इस बाबत निर्देश दिए हैं।

# शासन के आदेश पर भी प्राइवेट पैथालाजी संचालक विभाग को नही देते है मलेरिया रोगों की जानकारी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन के सख्त आदेश के बाद भी प्रायवेट पैथालाजी संचालक मलेरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या मलेरिया विभाग में दर्ज नही कराते है जिससे शासन को इस संक्रामक बीमारी की सही रिपोर्ट नही मिल पाती है। मलेरिया विभाग की माने तो अप्रैल माह से अभी तक एक भी मलेरिया का मरीज नही चिंहित किया गया है। जानकारी के मुताबिक गर्मी माह में जिले में प्राइवेट पैथालाजी केंद्रों में मलेरिया मरीजो की भीड़ लगती है। शासन के सख्त आदेश है कि हर पैथालाजी संचालक प्रतिदिन रिपोर्ट मलेरिया विभाग को देगा ताकि जिले में मरीजों की वास्तविक स्थिति का आंकलन हो सके। मगर ऐसा नही हो रहा है। मलेरिया विभाग केवल सरकारी अस्पतालों से रिपोर्ट लेकर शासन को भेज देता है ताकि उसकी लापरवाही की पोल न खुल सके। हालाकि मलेरिया विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अलग से स्लाइड बनाने का काम करता है। विभाग ने जिला मलेरिया अधिकारी(डीएमओ) आरके यादव ने दावा किया है कि अप्रैल 2024 से अब तक एक जिले में एक भी मरीज मलेरिया का नही पाया गयाहै अप्रैल तक 17686 मरीजों की स्लाइडे बनाकर जांच भी की जा चुकी है मगर उसमे भी एक भी मरीज नही पाया गया है। यह बात किसी के गले नही उतरती है। उन्होने बताया कि पिछले चार सालों में मलेरिया पीएफ के एक भी मरीज नही पाये गये है। जब कि हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया के सैक़डो मरीज झोला छाप डाक्टरों से इलाज कराया है। इसी प्रकार डेगू के पिछ्से साल करीब दो दर्जन मरीजों की मृत्यु हुई थी मगर विभाग ने शासन को भेजी गयी रिपोर्ट में कहा है कि जिले में चार साल में केवल दो मरीजों की डेगू से मृत्यु हुई है। जिले में वेक्टर जनित रोगो से सैकड़ो लोग पीड़ित रहते है।

# सफाई कर्मी की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

▸ भाई ने ही गोली मारकर की थी हत्या

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**थाना बदोसराय** के मुरई गाँव में सफाई कर्मी अरविन्द वर्मा की हत्या का 5 दिनों के अन्दर सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त,सगे भाई को गिरफ्तार किया गया है।छह जुलाई को थाना बदोसराय के ग्राम मुरई मजरे मधनापुर निवासी अशोक कुमार पुत्र रामसागर द्वारा थाने को लिखित सूचना दी गयी कि मेरे भाई अरविन्द व वीरेन्द्र कुमार हमारे मुरई गाँव मे ही नवनिर्मित मकान में सो रहे थे कि 5/6-7-2024 की रात्रि मे किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरे भाई अरविन्द कुमार की गोली मारकर हत्या कर दिया है।उक्त प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बदोसराय पर मुअसं 154/2024 धारा 103(1) बीएनएस 2023 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (उ0) एवम् क्षेत्राधिकारी रामनगर के नेतृत्व मे स्वाट एवम् सर्विलान्स सहित 4 टीमों का गठन किया गया।चूँकि इस घटना का कोई चश्मदीद साक्षी नहीं था और जिस घर मे यह घटना घटित हुई थी उस समय उस घर में मृतक अरविन्द के अतिरिक्त मात्र उसके सगे भाई वीरेन्द्र कुमार ही थे।घर का दरवाजा भी अन्दर से बंद था।मृतक जहाँ पर सो रहा था वहाँ पर एक खिड़की थी,लेकिन मृतक के सिर पर जहाँ गोली का घाव था वहाँ पर वैज्ञानिक परीक्षण व परिस्थितिजन्य साक्ष्यो के आधार पर यह स्पष्ट रुप से प्रतीत हो रहा था कि मृतक के ऊपर जो फायरिंग की गयी है वह खिड़की से नही की जा सकती है क्योंकि जहाँ पर मृतक का सिर था वहाँ पर उक्त खिड़की में लगे हुए लोहे की ग्रिल की सरिया के बीच की दूरी मात्र 1.5 इंच ही थी, जिसमे से हाथ डाल कर सिर के ऊपर ले जाकर फायरिंग किया जाना सम्भव नही था।मृतक के शरीर पर गोली लगने से बने घाव मे बुलेट की इन्ट्री सामने से हुई थी। उपरोक्त प्राप्त भौतिक एवम् वैज्ञानिक साक्ष्यो को इलेक्ट्रानिक सर्विलान्स एवं ग्राउन्ड इंटेलीजेन्स के माध्यम से अग्रेतर परीक्षण करते हुये सभी सम्भावित पहलुओं पर जाँच की गयी तो यह ज्ञात हुआ कि मृतक का सगा छोटा भाई वीरेन्द्र कुमार वर्मा उम्र लगभग 36 वर्ष प्रापर्टी



आदि का काम करता है।बिजनेस के सिलसिले में उसने कई लोगो से काफी पैसे उधार लिया है जिसकी अदायगी न कर पाने के कारण उसके ऊपर काफी कर्ज हो गया है, जिस कारण जिन लोगों के द्वारा उसे पैसे उधार दिये गये हैं उनके द्वारा बार-बार अपने दिये हुये कर्ज की रकम का तगादा किया जाता है।चूँकि वह अपने भाई अरविन्द (मृतक) के साथ रहता था,तो लोग अरविन्द से भी पैसा मांगा करते थे कि तुम्हारे भाई ने पैसा लिया है तो तुम ही पैसे दो।चूंकि अरविन्द (मृतक) सरकारी सफाईकर्मी था अतः उसने अपने वेतन से कुछ लोगो का पैसा भी अदा कर दिया था,लेकिन इसके लिये वह वीरेन्द्र को आये दिन ताना देता रहता था कि कर्ज तुम लिये हो और चुकता मैं कर रहा हूँ।इस बात को लेकर मृतक अरविन्द व उसके भाई वीरेन्द्र के बीच कई बार झगड़ा भी हो चुका था।कर्ज और कर्ज की अदायगी को लेकर वीरेन्द्र का उसके भाई अरविन्द से सम्बंध तनाव पूर्ण हो चुका था।विवेचना के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश मे आया कि अभियुक्त वीरेन्द्र का मृतक की पत्नी से अवैध सम्बंध था।विवेचना से यह तथ्य भी प्रकाश मे आया कि वह अक्सर अपनी भाभी से मिलने के लिये बाराबंकी जाया करता था,जहां वह किराये के मकान पर अपने बच्चो के साथ रहा करती थी।वीरेन्द्र को यह पता था कि उसके भाई अरविन्द ने लगभग रुपया 50,00,000 का चार बीमा कराया है।यदि वह मर जाता है तो अच्छी खासी रकम मिलेगी।जिससे वह उधार लिये गये कर्ज को चुका सकता है,क्योंकि मृतक की पत्नी उसके प्रभाव में थी।साथ ही उसकी भाभी को अपने पति (मृतक) की जगह नौकरी मिल जायेगी।जिससे उसके आगे का खर्च भी चलता रहेगा।इसी मकसद से मौका पाकर दिनांक 05/06.07.24 की रात्रि जब अरविन्द (मृतक) सो रहा था तब वीरेन्द्र ने लगभग 02.30 बजे अपने भाई अरविन्द को उसके सोने के दौरान ही सिर मे गोली मार कर हत्या कर दिया और इस सजिश के तहत सोने का बहाना बनाकर घर के अन्दर सुबह होने तक लेटा रहा।जब सुबह उसके एक परिजन घर पर आये तब उसने अभी-अभी सोकर जगने का बहाना करते हुये घर का गेट खोला ताकि सबको लगे कि वह घटना से अनजान है और सोया हुआ था।इस प्रकार मृतक के भाई वीरेन्द्र ने अपनी भाभी से अवैध सम्बंध व भाई के पैसो के लालच में गोली मारकर उसकी हत्या कर दिया।

# तीन दर्जन छात्रों को कमरे में बंद करके शिक्षिका ने की पिटाई, कार्रवाई की मांग

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

**शिक्षा** क्षेत्र हैदरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय रामपुर बारा में कार्यरत एक शिक्षिका द्वारा कमरे में बंद करके लगभग तीन दर्जन छात्र-छात्राओं की पिटाई का मामला सामने आया है। शिक्षिका द्वारा की गई पिटाई से आक्रोशित अभिभावकों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

तहरीर मिलने के बाद पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय में तैनात अध्यापिका सपना जायसवाल की जेब से ?200 गायब हो गए थे । इसी बात को लेकर वह आक्रोशित हो गई और उन्होंने एक अच्छा तीन से पांच तक के जो निहालों को पूछताछ के बहाने एक कमरे में बंद कर दिया। कमरे में बंधन डर की वजह से सहमे हुए थे । बताते हैं कि आरोपी अध्यापिका एक-एक करके सभी बच्चों को अपने पास बुलाती और गायब हुए ?200 मांगती। बच्चों के



मुंह से पैसे ना लेने की बात निकलते ही पटरी नुमा लकड़ी से विदाई शुरू कर देती ।बेरहम अध्यापिका ने एक दो नहीं इस तरह करके तीन दर्जन से अधिक नौनिहालों की पिटाई कर दी। जिससे सभी बच्चे घायल हो गए छुट्टी होने के बाद घर पहुंचे बच्चों ने अध्यापिका की बेरहमी की जानकारी अपनी माता-पिता को दी आक्रोशित अभिभावक विद्यालय पहुंचे लेकिन तब तक अध्यापिका अपने घर के लिए रवाना हो चुकी थी। इसके बाद आधा दर्जन अभिभावक अध्यापिका की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर देखकर कठोर कार्यवाही की मांग की। अध्यापिका की इस कैरी सहेली को लेकर अभिभावकों के साथ-साथ रामपुर एवं बारा सहित पास पड़ोस के कई गांव के ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# दिव्यांग सेवा संस्थान के संचालक सहित तीन लोग गिरफ्तार

▸ मानसिक मन्दित बालिकाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज

**हैदरगढ़ तहसील** मुख्यालय से सटे नरेंद्रपुर गांव में अवैध ढंग से संचालित अमर दिव्यांग सेवा संस्थान के संचालन से जुड़े एवं दो मंदबुद्धि लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म अपहरण के मामले में आरोपित संचालक एवं महिला साथी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कोतवाली पुलिस ने जेल के लिए रावाना किया है संस्थान की संचालिका सुनीता देवी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके हैदरगढ़ पुलिस द्वारा की गई छानबीन में सामने आया कि जनपद सुल्तानपुर के निवासी राजेश कुमार रत्नाकर द्वारा प्रबंधक के रूप में सुल्तानपुर जनपद से पंजीकृत करवरकर अवैध रूप से हैदरगढ़ के नरेंद्रपुर में उक्त सेवा संस्थान का संचालन किया जा रहा था ।अवैध रूप से संचालित इस केंद्र का संचालन सुनीता देवी द्वारा किया जा रहा था । मुकदमा दर्ज कराने वाली सुनीता देवी ने पुलिस को बताया कि इस केंद्र पर पिछले कई माह से चार मूक बधिर व मंदबुद्धि लड़किया एवं एक मंदबुद्ध लड़का रह रहे थे। सुनीता देवी ने यह भी बताया कि राजेश कुमार रत्नाकर केंद्र पर अक्सर आया जाया करता था। गत 25 व 30 अप्रैल को भी वह अपनी साथी राम कैलाश के साथ केंद्र पर आकर मंदबुद्धि लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था । संचालिका ने बताया कि गत 21 जून को जब लड़कियों को खाना पानी खिला-पिला कर वह राशन के इंतजाम में केंद्र से बाहर गई थी। उसी दिन दोपहर में यहां राम कैलाश, अमृता देवी व पुलिस कर्मियों के साथ सफेद कार से आए प्रबंधक राजेश कुमार रत्नाकर ने मूक बधिर बच्चों की गिनती करवाई और एक लड़की कम होने की बात कही । जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 240/ 24 धारा 376 डी,366/ 506 भारतीय दंड विधान के तहत संस्थान के डायरेक्टर सहित तीनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया और अभियुक्तो की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे। उपरोक्त अभियोग में प्राथमिक स्तर पर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने राजेश कुमार रत्नाकर पुत्र छैलूराम चौधरी निवासी टी0ई0ए0टी0, एमजीएस चौराहा, सिविल लाइन, थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर, रामकैलाश गौतम पुत्र स्व0 मायाराम निवासी खजुरिहा थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी व अमृता देवी पत्नी स्व0 महेश निवासिनी नरायनपुर थाना देहात कोतवाली जनपद सुल्तानपुर को में गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि रत्नाकर द्वारा पूर्व में वादिनी मुकदमा सुनीता की भूमि जो जनपद सुल्तानपुर में अवस्थित थी, जिसकी बिक्री कराकर समस्त रुपया ले लिया गया था।

जिलाधिकारी बाराबंकी द्वारा कमेटी का गठन कर अमर दिव्यांग सेवा संस्थान आश्रयगृह, ग्राम नरेन्द्रपुर का निरीक्षण कराया गया, व्यवस्था सही न होने पर 01 ज्ञात आश्रित को उसके घर एवं 03 अज्ञात आश्रितों को लखनऊ में शिफ्ट कराया गया।। वहीं 04 टीमों का गठन कर अपहृत युवती की तलाश हेतु हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। इस मामले की जांच और गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी,उ0नि0 हर्दोष सिंह, सतीश कुमार दीक्षित, हे0का0 वरुण भानू तिवारी, का0 पंकज यादव,मोहन यादव, प्रांशू कटियार, रामपाल यादव, म0का0 निधि शुक्ला थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी शामिल रही।

# आतंक का पर्याय बना बन्दर, आधा दर्जन लोगों को किया जख्मी

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज



पिछले एक सप्ताह से आतंक का पर्याय बना बंदर अब तक आधा दर्जन लोगों पर हमला कर जख्मी कर चुका है फिर भी वन विभाग एवं प्रशासन इस समस्या को नजर अंदाज कर रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

थाना लोनीकटरा केजौरास गांव में पिछले एक सप्ताह से कटखने बंदर का आतंक की व्याप्त है। बंदर के आतंक से लोगो को रोजमर्रा के काम निपटाना में भी भाई का सामना करना पड़ रहा है कब कहां पर बंदर हमला बोल देगा किसी को पता नहीं हैं । यह बंदर अब तक गांव निवासी सचिन पुत्र सुरेंद्र बुसरा पुत्री आरिफ एवं सुशील की पत्नी सहित आधा दर्जन लोगों को हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में फैले बंदर के आतंक के बारे में स्थानीय वन कर्मियों को सूचना देने के बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है इससे लोगों का कहीं आना जाना भी कठिन साबित हो रहा है।

## खबरें एक नजर में

### ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में शिक्षकों ने चलाया असहमति हस्ताक्षर अभियान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध को लेकर असहमति हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमे ब्लॉक के शिक्षकों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने कहा कि संगठन द्वारा दिये गए 21 सूत्रीय मांगपत्र को मानने की बजाय सरकार द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति को शिक्षकों के ऊपर थोपा जा रहा है।सभी शिक्षक इसका पुरजोर विरोध करेंगे। ब्लॉक मंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारी मांगे पूरी होने तक हमारा विरोध जारी रहेगा। शिक्षक किसी दबाव में आने वाला नही है। हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख रूप से प्रेम नारायण मिश्र,अवधेश कुमार,आशीष त्रिवेदी,श्रीकृष्ण मिश्रा,सत्यप्रकाश सिंह,अमित अवस्थी,देवेंद्र श्रीवास्तव,आमोद सिंह,अन्नपूर्णा मिश्रा,निरुपमा मिश्रा,लक्ष्मी खरे,प्रदीप मिश्रा,सत्यदेव सिंह,राजेंद्र पांडेय,अश्वनी पांडेय,ब्रजेंद्र सिंह,अनिल सिंह, श्रद्धामणि, चंद्रप्रकाश सिंह, अभिषेक सिंह,ज्ञानप्रकाश ,दुष्यंत सिंह,प्रीति सिंह,जितेंद्र वर्मा,रमेश यादव,सीमा ,भावना मिश्रा,कविता साहू,मदन मोहन,विपिन सिंह,अवध बिहारी,अनीता गुप्ता,संदीप सिंह,योगेंद्र मिश्रा, किरन सिंह,प्रियंका द्विवेदी,अनुपमा गुप्ता,एकता साहू,प्रेम चंद्र आदि सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### अमृत सरोवर का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने गुरुवार को विकास क्षेत्र के अन्दऊमऊ गांव में स्थित नेता सुभाष चंद्र बोस अमृत सरोवर मालिनपुर का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आगामी दिनों में राहत वृक्षारोपण अभियान के तहत होने वाले वृक्षा रोपण को लेकर चयनित किए गए स्थलों का भी जायजा लिया और आवश्यक तैयारियां समय से करने के निर्देश दिए गए।

### कन्टेनर की टक्कर से किशोर की मौत

**मसौली बाराबंकी।** गुरुवार की सुबह धान रोपाई के लिए खेत जा रहे 17 वर्षीय किशोर को कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए क्षेत्राधिकारी नगर, सदर व थाना सफदरगंज मसौली ने लोगो को शांत कराते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकीपुरवा निवासी 17 वर्षीय अमित कुमार उर्फ़ जालिम पुत्र अनंतराम अपने चाचा प्रेमचंद्र के साथ खेत मे धान की रोपाई के लिए जा रहे थे कि ग्राम प्रतापगंज के निकट हाइवे पर विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर ने अमित को जोरदार टक्कर मार दी जिससे अमित की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। गाव के निकट हुई दुर्घटना गाँव पहुंचते ही तमाम ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गये सूचना पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नगर जगत राम कनौजिया, सीओ सदर सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक सफदरगंज सुधीर कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मसौली अरुण प्रताप सिंह ने लोगो को समझा बुझा कर मामले को शांत कराते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा कंटेनर को कब्जे मे ले लिया है ।

### जिला पंचायत अध्यक्षा ने किया विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा का शुभारम्भ

**बाराबंकी।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यायल बाराबंकी के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत के कर कमलो द्वारा द्वीप प्रज्जवलित करके किया गया। उक्त अवसर पर डा0 अवधेश कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 राजीव दीक्षित नोडल अधिकारी, परिवार कल्याण समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मो0 इमरान जिला प्रबन्धक परिवार कल्याण, विवेक कुमार अवस्थी पटल सहायक, जुबैर व अन्य उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी, परिवार कल्याण ने कहा कि समस्त हेल्थ वेल्नेस सेन्टरो पर नव दम्पतियों की काउसिलिग एवं नवीन गर्भ निरोधक विधियों की सेवायें उपलब्ध कराई जायेगी तथा उसकी रिपोटिंग उपलब्ध प्रारूप में जनपद स्तर पर प्रेषित की जायेगी। नोडल अधिकारी परिवार कल्याण द्वारा बताया गया कि जनपद बाराबंकी के परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जनमानस में विगत कई वर्षों की तुलना में काफी सुधार आया है। अन्त में राजरानी रावत की सहमती से मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की उ?द्घोषणा की गई।

### देश का विकास सिर्फ पीएम मोदी के नेतृत्व में ही संभवः अवनीश सिंह

**बाराबंकी।** एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि देश का विकास सिर्फ पीएम मोदी के नेतृत्व में ही संभव है।जिसका प्रमाण प्रधानमंत्री मोदी के विगत दस वर्षो में किए गए ऐतिहासिक कार्यो की लंबी फेहरिस्त है।उनके पिछले कार्यकाल के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए ही देश की जनता ने उन्हें भारत का लगातार तीसरी बार नेतृत्व करने का मौका दिया है।कहा विपक्ष के भ्रामक प्रचार के बावजूद देश की जनता ने राष्ट्र की एकता, अखंडता व समृद्धि के लिए बढ़ चढ़ कर मतदान किया।जिला प्रभारी गुरुवार को जैदपुर विधानसभा के हरख ब्लॉक सभागार में मतदाता अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कहा कि बाराबंकी की लोकसभा सीट भाजपा भले न जीत पाई हो मगर जिले के पांच लाख से अधिक मतदाताओं ने भाजपा को वोट करके पार्टी की नीतियों और पीएम मोदी पर भरोसा जताया है जिसके लिए पार्टी प्रत्येक विधानसभा में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित करके उन्हें धन्यवाद ज्ञापित कर रही है।जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि सदन में प्रधानमंत्री जब जवाब देते हैं तो विपक्ष के नेता पीएम मोदी को सुनने के बजाय हंगामा करते है या सदन छोड़कर भाग जाते हैं।

# दिल्ली में कमाने गए युवक की जंगल में मिली लाश



हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**दिल्ली शहर** में रहकर परिवार के लिए आजीविका कमाने वाले एक 19 वर्षीय युवक का शव गुरुवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के सराय निरहू जंगल से एक पेड़ से लटकता हुआ बरामद हुआ। युवक दिल्ली से कब लौटा और किन परिस्थितियों में फांसी से लटक गया इसके बारे में परिजनों व ग्रामीणों को कुछ भी पता नहीं है । सराय निरहू गांव निवासी राजू पाल का 19 वर्षीय पुत्र अंकित पाल दिल्ली शहर में रहकर परिवार की आजीविका कमाता था। गुरुवार की सुबह खेतों में धान की रोपाई करने जा रहे ग्रामीणों ने देखा कि जंगल में आम के पेड़ से एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटक रहा है। घटना की सूचना आग की तरह पूरे गांव में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। शव को पेड़ से नीचे उतारा गया तो मृतक की पहचान अंकित पाल पुत्र राजू पाल के रूप में हुई। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक दिल्ली से कब लौटा इसका पता ना घर वालों को है और ना ग्रामीणों को। बताते हैं कि मृतक की शादी आगामी नवंबर माह में होनी सुनिश्चित हुई थी। जिसके लिए वधू पक्ष द्वारा वरीक्षा भी चढ़ा दिया गया था। युवक की हत्या हुई है या फिर यह आत्महत्या है यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

# पांच वर्ष से अधिक लंबित वादों का प्रतिदिन सुनवाई कर करें निस्तारित

▸ सरकारी कार्यालय परिसरों में वृक्षारोपण करने की चलाये मुहिम
▸ पैमाइश, कुर्रे, पत्थर गड्डी, वरासत के प्रकरण किसी भी हाल में लंबित न रहें
▸ डीएम ने तहसील व ब्लाक कार्यालय के निरीक्षण में दिये निर्देश



जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

**डीएम राजेश** पांडेय ने तहसील व ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण कर पत्रावलियों एवं अभिलेखों का रख रखाव कार्यालय व परिसर की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

डीएम ने एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर पांच वर्ष पुराने वादों और उनकी सूची, केस डायरी, आर्डर शीट, मिसिल बंद पत्रावलियों, निर्णित वादों की कार्रवाई से संबंधित अभिलेखों आदि का निरीक्षण कर निर्देश दिया कि पांच वर्ष से अधिक अवधि के लंबित वादों की प्रतिदिन सुनवाई कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। साथ ही निर्णित वादों के अनुपालन की भी नियमित समीक्षा कर शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने तहसील के विभिन्न पटलों एवं परिसर का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई इत्यादि का जायजा लिया। कहा कि पैमाइश, कुर्रे, पत्थर गड्डी, वरासत के प्रकरण किसी भी हाल में लंबित न रहें। ऐसे मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। आय, जाति, निवास व हैसियत प्रमाणपत्र को समय सीमा में बनाने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया। साथ ही निर्देश दिए कि लबिंत प्रकरण होने पर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। परिसर को साफ सुथरा रखने और परिसर में अधिक से अधिक पौधों का रोपण कराने के भी निर्देश दिए। तहसील के निरीक्षण के बाद वह खंड विकास कार्यालय के निरीक्षण के लिए भी पहुंचे। जहां उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि कर्मचारियों की टेबल पर उनकी नाम पट्टिका भी लगवाएं। स्थापना पटल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका, जीपीएफ पासबुक का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया कि सभी अभिलेखों का अपडेट रखें। बीडीओ को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कोई भी आवेदन लंबित न रहे और जो आवास निर्माणाधीन है उन्हें अतिशीघ्र पूर्ण करवाएं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों में अमृत वन लगाना सुनिश्चित किया जाए।

**विवाद** | दो संदिग्ध व्यक्तियों पर जबरन कब्जे का आरोप लगाते हुए मीडिया के सामने मुखर हुए स्वामित्व विवाद के पक्षकार

# रामनगरी स्थित सुरसर मंदिर में सामने आया कब्जेदारी का विवाद

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**रामनगरी में** श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से जमीनों और मंदिरों में कब्जेदारी का विवाद बदस्तूर सामने आ रहा है।इसी कड़ी में गुरुवार को रामनगरी के अति प्राचीन मंदिर में कब्जेदारी का विवाद सामने आया है।यह अति प्राचीन मंदिर नयाघाट स्थित सुरसर मंदिर है जिसमें कब्जेदारी विवाद को लेकर गुरुवार को मंदिर के स्वामित्व विवाद के पक्षकार अवध राम शुक्ला मीडिया से मुखातिब हुए।पत्रकारों से बात करते हुए श्री शुक्ल ने बताया कि वे साकेतवासी डॉ निर्मल कुमार पाणिग्रही का शिष्य होने की नाते न केवल मंदिर के महंत व सर्वराकार हैं बल्कि स्वामित्व को लेकर अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय के साथ जिला एवं सत्र न्यायालय जनपद अयोध्या से लेकर माननीय उच्च न्यायालय तक चल रहे मुकदमों के मुख्य पक्षकार भी है।उन्होंने बताया कि बीती 29 जून की देर शाम स्वयं को अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय से वर्ष 2020 में ही निष्कासित कर दिए गए महंत विरागानंद के साथ षड्यंत्र करके स्वयं को खुफिया एजेंसी ÷रॉ÷ का एजेंट और भारतीय जनता पार्टी का नेता बताने वाले देवदत्त माझी और कोलकाता निवासी आकाश जायसवाल के द्वारा दो संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों को मंदिर में जबरन प्रवेश करा दिया गया।इन दोनों संदिग्ध व्यक्तियों ने अपना नाम श्री प्रकाश जायसवाल व भोला जायसवाल बताने के साथ ही खुद को खुफिया एजेंसी ÷रा÷ से संबंधित बताया।उन्होंने बताया कि मंदिर में जबरन घुसकर कमरों में कब्जा करने वाले इन दोनों संदिग्ध व्यक्तियों के पास अयोध्या जिले का निवासी तथा मंदिर प्रबंधन या अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय से जुड़े होने का कोई प्रमाण तक नहीं है।इसके बावजूद भी ये दोनों संदिग्ध व्यक्ति मंदिर



में जबरन घुस गए हैं और मंदिर कि कमरों में अवैध कब्जा कर लिया।इन दोनों संदिग्ध लोगों द्वारा मंदिर के कमरों में अवैध कब्जे के प्रयास का विरोध करने पर इन दोनों संदिग्ध लोगों ने मंदिर में रहने वाली करीब 80 वर्षीय वृद्ध माता गोपा विश्वास के साथ अभद्रता, मारपीट और आपराधिक घटना कारित करने का प्रयास भी किया।श्री शुक्ल ने बताया कि उनके द्वारा सूचना देने पर मैं भी तत्काल मौके पहुंचा और 112 नंबर की पुलिस भी पहुंची।हम सभी की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने उन दोनों संदिग्ध लोगों से मंदिर के कमरों में बंद किए गए तालों को खोलने के लिए कहा लेकिन उन पुलिस कर्मियों से स्वयं को भारतीय जनता पार्टी के मंत्रियों तथा ÷रॉ÷ एजेंट का करीबी होने का परिचय देकर इन दोनों संदिग्ध लोगों ने मंदिर का ताला खोलने से इन्कार कर दिया।उन्होंने बताया कि इससे भी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण घटना यह रही की उस दिन के बाद से लगातार उन वृद्ध माता गोपा विश्वास तथा उनके द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या व क्षेत्राधिकारी अयोध्या से लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तक से मिलकर इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत की गई और मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन अज्ञात दबाव में आज तक उन दोनों संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिसके बाद अब उन दोनों संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा इस मंदिर में कभी भी कोई बड़ी वारदात घटित की जा सकती है। महंत श्री शुक्ल ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के मुख्य षड्यंत्रकर्ता कथित भाजपा नेता और स्वयं को खुफिया एजेंसी ÷रा÷ का एजेंट बताने वाले देवदत्त मांझी के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज होने, इसके बावजूद भी उन्हें पैरामिलिट्री सुरक्षाकर्मी प्राप्त होने तथा उनके द्वारा मंदिर और आसपास के क्षेत्र में दबदबा बनाने के लिए इन पैरामिलेट्री सुरक्षा कर्मियों को अयोध्या लाने की भी सूचना प्राप्त हुई है जिसके साक्ष्य स्वरूप फोटो और वीडियो उनके पास उपलब्ध है तथा जिसकी पुलिस,प्रशासनिक व खुफिया संगठनों द्वारा जांच अब अति आवश्यक है।उन्होंने बताया कि मंदिर के स्वामित्व को लेकर मेरे तथा अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय के बीच चल रहा विवाद जिला एवं सत्र न्यायालय में विचाराधीन है तथा इस प्रकरण में किसी भी न्यायालय द्वारा अभी तक किसी के पक्ष में कोई आदेश नहीं दिया गया है।इसके बावजूद भी अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय से निष्कासित महंत विरागानंद के साथ षड्यंत्र करके कथित भाजपा नेता व खुद को खुफिया एजेंसी ÷रॉ÷ का एजेंट बताने वाले देवदत्त मांझी और आकाश जायसवाल के द्वारा भेजे गए इन दोनों बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों के इस दुस्साहिक कृत्य से आशंका ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास हो गया है कि मंदिर के कमरों में जबरन काबिज हो चुके ये दोनों व्यक्ति आपराधिक छवि के व्यक्ति हैं,इन दोनों व्यक्तियों का किसी न किसी प्रतिबंधित संगठन से संबंध है तथा सुरसर मंदिर में ये दोनों व्यक्ति सुरसर मंदिर या रामनगरी अयोध्या के खिलाफ किसी विशेष षड्यंत्र को अंजाम देने की नीयत से दाखिल हुए हैं जिससे अब न केवल सुरसर मंदिर की सुरक्षा बल्कि रामनगरी अयोध्या की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

# वृक्षारोपण अभियान से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण कर ली जाएं : डीएम

**आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़




**प्रदूषण को** रोकने के लिए वृक्षारोपण ही एक मात्र उपाय है। मानव जीवन को सुखी, समृद्धि व संतुलित बनाये रखने के लिये वृक्षारोपण है, जरूरी। पर्यावरण संरक्षण एंव वृक्षारोपण के प्रति आम जनमानस को जागरूक किया जाये। फलदार वृक्षों के साथ-साथ छायादार वृक्ष भी लगाये जाये। वृक्षारोपण किये जाने हेतु आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाये। वृक्षारोपण कार्य समय से पूर्ण किया जाये। उक्त निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला गंगा समिति तथा जिला वृक्षारोपण समिति की आयोजित बैठक करते हुये संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त प्रधान प्रत्येक ग्राम पंचायत में सगौन का पौधा लगाने हेतु संबंधित खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम सचिवाचय से संपर्क कर पौधा प्राप्त कर लें। उन्होनें उपस्थिति अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप वृक्षारोपण का महत्व एंव जीवन शैली में वृक्षों की उपयोगिता को आम जनमानस को बताते हुये पूरे उत्साह एंव सामजिक सहभागिता के साथ शत-प्रतिशत वृक्षारोपण कराते हुये लक्ष्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य 3835520 पौधो को रोपित किये जाने के सापेक्ष विभागों द्वारा पौधों की उठान शत-प्रतिशत सुनिश्चित की ली जाये। उन्होनें कहा कि वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के साथ-साथ सामाजिक वानिकी के प्रोत्साहन हेतु नगर पालिका क्षेत्रों, मनरेगा द्वारा कराये जा रहे अमृत सरोवर गौशाला आदि के आस-पास वृक्षारोपण कराया जाये। जिससे कि आस-पास का वातावरण हरा-भरा एंव सौन्दर्यीकृत हो सके। उन्होनें कहा कि वृक्षारोपण अभियान से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण कर ली जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। बैठक में प्रभागीय वानिकी अधिकारी डॉ हेमन्त कुमार सेठ, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सहित नोडल विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीओ नें नगर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



पुलिस बल के साथ भ्रमण करते सीओ व कोतवाल

**उच्चाधिकारियों के** निर्देशन में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सीओ सदर व प्रभारी निरीक्षक नें दलबल के साथ नगर भ्रमण कर जहां एक ओर सुरक्षा का अहसास कराया गया। वहीं दूसरी ओर अतिक्रमणकारियों को हद में रहने की चेतावनी भी दी गई।

गुरूवार को सीओ सदर कमलेश कुमार ने प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे सहित भारी पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन, फतेहगढ रोढ, चकोर रोड, पर पैदल भ्रमण कर जहां एक ओर नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए अराजक तत्वों की सूचना देने की अपील की वही दूसरी ओर अतिक्रमणकारियों को हद में रहनें की हिदायत भी दी। उधर पूर्व संध्या पर प्रभारी निरीक्षक नें नगर भ्रमण के दौरान रोड के किनारों पर अवैध अतिक्रमण लगाए दुकानदारों को हद में रहनें की चेतावनी दी। बताते चलें कि नगर के व्यस्ततम मार्ग जीटी रोड पर कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान का सामान रखकर अवैध अतिक्रमण करने से आवागमन करने वाले नागरिकों व राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान उनके साथ उनके साथ कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह, आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## रिटायर्ड फौजी से मारपीट करने पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज़।** प्लाट की नीव खोदने के दौरान एक रिटायर्ड फौजी से मारपीट करने व जातिसूचक गालियां देकर अपमानित करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर तीन नामजद व दो से तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा तिर्वा कोतवाली में दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी गोविन्द दिवाकर पुत्र तुलसीराम ने कनपटियापुर गांव निवासी रणजीत उर्फ रामू, सतीश पुत्रगण अमर सिंह व नाहर सिंह पुत्र बृजकिशोर व दो से तीन अज्ञात निवासी पतरियनपुर्वा के खिलाफ जाति सूचक गालियां देने व लाठी-डंडो का मामला दर्ज कराया है। बताया है कि एक जून को एसडीएम तिर्वा को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अपने प्लाट पर दबंगो द्वारा अबैध कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज की थी। इस शिकायत पर एसडीएम तिर्वा ने कोतवाली प्रभारी को मौके पर जाकर जांच करने व अबैध कब्जा हटवाने का निर्देश दिया था। जिसपर 11 जून को तिर्वा कोतवाली प्रभारी व राजस्व टीम मौके पर गई। उन्होने अबैध कब्जा हटवाते हुए उनसे निर्माण कार्य शुरू कराने को कहा। इसपर 12 जून को सुबह 08 बजे वह जब अपने प्लाट की नींव खोद रहा था। तब उसी समय उक्त दबंग लोग आए और जाति सूचक गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। उसका निर्माण कार्य भी बंद करा दिया। इस शिकायत को लेकर वह तिर्वा कोतवाली आया, तो पुलिस ने शिकायत भी दर्ज नहीं की।

## सड़क हादसे में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज़।** छिबरामऊ के मंडी समिति के निकट बुधवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार ग्रामीण घायल हो गया था। गुरूवार को मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने ग्रामीण की हत्या करने का आरोप जड़ा। छिबरामऊ के नगला विजय नगर निवासी विश्वनाथ (55) पुत्र सीताराम बाइक से किसी काम से जा रहे थे। मंडी समिति के निकट वह सड़क हादसे में घायल हो गए। घायल को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। गुरूवार को उपचार के दौरान ग्रामीण ने इमरजेंसी वार्ड में दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। परिजनों ने मामले की जानकारी छिबरामऊ पुलिस को दी। मामले में छिबरामऊ कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## दूर संचार कंपनी ने तोड़ी जलापूर्ति लाइन जल संस्थान के लिये बनी मुसीबत

**उरई (जालौन)।** दूर संचार कम्पनी द्वारा मुन्ना फुलपावर चौराहा पर तोड़ी गई जलापूर्ति लाईन अब जल संस्थान के लिए मुसीबत बन गई है। दो दिन से विभाग को टूटी लाईन ढूढ़े नही मिल रही है। विदित हो कि सोमवार को दूर संचार कम्पनी के ठेकेदार द्वारा जमीन के अन्दर केबिल डालने का काम किया जा रहा था इसी दौरान ड्रिलिंग करते समय मशीन से जलापूर्ति लाईन टूट गयी थी जिससे मुन्ना फुल पावर चौराहा स्थित दयानन्द वाल विद्या मन्दिर के सामने पानी की धार बह रही है जो बहकर विद्यालय के अन्दर तक जा रहा है जिसके चलते नौनिहालों को कीचड़ और पानी की बीच से गुजरना पड़ रहा है। हालाकि पाईप लाईन टूटने की जानकारी पर मौके पर आये जल संस्थान विभाग के कर्मचारियों ने टूटी पाईप लाईन दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी है लेकिन आलम यह है कि बिगत दो दिनों से लाईन ढूंढ़ने के लिए कर्मचारी खुदाई कर रहे हैं लेकिन उन्हें टूटी लाईन नहीं मिल रही है जिससे जलापूर्ति बाधित होने के साथ विद्यालय में पानी भर रहा है। जल संस्थान के अवर अभियंता आलोक कुमार के अनुसार नगर में जलापूर्ति की लाईने साठ के दशक में डाली गई थी जो समय के साथ काफी गहरी हो गई है इसलिए पाईप लाईन खोजने में परेशानी आ रही पर शीघ्र ही इसे ढूंढ़कर इसे दुरुस्त कर दिया जाएगा।

## हाईकोर्ट से मिला नगर पालिका के दिव्यांग कर्मचारी को न्याय

**जालौन (उरई)।** वर्ष 2007 से नगर पालिका में कार्यरत दिव्यांग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को बीते लगभग एक वर्ष काम नहीं करने दिया जा रहा है। इतना ही नहीं उसे फरवरी 2023 से वेतन भी नहीं दिया जा रहा था। जिसके बाद दिव्यांग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने न्यायालय की शरण ली। पीड़ित के अधिवक्ता ने बताया कि न्यायालय ने यदि याचिकाकर्ता की सेवा समाप्त नहीं हुई है तो उसे काम करने की अनुमति दी जाए। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र कुमार व विनय कुमार निगम ने बताया कि नगर निवासी दिव्यांग वर्ष 2007 में नगर पालिका में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत हुआ था। वह तबसे लगातार काम कर रहा था। लेकिन लगभग एक वर्ष पूर्व उसे नगर पालिका में काम करने से मना कर दिया गया। इतना ही नहीं उसे फरवरी 2023 से नगर पालिका द्वारा वेतन भी नहीं दिया गया और न ही अब काम करने दिया जा रहा है। जिसके बाद उन्होंने न्यायालय में याचिका दाखिल की। याचिका पर निर्णय देते हुए माननीय न्यायालय ने आदेश दिया है कि यदि याचिकाकर्ता को बिना किसी आदेश के निकाला गया है अथवा उसकी सेवा समाप्त नहीं की गई है तो उसे काम करने की अनुमति दी जाए और उसे वेतन दिया जाए।

## तहसील कालपी में 20 लेखपालों की आमद से किसानों को मिलेगा लाभ

**कालपी (जालौन)।** अब तहसील क्षेत्र में लेखपालों की कमी कुछ दूर होगी। गुरुवार को 16 लेखपालों की आमद के बाद इनकी संख्या में इजाफा हो गया है। विदित हो कि तहसील क्षेत्र में 96 राजस्व हल्के है जिसके लिए इतने ही लेखपालों की जरूरत है लेकिन विगत कुछ वर्षो से तहसील क्षेत्र में लेखपालों की कमी हो गई थी जिससे एक-एक लेखपाल के पास कई मौजों का प्रभार था जिसमें जनता के साथ लेखपाल भी परेशान थे। तहसीलदार अभिनव त्रिपाठी के अनुसार वुधवार को नयी भर्ती के 20 लेखपाल तहसील क्षेत्र के लिए मिले है जिसमें अभी महज 16 ने तहसील में आमद की है।

# डिजिटल उपस्थिति को लेकर शिक्षकों में आक्रोश

**संगठनों ने मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा**

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़




**उत्तर प्रदेशीय** प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व के आवाह्न पर गुरुवार को में जिला इकाई कन्नौज के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार यादव के नेतृत्व में शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशकों एवं कर्मचारियों ने उपजिलाधिकारी सदर के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित दस सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें प्रमुख रूप से परिषदीय विद्यालयों में 8 जुलाई से पंजिकाओ के डिजिटाइजेशन एवं शिक्षकों की ऑन लाइन डिजिटल उपस्थिति को लेकर शिक्षकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए उक्त आदेश को वापस लेने की मांग की। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार यादव का कहना है। कि विभाग के इस अव्यवहारिक आदेश को लेकर के पूरे प्रदेश के शिक्षकों में जन आक्रोश है। जिसकी वजह से पूरे प्रदेश में पहले दिन से ही इसका पुरजोर तरीके से विरोध होना शुरू हो गया है। शासन ने ऑन लाइन डिजिटल उपस्थिति के सम्बंध में आने वाली व्यवहारिक असुविधाओं जैसे सुदूरगामी ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी, बाढ़ तूफान एवं आंधी जैसी मौसमी घटनाओं के समय आने वाली विषम परिस्थितियों एवं मार्ग दुर्घटनाओं आदि जैसी आकस्मिक परिस्थितियों को लेकर के किसी प्रकार की कोई गाइड लाइन जारी नही की गई। जो कि पूरे प्रदेश के शिक्षकों के साथ सरासर नाइंसाफी है। शासन प्रशासन ने यदि उक्त आदेश को वापस नहीं लिया तो शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक एवं कर्मचारियों का गठित संयुक्त मोर्चा आगे की रणनीत तैयार करेगा। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, अटेवा, अंतर जनपदीय शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ, टीएससीटी, बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, यूटा, आदर्श शिक्षामित्र संघ, अनुदेशक आदि संघों के पदाधिकारियों में आशीष राजपूत, रमाकांत पाल, रामौतार अबधनारायण, रेनू कमल, अंजली तिवारी, पंकज भदौरिया, योगेंद्र यादव, सुधीर राठौर, जयशंकर वाजपेई, विजय कुमार, प्रगति कुमार, सिराज अहमद, अवनीश कुमार शिल्पी श्रीवास्तव अंजली वर्मा सहित आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं रही।

# अधिवक्ता के भाई की मौत शोक की लहर

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज



**ग्राम** रसूखदार निवासी अधिवक्ता केटी मिश्रा के छोटे भाई 37 वर्षीय अमित कुमार मिश्रा दिनांक तीन जुलाई को अपनी मोटर साइकिल से रंधीरपुर जा रहे थे।वह जिला प्रशिक्षण संस्थान के पास पहुंचे तभी अचानक सामने कुत्ता आ जाने से उनकी मोटर साइकिल फिसल गई। हादसे मे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।आनन-फानन मे परिजन उन्हे इलाज के लिए आगरा ले गए थे।वहा छ दिनो तक उनका इलाज हुआ।कल वहा पर जीवन मौत की जंग वह हार गये।दुपहर बाद उनका शव उनके गांव पहुंचते ही परिजनो मे कोहराम मंच गया।मृतक अपने पीछे पत्नी सरिता व दो पुत्र लक्ष्य,व अग्रिम के अलावा परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।वही शव आते ही साथी अधिवक्ताओ, जनप्रतिनिधि,व समाजसेवियो ने आवास पर पहुचकर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी।देर शाम उनका शव का अतिंम संस्कार किया गया इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादम सिह पाल,बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिह राठौर,विजय त्रिपाठी,पंकज मिश्रा,सुशील पाण्डेय, विकास त्रिपाठी,अकिंत कुशवाह सहित कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# जिला कारागार में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान शुरू



जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

**अनौगी स्थित** जिला करागार कन्नौज में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान का प्रारम्भ किया गया। कारागार में वर्तमान समय में कुल 580 बन्दी निरूद्ध है। उनका सर्वे कराया गया। निरक्षर व अर्द्वसाक्षर बन्दी कुल 98 पाये गए। जिसमें 16 महिला बन्दी भी शामिल है। सभी बन्दियों की कई रारून्ड कांउसलिंग की गयी। कांउसलिंग सेशन में ट्रुथ मिशन स्कूल हेतु फतेहपुर के मैनेजर व डायरेक्टर मैडम भी उपस्थित रही बन्दी पढने हेतु पूर्ण रूप से प्रोत्साहित हो चुके है। अर्द्वसाक्षर बन्दियों का स्तर चेक करने के लिए। उनकी 30 मिनट की एक परीक्षा करायी गयी। जिसमें 11 महिला बन्दी सहित कुल 57 बन्दी शामिल हुए। शीर्घ ही साक्षरता कक्षाएं, प्रारम्भ होने जा रही हैं। बन्दी शिक्षको का चयन भी कर लिया गया।

## एसी का तार ठीक करते समय युवक को लगा करंट, मौत

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** घर में एसी का तार लगाते समय गुरूवार की सुबह एक युवक करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत का समाचार सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। तलग्राम थाना क्षेत्र के पुखरायां गांव निवासी अमन कुमार (25) पुत्र हरिबक्श दिल्ली में प्राइवेट कार चलाने का काम करता था। बुधवार की रात वह दिल्ली से वापस घर आया था। गुरूवार की सुबह वह घर के कमरे में अपनी एसी का तार लगा रहा था। अचानक लाइट आ जाने के कारण वह करंट की चपेट में आ गए। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव को वापस घर ले गए।

# मंत्री ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से लेकर ठेकेदार को लगाई फटकार

**घटिया सड़क की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुँचे, मंत्री ने ठेकेदार का भुगतान रोका**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़



**पाण्डेयपुरवा से** गुगरापुर संपर्क मार्ग का शिलान्यास समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने मार्च में किया था। इस सड़क की अनुमानित लागत लगभग दो करोड़ लंबाई लगभग दो किलो मीटर से अधिक है। जो कुछ दिन बाद ही उखड़ने लगी हैं। हाथ से सड़क उखाड़ कर सोशल मीडिया पर वीडियो प्रचलित कर दिया था। जिसकी जांच करने पहुंचे लोगो ने मंत्री को सड़क हाथ से उखाड़ कर दिखाई हाथ से सड़क उखड़ने पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियो सहित ठेकेदार को जमकर फटकारा। उन्होंने कहा की यह हमारे आप के टैक्स से जो पैसा आता हैं। उससे सड़क बनती है। कहा की सड़क ऊबड़ खाबड़ बनी हुई है। इस पर दुबारा रोलर चलवा कर बनवाया जाएं। कहा की जिला मजिस्ट्रेट को आदेशित किया जाएगा की जांच तक भुगतान रोक दिया जाएं। इस मौके पर सदर विधायक प्रतिनिधि विवेक पाठक,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मंगलम पांडेय , विमल पांडेय, गौरव पांडेय, मोहित त्रिवेदी सहित आदि रहे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** बहिन के घर पर आया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। समधन व मलिकपुर के बीच रेलवे ट्रक पर गुरुवार सुबह शौच करने गये लोगों ने युवक का शव देखकर घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किये गये इसके बाद शव को उठाकर चौकी पर ले गये जहां आसपास क्षेत्रीय लोगों से पुनः शिनाख्त कराने पर लालपुर निवासी सन्तोष कुमार शाक्य ने अपने साले के रूप में की गई उन्होंने बताया कि जनपद मैनपुरी थाना ओछा ग्राम परमखुटी निवासी उपेन्द्र कुमार पुत्र भारत सिंह शाक्य हमारी बेटी गीता देवी की बीते मंगलवार शाम शादी में सम्मिलित होने आया था अचानक यह गायब हो गया जिसकी सुबह से खोजबीन कर रहे थे। वाद में पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

**सम्मान** — सीडीओ ने उत्कृष्ट कार्य करने बालों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

# सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

कन्नौज, समृद्धि न्यूज




खंडविकास अधिकारी उमाशंकर साहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते सीडीओ — समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय ग्रामीण** आजीविका मिशन अन्तर्गत जनपद के समस्त बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हर्षवर्धन सभागार विकास भवन में किया गया है। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों और उनके संगठनों द्वारा आजीविका के क्षेत्र में की गयी प्रगति वित्त उपलब्धता जिसमें बैंको का महत्वपूर्ण योगदान, एन0पी0ए0 को कम रखने पर जोर देते हुये बैंको से समूहों के खाता तथा बैंक क्रेडिट लिंकेज पर जोर दिया गया।

उपायुक्त (स्वतः रोजगार) द्वारा योजना की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करते हुये बैंको में लम्बित खाता खोलने तथा सी0सी0एल0 वितरण करने हेतु जोर दिया गया। अग्रणी जिला प्रबन्धक द्वारा खराब प्रगति वाले शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि स्वयं सहायता समूहों के कार्यों को प्रमुख रूप से करें। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबन्धकों, बैंक सखियों, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) एंव ब्लॉक मिशन प्रबन्धक को प्रशस्ति पत्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान हैदराबाद के रिसोर्स पर्सन अनिल शर्मा, जितन्द्र यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त बैकों के जिला समन्वयक, समस्त शाखा प्रबन्धक, जिला मिशन प्रबन्धक समस्त सहायक विकास अधिकारी, समस्त ब्लॉक मिशन प्रबन्धक एवं बैंक सखी उपस्थित रहे।






# निर्माणाधीन टंकी से गिरकर मजदूर युवक की मौत

- बिना सपोर्ट के 12 मीटर ऊंचाई पर प्लेट लगाने से हुआ हादसा
- लोगों का कहना है कि ठेकेदार किशोरों से करवा रहा मजदूरी


निर्माणाधीन टंकी जिससे हुआ हादसा


रोते बिलखते मृतक के परिजन व इन्सेट में मृतक का फाइल फोटो — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**निर्माणाधीन टंकी** से गिरकर मजदूर युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज क्षेत्र के गॉव कटरा रहमत खाँ में बीते कई दिनों से जल मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है। जिसमें जनपद हरदोई थाना बिलग्राम क्षेत्र के गाँव जरेला निवासी शोभित राजपूत उम्र 20 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार राजपूत अपने भाई सहित अन्यके साथ मजदूरी कर रहा था। पानी की टंकी पर लगभग 12 मीटर ऊँचाई पर प्लेट लगा रहे थे। पीछे रोक के लिए कोई भी इन्तजाम नहीं था, तभी अचानक शोभित ऊँचाई से नीचे जमीन पर आ गिरा। तेज धमाके की आवाज सुनकर लोगों ने देखा और एम्बुलेन्स को फोन किया। एक घन्टे तक एम्बुलेन्स नहीं पहुँची। जिसके बाद अचेत अवस्था में शोभित को ताँगे द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने शोभित को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई कौशल ने बताया कि इतनी ऊंचाई पर बिना किसी सुविधा के काम करवाया जा रहा है। काम करने वाले नितिन उम्र 16 वर्ष से भी ठेकेदार कार्य करा रहा है। घटना की सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी जय सिंह परिहार, एसएसआई राजेश कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी, कांस्टेबिल विनीत कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर जाँच पड़ताल की। मृतक के शव का पन्चनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के भाई पवन, कौशल, शोभित, अतुल, रामवीर, अव्यानन्द सहित आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक के भाई का कहना है कि इतनी ऊंचाई पर बिना सपोट के ठेकेदार कार्य करा रहा है।

# रोडवेज ने पिकअप में मारी टक्कर, चालक घायल

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज**

**ट्रक को** ओवरटेक करते समय रोडवेज बस ने पिकअप में टक्कर मार दी। जिससे जिससे पिकअप चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद-बदायूं हाईवे पर मोहद्दीपुर पेट्रोल टंकी के निकट बदायूं से इलाहाबाद जा रही रोडवेज बस संख्या यू.पी.78जेएन515 के चालक बृजेश निवासी जोगराजपुर जिला कौशांबी ने ट्रक को ओवरटेक करते समय जैनापुर से गुजरपुर दूध लेने जा रही पिकअप संख्या यू.पी.27टी6606 को टक्कर मार दी। जिससे पिकअप चालक विकास निवासी जैनापुर थाना राजेपुर गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती करवाया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष रणविजय सिंह ने घायल विकास को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर में भर्ती करवाने के साथ दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल पिकअप चालक का उपचार चल रहा है।


मौके पर क्षतिग्रस्त पिकअप — समृद्धि न्यूज

# मारपीट के तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मारपीट के** मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें गुरुवार को तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित सचिन कठेरिया पुत्र चमन लाल कठेरिया निवासी सोता बहादुरपुर घटियाघाट थाना कादरीगेट ने पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते दिन पीड़ित के दोस्त गोपाल गुप्ता की शादी अमेठी कोहना गेस्ट हाउस में थी। जिसमें पीड़ित अपने दोस्त कृष्ण पाण्डेय उर्फ अक्कू पाण्डेय के साथ जाना था, तो पहले हम लोग जूती लेने फतेहगढ़ आ रहे थे, रास्ते में लोको रोड पर समय करीब 9 बजे शिवा जाटव पुत्र जयवीर, निवासी नानकनगर भोलेपुर, दीपक उर्फ अमन पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी लोको रोड भोलेपुर, अंकुश पुत्र अजय सिंह निवासी राजन नगला भोलेपुर, सागर जाटव पुत्र दिलेराम जाटव निवासी भोलेपुर, बंशल जाटव पुत्र नामालूम निवासी भोलेपुर, बॉबी पुत्र नामालूम निवासी दीन दयाल बाग पांचालघाट थाना कादरीगेट, आनन्द पुत्र नामालूम निवासी निनौआ फतेहगढ़ ने हम लोगों को रास्ते में घेर लिया और लोहे की राड व लाठी-डंडों से पीटा था। पुलिस ने सात के विरुद्ध धारा 235/2024 धारा 126 (2)/ 191(2) /190/ 109/ 352/ 351(3) बी.एन.एस. एक्त में मुकदमा पंजीकृत किया था। गुरुवार को पुलिस ने अंकुश सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी राजन नगला भोलेपुर, सागर जाटव पुत्र दिलेराम जाटव निवासी भोलेपुर, दीपक उर्फ अमन पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी न्यू आदर्श कालोनी लोको रोड मसेनी थाना कादरीगेट को गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस हिरासत में आरोपी — समृद्धि न्यूज

# दबंगों की प्रताड़ना से परेशान ग्रामीण आत्महत्या करने को मजबूर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**


जानकारी देता घायल

**राजेपुर थाना** क्षेत्र के गांव सीढ़े चकरपुर में दबंगों लगातार पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जिसके कारण पीड़ित आत्महत्या करने को मजबूर हैं। पीड़ित अल्लादीन ने बताया है कि आरोपी उनके द्वार पर आकर धमकी देते हुए कहते हैं कि अभी हमारा कुछ नहीं बिगड़ा है। पैसे देकर छूट जाते हैं। अब साले की हत्या कर देंगे। जिसके बाद पीड़ित खुद आत्महत्या करने को मजबूर है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन पर भी आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा विरोधियों से पैसे लेने के कारण आज तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा हमसे रूपयों की मांग की गई। जो हमने नहीं दिए और पुलिस ने विरोधियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। जब भी उनकी पत्नी थाने जाती है तो पुलिस प्रशासन उन्हें गाली-गलौज कर भगा देता हैं। पीड़ित ने गांव सीढ़े चकरपुर निवासी अल्लादीन पुत्र खलील ने गांव के ही राजू खां, मनीष खां पुत्र मुन्ना खां, मुन्ने खां व छोटे खां पुत्र अलीहसन के खिलाफ धारा 147, 453, 323, 324, 504, 506 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।

## खबरें चलते-चलते

### परियोजना निदेशक ने बैठक लेकर की प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा


विकास खंड अधिकारी तथा ग्राम सचिवों के साथ बैठक करते परियोजना निदेशक कपिल कुमार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय पर पहुंचे परियोजना निदेशक ने विकास खंड अधिकारी के साथ सचिवों की बैठक ली तथा प्रधानमंत्री आवासों के बारे में दिए कई अहम निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर पहुंचे परियोजना निदेशक पीडी कपिल कुमार, तथा अधिशासी अभियंता अमरेंद्र श्रीवास्तव, विकास खंडाधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री आवासों तथा आईसीसी सेंटर के बारे में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें ग्राम सचिवों को बताया की सूची के आधार पर पात्र लाभार्थी तथा अपात्र लाभार्थी की गहनता से जांच करें यदि कहीं भी फर्जी तरीके से जांच कर और अपात्र लाभार्थी को आवास दे दिया जाता है तो संबंधित सचिव तथा संबंधित लोगों पर भी एफआईआर कराई जाएगी। जितने लोगों की जिम्मेदारी बनती है सभी के ऊपर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। वहीं पूर्व में बने प्रधानमंत्री आवासों की जांच की गई। जिसमें कई ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवों की भूमिका संदिग्ध पाई गई और अपात्र व्यक्तियों को आठ आवास दिए गए। जिनकी रिकवरी भी करने के पीडी कपिल कुमार ने विकासखंड अधिकारी को निर्देश दिए। जिसमें कई सचिव ट्रांसफर होकर चले गए हैं, लेकिन उनके कार्यकाल के भी आवासों को रिकवरी के आदेश दिए गए हैं। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक कपिल कुमार, अवर अभियंता अमरिंदर श्रीवास्तव, ग्राम सचिव मानवेंद्र प्रताप, सुनील कुमार, प्रमोद शुक्ला, बृजनंदन लाल, अरविंद कुमार, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, सचिन कुलदीप राजपूत, मोतीराम यादव, बृजेश यादव आदि सभी सचिव तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

### आबकारी टीम ने रामलीला गड्ढा में दबिश देकर पकड़ी 45 लीटर कच्ची शराब


छापेमारी के दौरान आबकारी टीम पुलिस थाना पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी ने टीम के साथ संदिग्ध ग्राम में दबिश देकर 45 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। टीम ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह ने अपनी टीम व थाना कादरीगेट पुलिस के साथ संदिग्ध ग्राम रामलीला गड्ढा में दबिश देकर 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 02 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया। टीम ने आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया। स्टाक रजिस्टर, ऑन लाइन पेमेंट व सीसीटीवी कैमरा का परीक्षण किया। टीम ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# तालाब में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

- सीओ सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा


घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना मऊदरवाजा** क्षेत्र में एक तालाब में युवक का शव पड़ा मिला। जब ग्रामीणों ने शव को उतराते देखा, तो हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। सीओ सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पहुंच गया। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम ढिलावल में गुरुवार सुबह तड़के तालाब में एक अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। ग्रामीण जब टहलने निकले तो शव देख हड़कप मच गया। सूचना थाना मऊदरवाजा पुलिस को दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी आ गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। उसने पीले रंग की शर्ट और हल्के नीले रंग का पेंट पहना हुआ था। कुछ देर में सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय और फोरेंसिक टीम भी आ गई। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य को एकत्रित किया। जानकारी के अनुसार एक युवक मौके पर पहुंचा है। जो मृतक को अपना भाई बता रहा है, लेकिन आधिकारिक तौर पर शिनाख्त की पुष्टि नहीं हुई है।

# ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा त्यागपत्र

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**


खंड शिक्षा अधिकारी को त्यागपत्र देते संकुल शिक्षक

**ऑनलाइन** अटेंडेंस के विरोध में विकास खंड क्षेत्र के सभी संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रूप से खंड शिक्षा अधिकारी को त्याग पत्र सौंपा। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर ऑनलाइन अटेंडेंस के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा को सभी शिक्षकों ने कार्यालय पर पहुंचकर सामूहिक रूप से त्याग पत्र सौंपा, लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने त्यागपत्र को हाथ में लेकर जांच करते हुए बताया कि अभी तक अपने विकास खंड क्षेत्र में कोई भी हाजिरी ऑनलाइन नहीं लग रही है और ना ही अभी ऐसा किसी ने किया है, लेकिन सभी विकास खंडों के सापेक्ष नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र का स्तर बहुत गिरा हुआ है। जिस पर सभी शिक्षकों को बताया कि वह सभी प्रधानाध्यापकों से एमडीएम व्यवस्था, छात्र-छात्राओं का पंजीकरण, प्रेरणा एप जैसे कई बिंदुओं पर बातचीत करें। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र सभी विकास खंडों से कार्य में पिछड़ा है जिसको सभी लोग ध्यान में रखते हुए कार्य करें और नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों को निपुण बनाने का भी सभी शिक्षक कार्य करें। त्यागपत्र के आधार पर उन्होंने बताया की अभी हाल में ऑनलाइन हाजिरी किसी की नहीं लग रही है। फिर भी सामूहिक रूप से दिए इस्तीफा के पत्र को उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। इस मौके पर संकुल शिक्षक विकास पाल, आशीष यादव, दीप चंद्र, श्याम शुक्ला, नरेंद्र सिंह, संदीप कुमार, नरेश चंद्र, विनोद कुमार, अवधेश कुमार, मनीष दीक्षित, संजीव कुमार, आकाश राजपूत, सनोज कुमार, आदित्य यादव, शुभम पाल आदि सभी शिक्षक संकुल शिक्षक मौके पर मौजूद रहे।

# टहलने गई पूर्व एडीओ पंचायत की पत्नी को पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


मृतका का फाइल फोटो

**थाना मऊदरवाजा** क्षेत्र में ईट भट्ठे के पास टहलने गई महिला को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ चल रही नातिन बाल-बाल बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को कब्जे ले लिया है। मृतका के पति दो माह पूर्व ही एडीओ पंचायत कमालगंज के पद से सेवानिवृत हुए हैं।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम बरौन निवासी सुभाष चंद्र कठेरिया गुरुवार सुबह तड़के पत्नी विरमा देवी 55 वर्ष और अन्य परिजनों के साथ टहलने गए। उनका गांव के बाहर पेट्रोल पंप भी है। बरौन खुंबरपुर मार्ग पर सुभाष आगे टहल रहे थे। उनके पीछे विरमा देवी अपनी नातिन के साथ टहलते हुए आ रही थीं, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार पिकअप ने विरमा देवी को टक्कर मार दी। जिससे उनका सिर फटने से मौत हो गई। पति ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे पुत्र अनुराग सहित अन्य परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर थाना मऊदरवाजा पुलिस भी मौके पर आ गई। उप निरीक्षक बलवीर सिंह ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने चालक को भी हिरासत में ले लिया है।

**प्रतियोगिता** — कानपुर पुलिस जोन की 28वीं अंतर्जपदीय प्रतियोगिताओं का दूसरा दिन

# आर्म रेसलिंग (दायां हाथ) पुरुष में फतेहगढ़ ने मारी बाजी

- महिला/पुरुष फ्री स्टाइल कुश्ती में कानपुर देहात रहा अव्वल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में भाग लेंती महिलायें — समृद्धि न्यूज

**स्व0 ब्रह्मदत्त** स्टेडियम फतेहगढ़ में 28वी अंतर्जनपदीय कानपुर जोन कानपुर की पुलिस कुश्ती क्लस्टर (पुरुष/महिला) कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन आर्म रेसलिंग (दायां हाथ) पुरुष 60 किलोग्राम भार वर्ग में पंकज भाटी कानपुर नगर प्रथम, पवन चाहर फतेहगढ़ द्वितीय, 65 किलो भार वर्ग में सृजन द्विवेदी जालौन प्रथम, विक्रान्त कानपुर देहात द्वितीय, 70 किलोग्राम भार वर्ग में मिलन झांसी प्रथम, अरशद अली जालौन द्वितीय रहे। 75 किलोग्राम भार वर्ग में पंकज फतेहगढ़ प्रथम, लिटिल फतेहगढ़ द्वितीय, शुभम इटावा तृतीय, 80 किलोग्राम भार वर्ग में आशू धोजिया औरैया प्रथम, शुभम शुक्ला इटावा द्वितीय, गौरव फतेहगढ़ तृतीय स्थान पर रहे। 85 किलोग्राम भार वर्ग में प्रिंस फतेहगढ़ प्रथम, राहुल फतेहगढ़ द्वितीय रहे। 90 किलोग्राम भार वर्ग में पंकज फतेहगढ़ प्रथम, लवी चौधरी फतेहगढ़ द्वितीय, भीम सिंह कानपुर नगर तृतीय, 100 किलोग्राम भार वर्ग में बृजेश भाटी कानपुर नगर प्रथम, आर्या चौधरी फतेहगढ़ द्वितीय, 110 किलोग्राम भार वर्ग में अश्वनी बाथम कानपुर नगर प्रथम, कृष्ण कुमार इटावा द्वितीय, 110 किलोग्राम भार वर्ग से ऊपर अब्दुल मुगनी जालौन प्रथम स्थान पर रहे। आर्म रेसलिंग (बायां हाथ) पुरुष 75 किलोग्राम भार वर्ग में संदीप दुबे झांसी प्रथम, 85 किलोग्राम भार वर्ग में शिवकुमार झांसी प्रथम, मोहित फतेहगगढ़ द्वितीय, 100 किलोग्राम भार वर्ग में अमित मलिक कन्नौज प्रथम, हिमांशु इटावा द्वितीय रहे। आर्म रेसलिंग महिला में 50 किलोग्राम भार वर्ग में कृष्णा जालौन, बबली फतेहगढ़, साक्षी इटावा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं। 55 किलोग्राम भार वर्ग में कुमकुम शर्मा कानपुर नगर, पूजा नागर कानपुर नगर, अनामिका कानपुर देहात क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं। 60 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियंका कानपुर नगर, दीपक इटावा, अंजली कानपुर देहात क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं। 65 किलो भार वर्ग में अर्चना कन्नौज प्रथम, रेनू चाहर फतेहगढ़ द्वितीय, 70 किलोग्राम भार वर्ग में लवली कानपुर देहात प्रथम, 80 किलोग्राम भार वर्ग में अन्नू यादव इटावा प्रथम, सुरभि कानपुर नगर द्वितीय रहीं। कुश्ती (फ्री स्टाइल)पुरुष में 57 से 61 किलोग्राम भार वर्ग में राजकमल कानपुर देहात प्रथम, अजीत कुमार जालौन द्वितीय, 65-65 किलोग्राम भार वर्ग में नितिन शर्मा फतेहगढ़, विक्रान्त कानपुर देहात क्रमशः प्रथम व द्वितीय, 65-70 किलोग्राम भाग वर्ग में छोटेलाल कानपुर देहात, विकास कुमार इटावा क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। 70-74 किलोग्राम भार वर्ग में शुभम सारन इटावा, भीम सिंह कानपुर नगर क्रमशः प्रथम व द्वितीय, 79 से 86 किलोग्राम भार वर्ग में रवींद्र चौधरी औरैया, सचिन कानपुर नगर क्रमशः प्रथम व द्वितीय, 86 से 92 किलोग्राम भार वर्ग में रवींद्र चौधरी इटावा, शोभित फतेहगढ़ क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। 92 से 97 किलोग्राम भार वर्ग में आर्या चौधरी फतेहगढ़, हिमांशु यादव इटावा क्रमशः प्रथम, द्वितीय, 97 से 125 किलोग्राम भार वर्ग में अश्वनी बाथम कानपुर नगर, कृष्ण कुमार इटावा क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। कुश्ती महिला में 50 किलोग्राम भार वर्ग में साक्षी यादव इटावा, रितू गुप्ता कानपुर देहात क्रमशः प्रथम व द्वितीय, 53 से 55 किलोग्राम भार वर्ग में कुमकुम शर्मा कानपुर नगर, सुनैना इटावा क्रमशः प्रथम व द्वितीय, 55 से 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियंका कानपुर नगर, काजोल कानपुर देहात क्रमशः प्रथम व द्वितीय, 57 से 59 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक इटावा, सम्मत देवी कन्नौज क्रमशः प्रथम व द्वितीय, 59 से 62 किलोग्राम भार वर्ग में अंजली कानपुर देहात, अर्चना कन्नौज क्रमशः प्रथम व द्वितीय, 65 से 68 किलोग्राम भार वर्ग में सोनल कानपुर देहात, शिवा कानपुर देहात क्रमशः प्रथम व द्वितीय, 68 से 72 किलोग्राम भार वर्ग में लवली कानपुर देहात, शैली त्यागी इटावा क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहे। 72 से 76 किलोग्राम भार वर्ग में अन्नू यादव इटावा प्रथम तथा सुरभि कानपुर नगर द्वितीय रहीं।

# मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये विद्यालयों के निरीक्षण के आदेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- शिक्षक उपस्थिति और विकास योजनाओं पर रखे कड़ी नजर

**परिषदीय** विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं पर निरंतर शासन का शिकंजा कसता जा रहा है। अभी शिक्षक की टेबलेट से चेहरा दिखाकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज किये जाने के आदेश पर बवाल मचा हुआ है कि इसी बीच मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह सरकारी विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति की जांच करें।

जानकारी के मुताबिक निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में लागू शासन की विकास संबंधी योजनाओं एवं छात्रहित की कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन पर भी अधिकारी अपनी नजर रखे और उसका लाभ पात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करवाये। शासन ने विशेष रुप से जिला बेसिक शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह बच्चों का सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत समय से अधिक से अधिक नामांकन कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावा विद्यालयों में समय से विद्यार्थियों को यूनीफार्म, कापी-किताबें एवं मिड-डे-मील भी उपलब्ध कराया जाये। संचारी रोग नियंत्रण के अभियान का भी विद्यालयों में शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये एवं क्रियान्वयन की आख्या उच्चाधिकारियों को समीक्षा हेतु भेजी जाये।

### विद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन का कलेण्डर जारी

**फर्रुखाबाद।** संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल ने विद्यालयीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं को क्रियान्वित किये जाने का वार्षिक कलेण्डर जारी कर दिया है। डीआईओएस को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रतियोगिताओं में माध्यमिक के साथ बेसिक शिक्षा विभाग के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को भी प्रतिभाग कराया जाये। इसके अलावा कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं को भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग दिलाया जाये। बालिकाओं के साथ महिला शिक्षिकायें कोच व मैनेजर के रुप में उपस्थित रहे।

### दुकानदार ने सफाई कर्मचारी के साथ की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव देवरा मेहसोना निवासी सफाई कर्मचारी मुकेश कुमार पुत्र प्रहलाद सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ही ग्राम पंचायत पतेउरा में सफाई कर्मचारी के रूप में तैनात है। आज वह ड्यूटी के लिए आया था, तभी नवाबगंज कस्बा तिराहे पर बाइक मिस्त्री की दुकान रखें नगला झब्बू सिंह निवासी आनंद पुत्र छत्रपाल के यहां अपना हेल्मेट रखा आया था। जिसको वापस लौटकर मांगा। इस पर किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी तथा देखते ही देखते गाली-गलौज होने लगा। पीड़ित के बताये अनुसार जब उसने गाली देने का विरोध किया, तो उक्त आरोपी पीड़ित के साथ सरिया तथा डंडे से मारपीट करने लगे। जिससे सफाई कर्मचारी घायल हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर नामजद आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# डीएम को निरीक्षण के दौरान मिला पढ़ाई व साफ-सफाई का अभाव

- मातृभाषा व सामान्य ज्ञान पढ़ाये जाने के लिए प्रधानाध्यापक को दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण करते डीएम — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी डा0** वी0के0 सिंह द्वारा प्रा0 विद्यालय निनौआ एवं प्रा0 विद्यालय अर्जुन नगला ब्लॉक बढ़पुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय परिसरों में साफ -सफाई का अभाव पाया गया। शिक्षा का स्तर अत्यंत ही निम्न पाया गया। छात्रों में सामान्य जानकारी का अभाव मिला। डीएम ने बच्चों से गणित व सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे। जिसका संतोषजनक जबाव बच्चों द्वारा नहीं दिया जा सका। डीएम द्वारा बच्चों से मिड-डे-मील में मिल रहे खाने की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रतिदिन शुरू के 30 मिनट बच्चों को सामान्य ज्ञान की जानकारी देने एवं बच्चों को उनकी मातृभाषा को समझाने के निर्देश संबंधित प्रधानाध्यापक को दिए। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद व प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने शिक्षा व्यवस्था को खोखला बनाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग

**फस्र्ल खटबठद, पमल्ड॥ न्यज़्ज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को प्रेषित कर मांग की है कि सकारात्मक सोंच के साथ काम न करने वाले शिक्षकों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। प्रेरणा ऐप पर ऑन लाइन अटेंडेंस का विरोध करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध सकारात्मक व नकारात्मक सोंच के साथ कार्यवाही हो। संगठन के दम पर शिक्षा को खोखला बनाना वेतन मिलने से ऐश और आराम की जिंदगी व्यतीत करने वाले शिक्षक नौनिहालों व बच्चों का भविष्य नष्ट करने पर अमादा है। पिछली सरकार में डिग्री लेकर भर्ती हुए अध्यापक बनने वाले ऐसे शिक्षक जो अपने पद का दुरुपयोग कर रहे है और व्यवस्था को बाधित कर रहे है ऐसे लोगों पर कार्यवाही हो। जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा, पृथ्वी नारायण, शिवाजी कटियार, डा0 मेहंदी हसन, शिव कुमार वर्मा आदि ने नकारात्मक सोंच वाले शिक्षकों पर कार्यवाही की मांग की है।

### ऑनलाइन मॉनीटरिंग में जनपद महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में पहले पायदान पर आया

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में सरकार की महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की ऑनलाइन मॉनीटरिंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से की जाती है। इस रैंकिंग में माह जून की समीक्षा करने पर जनपद जालौन को विकास एवं राजस्व के विभिन्न विभागों, परियोजनाओं, योजनाओं के समस्त कार्यो के मूल्यांकन के वाद प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जनपदों के मूल्यांकन हेतु मुख्य रूप से राजस्व, विकास, खाद्य रसद, भूतत्व एवं खनिकर्म, नगर विकास, आबकारी, स्टाम्प, चिकित्सा स्वास्थ्य, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, पशुधन, शिक्षा इत्यादि समस्त विभागों की योजनाओं को आधार बनाया गया है। इस सूची में दूसरे स्थान पर महाराजगंज, तीसरे स्थान पर मुजफ्फरनगर, चौथे स्थान पर हरदोई तथा पांचवे स्थान पर लखीमपुर खीरी जनपद है। झांसी मण्डल का जिला ललितपुर 17 वें स्थान तथा जनपद झांसी 8 वें स्थान पर है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इस वर्ष माह फरवरी की रैंकिंग में भी जनपद जालौन का प्रथम स्थान था। मार्च, अप्रैल एवं मई 2024 की रैंकिंग लोकसभा निर्वाचन के कारण जारी नहीं हुई थी। जिलाधिकारी जालौन द्वारा प्रत्येक विभाग की परियोजनाओं ध्कार्यो के सघन अनुश्रवण के कारण जनपद को समस्त मानकों में उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त हुई है।

### पारिवारिक विवाद में दो पक्षों में जमकर चले लाठी, डंडे, दी धमकी

**जालौन (उरई)।** पारिवारिक विवाद ने एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों के साथ गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उरगांव निवासी शान मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार के ही गुड्डन उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर उनके परिवार को परेशान करते रहते हैं। कई बार समझाने के बाद भी सुनने को तैयार नहीं हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बुधवार को वह काम पर गया था। घर पर उनकी पत्नी रज्जो, बेटा रिहान व बेटी आरजू थे। उन्हें अकेला देखकर गुड्डन, रूबी और सूबी लाठी, डंडे लेकर वहां आ गए और पत्नी के साथ गाली, गलौज करने लगे। जब पत्नी ने उन्हें रोका तो उन्होंने लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जब बेटा और बेटी ने पत्नी को पिटता हुआ देख तो उन्हें रोकने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने उनको भी नहीं बख्शा, उनके साथ भी मारपीट की। जिसमें सभी को चोटें आई हैं। बाद में घर में रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग आए तो तीनों जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सभी का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसएसआई शीलवंत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

### सर्राफा व्यापारी ने पुलिस से लगायी उधार किये रुपये वापस दिलाने की गुहार

**जालौन (उरई)।** छह वर्ष पूर्व बेटे की शादी में सर्राफा व्यापारी से सोने चांदी के आभूषण बनवाने के बाद अब क्रेता उधार रुपये नहीं दे रहा है। मांगने पर गाली, गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर देकर उसके रुपये दिलाने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी दिलीप सिंह उर्फसोनू तोमर ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर ही सोनू चांदी के आभूषण बनाने का काम करता है। लगभग छह वर्ष उनके परिचत मुलायम निवासी ऊद उनके यहां आए और बेटे की शादी के लिए सोने चांदी के आभूषण बनवा लिए। आभूषण बनवाने के बाद उन्होंने एक लाख 504 रुपये उधार कर दिए। जिसे उन्होंने कुछ माह में देने का वादा किया था। लेकिन तबसे छह साल बीत चुके हैं। वह लगातार किसी न किसी बहाने से उन्हें टरका रहे हैं। हाल ही में जब उन्होंने सख्ती से रुपये मांगे तो वह गाली, गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो आइंदा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने पुलिस से उसके शेष रुपये दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### न्यायालय से वांछित वारंटी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई)।** बिजली अधिनियम में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे वारंटी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बैठगंज निवासी इशहाक मंसूरी हाल पता मूसानगर बिजली अधिनियम में काफी समय से न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे थे। उनका कुर्की वारंट भी जारी हो चुका था। लेकिन वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। गुरूवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि वांछित अपने घर आया है। सूचना मिलते ही एसएसआई शीलवंत सिंह मौके पर पहुंच गए। जहां से उन्होंने वांछित इशहाक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### हमला तथा तोड़फोड़ करने पर पांच नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** घर के अंदर घुसकर तोड़फोड़ तथा मारपीट करने की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा एक ही घर के तीन महिलाओं सहित पांच नामजद व्यक्तियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण के संबंध में वादिनी फातिमा पत्नी स्व. झल्लू निवासी हरीगंज ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 7 जुलाई 2024 को सुबह लगभग 9 घर में अपनी पुत्रियों संजीदा, फरीदा, रजीदा, सुल्ताना मुस्कान साथ मौजूद थी। तभी आरोपी पड़ोसियों पीर बक्स पुत्र मैकू, साबिर पुत्र पीरबक्स तथा पीरबक्स की तीन नामजद पुत्रियों ने प्रार्थिनी के घर का नल व गुसलखाना तोड़कर दीवार बनाकर अवैध कब्जा करने लगे। मना करने पर सभी आरोपी गालियां बकने लगें तथा प्रार्थिनी के विरोध करने पर प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे हम लोगो को गंभीर चोटें आईं हैं।

# पुलिस की वसूली के चलते कादरीगेट रोड पर लगता है जाम

- बसें, टेंपों, ठिलिया व सब्जे वालों ने फुटपाथ पर जमा रखा है कब्जा
- नगर पालिका का अतिक्रमण अभियान पड़ा ठप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



कादरीगेट रोड पर लगा जाम — समृद्धि न्यूज

**जाम के** झाम से फर्रुखाबाद अछूता नहीं है। कादरीगेट मुख्य मार्ग पर रोजाना जाम लगता है। लालगेट तिराहे पर दोनों ओर दुकानदारों के अतिक्रमण के अलावा बसों एवं टेंपों चालक फुटपाथ पर कब्जा जमाये है। ऐसे में स्कूलों की छुट्टी होती है और रोडवेज बस आ जाये तो जाम के झाम में बच्चे भी फंसे रहते है। चिलचिलाती धूप और उमश के कारण लोगों का पसीना आने के कारण शरीर तरबदर हो जाता है। प्राइवेट बस अड्डा और टेंपों चालकों से पुलिस खुलेआम वसूली करती है। जिस कारण जाम लगना मुख्य बजह बन गयी है। वहीं कादरीगेट पर सब्जी वाले व ठेली वाले फुटपाथ पर कब्जा जमाये है। पास में थाना होने के बावजूद भी जाम लगा रहता है। कादरीगेट-लकूला रोड पर एक निजी अस्पताल होने के कारण लोग अपने वाहन सड़क पर खड़े कर देते है। जिस कारण वहां जाम लगा रहता है। ऐसे में अगर सख्ती बरती जाये तो जाम की समस्या से निजात मिल सकता है। नगर पालिका बड़े-बड़े दावे करता है पर फुटपाथ पर कब्जा जमाने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं करता है। जिस कारण जाम की समस्या बनी रहती है। सुबह विद्यालय खुलने के समय व दोपहर विद्यालय की छुट्टी के समय रोजाना नियमानुसार जाम लग रहा है। यही नजारा शहर में भी बना हुआ है। लालगेट से लेकर टाउनहाल तक फुटपाथ पर कब्जा होने के कारण मुख्य मार्ग पर भी जाम लगा रहता है। जिम्मेदार लोग पल्ला झाड़ लेते है और कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। पुलिस कर्मी वसूली करते है। नगर पालिका का अभियान फ्लाप हो जाता है। ऐसे में जाम लगना स्वाभाविक है। शहर की व्यवस्था रामभरोसे होने के कारण लोगों को जाम के झाम में जूझना पड़ रहा है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ किया वृक्षारोपण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



वृक्षारोपण करती कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुन्तला देवी

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने कायमगंज विधानसभा के बूथ संख्या 413 व 414 पर ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण किया। पर्यावरण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत कायमगंज विधानसभा के बूथ 413, 414 पर पहुंचकर शकुंतला देवी ने धर्मेन्द्र शाक्य के साथ पौधे रोपे। प्रकृति को हरा-भरा बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये। क्षेत्र के लोगों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग किया। इस मौके पर ग्रामीण मौजूद रहे।

# संचारी रोग के तहत बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



संचारी रोगों के बारे में जानकारी देते अमान खान

**विकास** खण्ड राजेपुर के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में संचारी रोग नियतंत्रण अभियान के अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मिस्टर फर्रुखाबाद अमान खान ने बच्चों एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। क्रिकेट कमेंटेटर एवं एक्टर नौशाद अली ने बच्चों को अपनी प्रतिभा से खूब हसाया। साथ ही कई प्रकार के लघु नाटकों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के प्रति जानकारियां दी। प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने सभी को स्वच्छ रहने व अपने आसपास की गंदगी से बचने के लिए जानकारी दी। इस मौके पर अमीना बेगम, राममूर्ति कुशवाहा, साजिद खान, सुनीता देवी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# शहर में आवारा गौवंशों का रोड पर कब्जा, थाने में भी घुसी गाय

- आवारा जानवर लोगों पर कर देते है हमला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



सेनापति रोड पर बैठे आवारा गौवंश, कादरीगेट थाने से गाय को भगाता पुलिस कर्मी — समृद्धि न्यूज

**शहर में** आवारा जानवरों की समस्या बनी हुई है। नगर पालिका द्वारा सही ढंग से अभियान चलाया जाये तो आवारा जानवरों को पकड़कर गौशाला भेजा जा सकता है। शहर के मुख्य मार्गों पर घूम रहे आवारा जनवरों के हमले से चुटैल हो रहे है। कई गलियों व रोड पर जानवर पूरे अतिक्रमण की तरह बैठ जाते है और जाम लग जाता है। यही नजारा सेनापति स्थित सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के घर के बाहर दिखायी दिया। सड़क पर आवारा जानवरों का जमघट लगने से रोड जाम था। ऐसे में बच्चे व महिलायें भयभीत हो जाती है और जानवरों के हमले के शिकार हो जाते है। नगर पालिका की लापरवाही सामने दिखायी पड़ती है। रोड पर खुलेआम आवारा गौवंश घूमते रहते है। आवारा गौवंशों को अभियान चलाकर अगर पकड़ा जाये तो आवारा जानवरों से निजात मिल सकता है। नगर पालिका के ढुलमुल रवैये के कारण रोडों पर गौवंश खुलेआम घूम रहे है। यही नजारा कादरीगेट थाने में दिखायी पड़ा। जब कादरीगेट थाने में गाय घुस गयी तो उसे पुलिस कर्मी ने खदेड़कर भगाया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि जानकारी प्राप्त हुई है कि सेनापति में आवारा जानवर घूम रहे है। कर्मचारियों को बोल दिया है जिन्हे शीघ्र पकड़वाया जायेगा।

# व्यापार मण्डल ने शहर की समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट व ईओ को भेजा प्रस्ताव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर की ट्रैफिक समस्या को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ट्रैफिक सुचारु संचालन व पार्किंग एवं जाम से निजात दिलाने की स्थिति पर उद्योग व्यापार मण्डल श्याम बिहारी गुट ने संचालन कराने हेतु नगर मजिस्ट्रेट व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के समक्ष बैठक रखे जाने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्तावित कार्य योजना के तहत 22 बिंदुओं के अतिरिक्त कुछ अन्य सुझाव देने के लिए कहा गया था। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी के सहयोग से जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता द्वारा व्यापार मंडल की तरफ से कुछ सुझाव लिखकर नगर मजिस्ट्रेट को डाक द्वारा भेजे गए हैं। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता ने बताया कि पत्र के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया गया है कि इन सुझावों में जो उचित हो उन सुझावों को प्रस्तावित कर कार्य योजना के बिन्दुओं में जोड़ा जाये। सुझावों में लोहाई रोड से नाला मछरट्टा तक मार्ग नहीं जोड़ा गया, उसे जोड़ा जाये। नाला मछरट्टा से घोड़ा नखास चौकी के बाद काशीराम कालोनी से नगर पालिका का कूड़ा डंपिंग स्थल पड़ता है, जो चिलसरा शमशाबाद मार्ग है। जो बाईपास का कार्य करेगा और जाम से शहर को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। साहबगंज चौराहा से अंगूरीबाग मार्ग होते हुए शनि महाराज का बहुत बड़ा प्राचीन मंदिर है। माधोपुर गौशाला टोका घाट का रोड चौड़ा कर बनाया जाये। इसका भी लाभी जनता को मिलेगा। अमेठी जदीद भैरव घाट से हनुमान गढ़ी से गढ़ी कोहना पांचाल घाट पर निर्माण व रास्ता बनाया जाये। काशीराम कालोनी से घोड़ा नखास भैरव मंदिर तक रोड बनाया जाये, आदि पांच सूत्रीय सुझाव व्यापार मण्डल द्वारा भेजा गया है। इस मौके पर संजीव मिश्रा बॉबी, जितेन्द्र अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, अर्चना वर्मा, प्रीती तिवारी सहित व्यापारियों ने मांग पत्र का समर्थन किया है।

# दबंगों से ग्रामसभा की जमीन कब्जा मुक्त कराने की डीएम से मांग

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**ग्रामसभा की** जमीन को दबंगों से अवैध कब्जा मुक्त कराने के लिए ग्राम जैतपुर शरीफपुर छिछनी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मांग की है। ग्राम ऊनरपुर (गैरआबाद) की गाटा संख्या 1मि0,18 मि0 व 19/6 मि0 रकबा 1.29000, 0.2000हे0 व 14.1800हे0 (लगभग 193 बीघा) भूमि कटरी झाऊ के नाम दर्ज है। सरकारी भूमि पर ग्राम के दबंग व्यक्ति रामजीत यादव, राजकुमार, पंचम सिंह, रजनेश पुत्रगण अजयपाल यादव एवं अनिल पुत्र राजकुमार, शिवमंगल पुत्र रामजीत यादव अवैध रूप से कब्जा किये हुए हैं। भूमि पर उक्त दबंग गन्ना, गेंहू, मक्का आदि की फसलें पैदा कर रहे हैं। सभी आरोपी दबंग प्रवृत्ति के लोग है, इनके दबंग के आतंक से क्षेत्र में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराकर ग्रामसभा को सौंपने की मांग की है। जिस पर ग्राम सभा समस्त सरकारी भूमि पर गेहूं व हरा चारा बुवाकर गौशाला में भिजवाने का कार्य करें और दबंगों पर सरकारी जमीन कब्जा करने के मामले में कार्यवाही की मांग की। शिकायत करने वालों में पर्वत सिंह, देवेंद्र सिंह, डॉ0 पहुंची लाल, कालीचरण, डा0 अर्जुन सिंह, रघुवीर, जगवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, राम सुरेश, राम अवतार, रामसनेही, रामश्री, जयवीर, राजू, कल्याण, राजीव, जयवीर, अरविंद, रामनिवास, भूरे, रामनरेश, रघुनाथ, राम अवतार, नेम सिंह, गोकर्ण, नीरोत्तम, लेखराज, प्रताप सिंह, उमेश, राम रतन, शिव कुमार, ब्रह्मदत्त, अलवर, सत्यवीर, जगन्नाथ, ओमकार, नरसिंह, शंभू पाल सिंह, मोहन, नंदराम, श्याम सिंह, ज्ञान सिंह, मनोज लाल, सत्यराम, हृदय लाल, प्रमोद, होशियार, महेश, रामनिवास, रामशरण, कल्याण, राम तीरथ, लज्जाराम, बलवीर सिंह, सत्यवीर, मनोहर लाल, श्याम सिंह, ज्ञान सिंह, धर्मेंद्र आदि के नाम शामिल है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र आकाश के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**प्रवेश सिंह पुत्र शिवाधार सिंह निवासी नवादा दोयम पो0 ऊगरपुर सुल्तान पट्टी, कोतवाली मोहम्मदाबाद, फर्रु0।**

विरोध | डिजिटाइजेशन के विरोध में शिक्षक हुए लामबंद

# प्राशिसं ने शिक्षक संगठनों के साथ लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**प्राथमिक** शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने अपने शिक्षक साथियों के साथ शिक्षकों की लंबित समस्यायें व पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन के विरोध में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि बेसिक शिक्षा परिषद के नियतंत्रधीन शिक्षक-शिक्षिकाओं की पूर्व से लंबित व वाधित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर प्रदेश संगठन व जनपद संगठन द्वारा अनेकों बार शासन एवं विभाग व उच्चाधिकारियों को मांग पत्र सौंपा जा चुका है। प्रमुख रुप से शिक्षक-शिक्षिकाओं के कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण, पदोन्नति, वेतन विसंगती, विद्यालयों में लिपिक की नियुक्ति एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति मांगें व समस्यायें पूर्व से लंबित है। प्रदेश के शिक्षक व शिक्षिकाओं का गंभीर मुद्दा पुरानी पेंशन बहाली की मांग की भी सम्मलित है। ऐसे में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकायें अपने विद्यालय एवं शिक्षण संबंधी कार्य को सम्पादित किया जा रहा है। शासन विभाग एवं उच्चाधिकारी द्वारा लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। विद्यालय पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन व ऑन लाइन फेस छायांकन उपस्थिति कराये जैसे निर्देश जारी कर दिया गया है। जो शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ पूर्णयता अव्यावहारिक है। शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ दोहरा माप दण्ड अपनाया जा रहा है। परिषदीय विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की मांग है कि समस्याओं को संज्ञान में लिया जाये और उसका निराकरण किया जाये। इस संबंध में मुख्यमंत्री सम्बोधित कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, नरेन्द्र सिंह जाटव, ऋषिपल यादव, प्रवेश सिंह, आदेश अवस्थी, अवनेन्द्र मिश्रा, वीरेन्द्र त्रिवेदी, सुजीत सिंह, अनुराग पाण्डेय के अलावा बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम ARCHNA दर्ज है। है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम ARCHANA SHRI VASTAVA है। W/O, Army No-3000824L HAV Neelesh Kumar SHRIVASTAVA R.R.C. Fatehgarh. R/o Ambedkar Nagar, Bholepur, Fatehgarh, farrukhabad, Pin Code-209601

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RAJKUMARI DEVI व जन्मतिथि 01.07.1941 दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम RAJKUMARI व जन्मतिथि 11.08.1950 है। M/O, JC No-483414W NB SUB Kapil Deo Singh R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill. Pure, Kumedan, Lalganj, Raebareli U.P. PIN-229215

# डीआरडीओ ने सात नई परियोजनाओं को दी मंजूरी

- प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत सैन्य औद्योगिक इको सिस्टम होगा मजबूत
- नई परियोजनाओं का उद्देश्य रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में स्टार्टअप को बढ़ावा देना




**नई दिल्ली, एजेंसी।**

आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों और एयरोस्पेस एवं रक्षा क्षेत्रों की जरूरतों को देखते हुए सात नई परियोजनाएं मंजूर की हैं। प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत स्वीकृत इन परियोजनाओं का मकसद रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में विशेष रूप से एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। इन प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास से सैन्य औद्योगिक इको सिस्टम मजबूत होगा।

*1. स्वदेशी परिदृश्य और सेंसर सिमुलेशन टूलकिटः-* इस परियोजना में वास्तविक परिदृश्यों में पायलटों के सिम्युलेटर प्रशिक्षण के लिए एक स्वदेशी टूलकिट का विकास है। इससे पूर्ण मिशन योजना और भारी बल भागीदारी में मदद मिलेगी। यह परियोजना नोएडा के स्टार्टअप ऑक्सीजन 2 इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है।

*2. अंडर वाटर प्रक्षेपित मानवरहित हवाई वाहनः-* यह परियोजना बहुमुखी समुद्री युद्ध क्षेत्र सहायक उपकरण से संबंधित है, जिसे युद्ध की कई भूमिकाओं में तैनात किया जा सकता है। इसका उद्देश्य खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) तथा समुद्री डोमेन जागरुकता (एमडीए) है। यह परियोजना पुणे की सागर डिफेंस इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है।

*3. डिटेक्शन और न्यूट्रेलाइजेशन के लिए लम्बी दूरी का रिपोर्ट चालित वाहनः-* ये वाहन दोहरे उपयोग वाली प्रणालियां पानी के नीचे की वस्तुओं का पता लगाने, उन्हें वर्गीकृत करने, उनका स्थान निर्धारित करने और उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम होंगी। इस परियोजना का काम कोच्चि के स्टार्टअप आईआरओवी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है।

*4. विमान के लिए आईस डिटेक्शन सेंसर का विकासः-* इस परियोजना का उद्देश्य उड़ान के दौरान बर्फ जमने की स्थिति का पता लगाना है, जो सुपर कूल्ड पानी की बूंदों के कारण विमान की बाहरी सतहों से टकराने के बाद जम जाती है। इन्हें विमान में एंटी-आइसिंग मैकेनिज्म को चालू करने के लिए उपयोग किया जाता है। यह परियोजना बेंगलुरु की कंपनी क्राफ्ट लॉजिक लैब्स प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है।

*5. एक्टिव एंटीना ऐरे सिम्युलेटर के साथ राडार सिग्नल प्रोसेसर का विकासः-* यह परियोजना छोटी दूरी की हवाई हथियार प्रणालियों के परीक्षण और मूल्यांकन के लिए विविध लक्ष्य प्रणाली की तैनाती को सक्षम बनाएगी। यह बड़ी राडार प्रणालियों के लिए बुनियादी निर्माण ब्लॉक के रूप में कार्य करेगी। यह परियोजना चेन्नई की फर्म डेटा पैटर्न (इंडिया) लिमिटेड को सौंपी गई है।

*6. भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली आधारित समय अधिग्रहण और प्रसार प्रणाली का विकासः-* इस परियोजना की मंजूरी बेंगलुरु की एकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है। इसका उद्देश्य समय अधिग्रहण और प्रसार प्रणाली के स्वदेशीकरण को सक्षम करना, समय प्राप्त करने के लिए भारतीय नक्षत्र का उपयोग करना तथा रेंज आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित एवं लचीली समय प्रणाली का विकास करना है।

*7. ग्राफीन आधारित स्मार्ट और ई-टेक्सटाइल का विकासः-* कोयंबटूर के स्टार्ट-अप एलोहाटेक प्राइवेट लिमिटेड को इस परियोजना के लिए मंजूरी दी गई है। यह ग्रेफीन नैनोमटेरियल और कंडक्टिव स्याही का उपयोग करके कंडक्टिव यार्न और फैब्रिक बनाने की प्रक्रिया विकसित करेगी।

इसका परिणाम उन्नत नैनोकंपोजिट सामग्री-आधारित ई-टेक्सटाइल होगा, जिसमें व्यावहारिक कपड़ों के अनुप्रयोगों के लिए बुनियादी लाभों का उपयोग किया जाएगा।

## चार देशों के राजदूतों ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को सौंपे



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

चार देशों दक्षिण सूडान, जिम्बाब्वे, स्पेन और अर्जेंटीना के राजदूतों ने बृहस्पतिवार को अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष प्रस्तुत किये।

इन राजदूतों ने राष्ट्रपति भवन में एक औपचारिक कार्यक्रम में अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति को प्रदान किये।

राष्ट्रपति को अपने दस्तावेज सौंपने वालों में दक्षिण सूडान के राजदूत लुमुम्बा मैकलेले न्याजोक, जिम्बाब्वे की राजदूत सुश्री स्टेला नकोमो, स्पेन के राजदूत जुआन एंटोनियो मार्च पुजोल और अर्जेंटीना गणराज्य के राजदूत मारियानो अगस्टिन काउसिनो शामिल हैं।

## दिल्ली से हार्ट टू ब्रेवहार्ट्स कार रैली रवाना कारगिल युद्ध स्मारक पर होगी खत्म



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार ने गुरुवार को दिल्ली छावनी के करिअप्पा परेड ग्राउंड से कारगिल युद्ध में भारत की विजय की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हार्ट टू ब्रेवहार्ट्स कार रैली रवाना की। यह कार रैली कारगिल युद्ध वीरों के शौर्य, दृढ़ता और बलिदान के प्रति श्रद्धांजलि है।

हार्ट टू ब्रेवहार्ट्स कार रैली कारगिल युद्ध के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में निकाली जा रही है। एक कार रैली 30 जून को तनोट सीमा चौकी, तेजू और कोच्चि बंदरगाह से एकसाथ झंडी दिखाकर रवाना की गई थी। इस दौरान नागरिकों की ओर से देशभर के सैनिकों, विशेषकर सीमाओं पर तैनात सैनिकों को संदेश दिए गए। यह टीमें 9 जुलाई को दिल्ली में एकत्रित हुईं और आज उन्हें झंडी दिखाकर द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक के लिए रवाना किया गया।

यह कार रैलियां 15 जुलाई को कारगिल युद्ध स्मारक पर समाप्त होने से पहले 10 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी।

## चीन की तरह भारत को भी जनसंख्या नियंत्रण के लिए कड़े कानून की जरूरत : गिरिराज सिंह

**लखीसराय, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह लखीसराय पहुंचे थे, यहां विद्यापीठ चौक पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान देश की जनसंख्या पर बात की। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा है और आज भी कहता हूं कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की सख्त जरूरत है। गिरिराज सिंह ने कहा कि चीन ने दुनिया में विकास का परचम फहराया है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि वह वन चाइल्ड पॉलिसी लेकर आया। भारत आज दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है देश में आज जमीन कम पड़ गई है, लोगों के लिए पीने का पानी कम पड़ रहा है। बढ़ती हुई जनसंख्या एक चुनौती है। इसलिए जैसे चीन ने जनसंख्या को रोकने के लिए कानून बनाया, वैसे ही हमें भी इसकी जरूरत है।

## मुनक नहर का बैराज टूटने से उ. दिल्ली के निचले इलाकों में भरा पानी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**भाजपा ने दिल्ली सरकार पर साधा निशाना**

दिल्ली को हरियाणा से जलापूर्ति करने वाली मुनक नहर का बैराज टूटने से उत्तरी दिल्ली के निचले इलाकों में पानी भर गया है।पानी लोगों के घरों में घुस गया है। लोगों को रात भर पानी में बिताना पड़ा।एहतियात के तौर पर जलभराव वाले इलाकों में बीती रात से ही बिजली भी काटनी पड़ी है, जिससे दिक्कतें और बढ़ गई हैं।स्थानीय निवासियों के मुताबिक इस नहर से पिछले दो हफ्तों से पानी की लीकेज हो रही थी। इसके बावजूद इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। बीती रात करीब एक बजे अचानक ही लोगों के घरों में पानी घुस गया। इससे लोगों के बीच अफरातफरी मच गई।

भारतीय जनता पार्टी के नेता और उत्तरी दिल्ली के सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने सुबह इस इलाके का दौरा कर जल बोर्ड के अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि दिल्ली सरकार की लापरवाही की वजह से बवाना की जेजे कॉलोनी के जे, के, एल और एम ब्लॉक में पानी भर गया है। कई साल पहले डीडीए ने यह कॉलोनी दिल्ली सरकार को दे दी थी। उन्होंने बताया कि सीवर और पानी की लाइन डालने के लिए डीडीए ने 18 करोड़ रुपये दिल्ली जल बोर्ड को दिया था। अगर आज जल बोर्ड ने काम कर दिया होता, सीवर लाइन डाली गई होती, तो यह नौबत नहीं आती। मुनक नहर का कंक्रीट का हिस्सा टूटा है, जिसे रिपेयर करने के लिए काम चल रहा है। इसके लिए हरियाणा सरकार से गुजारिश करेंगे कि वह पानी न छोड़े। तभी जाकर नहर के टूटे हिस्से को रिपेयर किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की जल मंत्री अतिशी प्रभावित इलाकों में तब आएंगी, जब यहां पानी पंप सेट से निकाल दिया जाएगा। तब तक लोगों को पानी के बीच ही रहना पड़ेगा। दिल्ली सरकार को जब इस बारे में पता था तो इसे क्यों नहीं समय पर ठीक करवाया गया। यहां के विधायक भी गायब हैं, उन्होंने लोगों की सुध नहीं ली। सुबह से ही लोग परेशान है।

### दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई राज्यों में होगी भारी बारिश

देश के कई राज्यों में इन दिनों बारिश हो रही है, जिसके चलते कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। इस बीच मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में फिर से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के सीनियर साइंटिस्ट डॉ नरेश कुमार ने बताया कि अगले 2 दिनों के दौरान पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इन राज्यों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिनमें असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश शामिल हैं। दिल्ली-एनसीआर में अगले दो दिनों के बीच बारिश की संभावना है।

उधर, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने एक्स पर जानकारी दी, %%आज सुबह मुनक नहर से निकलने वाली छोटी नहर की दीवार टूट गई । मुनक नहर की देखभाल करने वाले हरियाणा के सिंचाई विभाग के साथ दिल्ली जल बोर्ड समन्वय स्थापित किए हुए है।÷

## अभिनेता अभिषेक बच्चन ने बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन-पूजन



**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन, उनकी मां सपा सांसद जया बच्चन और बहन श्वेता नंदा ने गुरुवार शाम श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य ज्योतिषाचार्य डॉ. चंद्रमौली उपाध्याय की देखरेख में बच्चन परिवार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा का विधिवत दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के बाद मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बच्चन परिवार को प्रसाद व अंगवस्त्रम भेंट किया। मंदिर से बाहर निकलने पर युवा प्रशंसकों ने बच्चन परिवार को देख हर-हर महादेव का उद्घोष किया। बच्चन परिवार ने भी उनका हाथ जोड़कर अभिवादन किया। बाबा विश्वनाथ के पूजन अर्चन के बाद उन्होंने श्री संकट मोचन मंदिर में भी हाजिरी लगाई।

## दिशा सालियन मौत मामला : एसआईटी भाजपा विधायक नीतेश राणे से करेगी पूछताछ

- शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे की मुश्किलें बढ़ने के आसार



**मुंबई, एजेंसी।**

दिवंगत फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में मुंबई पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने भाजपा विधायक नीतेश राणे को समन जारी करके शुक्रवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। इस मामले में पुलिस नीतेश राणे का बयान दर्ज करके आगे की जांच करने वाली है। इसलिए भविष्य में शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे की मुश्किलें बढ़ने के आसार हैं।

भाजपा विधायक नितेश राणे ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि उन्हें पुलिस का समन मिला है। मैं कल पुलिस के पास जाऊंगा और इस मामले से संबंधित सारी जानकारी पुलिस को दूंगा।

नीतेश राणे ने कहा कि इस हत्या का आरोपित आज भी असेंबली हॉल में घूम रहा है। इस मामले में तीन बार जांच अधिकारी बदले गए, लेकिन वे दबाव में थे, क्योंकि तब आदित्य ठाकरे के पिता उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे। उस समय थाने में नारायण राणे और मुझसे पूछताछ की गई थी, लेकिन आदित्य ठाकरे को बचाने की कोशिश की गई।

दिशा सालियन की मौत 8 जून, 2020 को उनके मालाड स्थित आवास की 14वीं मंजिल से गिरकर हो गई थी। इसके बाद 14 जून, 2020 को बांद्रा में फिल्म अभिनेता सुशांत राजपूत की मौत हुई थी। नीतेश राणे और उनके पिता नारायण राणे ने दिशा सालियन के साथ छेड़छाड़ कर उनकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। पिछले वर्ष विधानमंडल के वर्षाकालीन सत्र के दौरान सदन में नीतेश राणे ने यह मामला उठाया था और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले की जांच एसआईटी से कराने की घोषणा की थी। इसके बाद अपर पुलिस आयुक्त राजीव जैन की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की गई।

## कार्यालयों व स्वायत निकायों में लागू किया जाएगा ई-आफिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय सचिवालय की 37 लाख में से 95 प्रतिशत फाइलों को ई-फाइलों के रूप और 95 प्रतिशत रसीदों को ई-रसीदों के रूप में संभाल लिया गया है। यह कार्य वर्ष 2019 - 2024 के दौरान संपन्न हुए।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी बयान के मुताबिक केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया है कि प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के 100 दिवसीय एजेंडे के हिस्से के रूप में भारत सरकार के सभी संलग्न, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत निकायों में ई-आफिस लागू किया जाएगा।

मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक सफल कार्यान्वयन के लिए 133 संलग्न, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों में ई आफिस अपनाने के लिए प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने 24 जून को दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। मंत्रालय के मुताबिक (डीएआरपीजी) के सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में अंतर मंत्रालयी बैठक में आन बोर्डिंग रोडमैप और तकनीकी तौर तरीकों पर चर्चा की गई।

इसमें सभी मंत्रालयों व विभागों के अधिकारियों व वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनईसी) की उप महानिदेशक रचना श्रीवास्तव ने ई आफिस के कार्यान्वयन के लिए प्रक्रियात्मक तकनीकी प्रस्तुत की।

इसमें निर्णय लिया गया कि सभी मंत्रालय व विभाग अपने संबद्ध, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों के साथ समन्वय करेंगे। नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे। डेटा केंद्र स्थापित करेंगे और ई-ऑफिस की समयबद्ध ऑन-बोर्डिंग के लिए उपयोगकर्ताओं व लाइसेंस की संख्या पर एनआईसी को मांग प्रस्तुत करेंगे।

## पूर्व नौकरशाह मनीष कुमार वर्मा बनाये गये जदयू के राष्ट्रीय महासचिव



**पटना, एजेंसी।** हाल में ही जदयू में शामिल हुए पूर्व नौकरशाह मनीष वर्मा को पार्टी ने बड़ी जिम्मेवारी दी गई है। उन्हें जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। गुरुवार को कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने इसकी घोषणा की। ओडिशा कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पूर्व सचिव मनीष कुमार वर्मा मंगलवार को दिल्ली में जदयू में शामिल हुए थे। मनीष वर्मा पटना और पूर्णिया के डीएम भी रह चुके हैं। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि पहले जदयू उनके दिल में था और अब वह इस दल में आ गये हैं। मनीष वर्मा के जदयू में शामिल होने के वक्त से ही यह चर्चा थी कि नीतीश कुमार उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते है।

## नक्सलियों ने अपहृत तीन ग्रामीणों में से एक को उतारा मौत के घाट



**सुकमा, एजेंसी।**

- दो को बुरी तरह मारपीट कर किया रिहा

जिले से नक्सलियों ने दो दिनों पहले जिन तीन ग्रामीणों का अपहरण किया था उनमें से एक अपहृत की पीट- पीट कर हत्या कर दी।गुरुवार को उसका शव परिजनों के सुपुर्द किया दिया। जबकि मारपीट में घायल अवस्था में दो अन्य अपहृतों को नक्सलियों ने बुधवार रात रिहा किया था।

दो दिनों पहले नक्सलियों ने किस्टाराम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साकलेर से तीन ग्रामीणों का अपहरण कर लिया था। बुधवार को जंगल में कथित जन अदालत लगाकर अपहृत तीन ग्रामीणों में से एक माड़वी राजाराव (20 वर्ष) की पीट-पीट कर हत्या कर दी। नक्सलियों ने आज उसका शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। वहीं, मारपीट में घायल दो ग्रामीणों को नक्सलियों ने बुधवार रात रिहा कर दिया। पूरे घटनाक्रम को लेकर अब तक पुलिस की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है।

उल्लेखनीय है कि लगातार मुठभेड़ों में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने से बौखलाये नक्सली दो दिनों पहले तीन ग्रामीणों को ग्राम साकलेर से अपहरण कर लिया और जन अदालत लगाकर अपहृत ग्रामीणों पर पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाकर सभी के साथ मारपीट की।

## लखनऊ में लॉन्च हुआ सेफड्राइव विथ इनड्राइव कैम्पेन




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

कैलिफोर्निया स्थित सुपर मोबिलिटी ऐप इनड्राइव ने लखनऊ में एक सेफ्टी एजुकेशन इवेंट आयोजित किया। सेफड्राइव विद इनड्राइव अकैम्पेन ड्राइवरों को उनके यात्रियों की सुरक्षा और आराम सुनिश्चित करने के तरीके के बारे में शिक्षित करेगा। यह कैम्पेन इनड्राइव के ड्राइवरों के लिए चल रहे एजुकेशनल प्रोग्राम का अगला चरण है, जो उनकी सेफ्टी ट्रेनिंग को मजबूत करता है और सड़क सुरक्षा और महिलाओं की सुरक्षा दोनों को शामिल करता है, ताकि इनड्राइव के साथ यूज़र द्वारा किया गया हर चुनाव सुरक्षित और भरोसेमंद हो। इसमें भेदभाव निषेध जैसे विषयों को भी शामिल किया गया है, यात्रियों के आराम को बढ़ाने के तरीके, और यात्रा के दौरान किसी को भी सहायता की आवश्यकता होने पर सभी उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं का उपयोग करने का तरीका बताया गया है (उदाहरण के लिए, शील्ड आइकॉन, जो उपयोगकर्ता को आपातकालीन सेवाओं से संपर्क करने की अनुमति देता है)।

### इनड्राइव का सेफ्टी ट्रेनिंग है 360 डिग्री प्रोग्राम

इनड्राइव की एशिया-पेसिफिक कम्युनिकेशन्स लीड, पवित्र नंदा आनंद कहती हैं कि इनड्राइव का सेफ्टी ट्रेनिंग एक 360 डिग्री प्रोग्राम है जो ड्राइवरों को अन्य बातों के अलावा, उत्पीड़न या हिंसा के मामलों को रोकने के लिए समय पर कम्युनिकेशन टूल्स और स्ट्रेटजी प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, हमारे प्लेटफॉर्म से मिला डेटा बताता है कि महिलाएं कैब में असुरक्षित महसूस करती हैं जब ड्राइवर तेज आवाज में संगीत बजाता है, असंयमित होता है, या तेज गति से गाड़ी चलाता है; वे तब भी असहज होती हैं जब ड्राइवर उन्हें रियरव्यू मिरर में देखता है या उनकी तारीफ करता है। इसलिए हमारा सेफड्राइव विथ इनड्राइव कैम्पेन इन मुद्दों को हमारे ड्राइवर पार्टनर के साथ भी बात करता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे सभी राइडर सुरक्षित और सहज महसूस करें।

### प्रशिक्षण उपरांत मिलेगा बैज व प्रमाणपत्र

इनड्राइव इंडिया के बिज़नेस डेवलपमेंट मैनेजर, मोहन प्रधान कहते हैं, ड्राइवर पार्टनर साथियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए हमारे ट्रेनिंग प्रोग्राम के ज़रिए, हम सभी साथियों को प्रशिक्षित करना चाहते हैं। जो लोग प्रशिक्षण पूरा कर लेंगे, उन्हें एक बैज और एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा, जिसे वे अपने वाहन में रख सकते हैं।

### मुख्य बातें

**ड्राइवर वेरिफिकेशन:-** सभी ड्राइवरों के लिए दस्तावेज़ और फोटो सत्यापन अनिवार्य है।

**अपना यात्री चुनें: -** इनड्राइव के साथ, ड्राइवर यात्रियों को उनकी प्रोफाइल, रास्तों और मूल्य प्रस्तावों के आधार पर चुन सकते हैं। (यात्री समान मापदंडों का उपयोग करके ड्राइवर चुन सकते हैं)

**सेफ्टी बटन:-** यात्रा के दौरान, इनड्राइव ऐप में शील्ड बटन को टैप करने से उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित रहने के लिए टिप्स मिलते हैं, हर टिप को डिटेल में बताने के लिए फुल स्क्रीन होती है। **मुख्य स्क्रीन:-** मुख्य स्क्रीन पर शील्ड आइकॉन उपयोगकर्ताओं को आपात स्थिति में जल्दी से पुलिस या एंबुलेंस को कॉल करने की अनुमति देता है। इनड्राइव कई तरह की तकनीकों का इस्तेमाल करता है, जिसमें चलती हुई यात्रा को शेयर करने से लेकर डायरेक्ट सपोर्ट तक शामिल है - यह एक पूरा सुरक्षा पैकेज है जिसे समय के साथ इनड्राइव के यूज़रों की खास ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। यह सुरक्षा पैकेज भारत के लिए खास है, जो कि कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 4,885 यात्रियों का 14वां जत्था जम्मू से अमरनाथ रवाना



**जम्मू, एजेंसी।**

स्थानीय भगवती नगर आधार शिविर से सीआरपीएफ की कड़ी सुरक्षा के बीच आज सुबह 3:06 बजे 191 वाहनों से 4,885 अमरनाथ तीर्थयात्रियों का 14वां जत्था कश्मीर के दो आधार शिविरों (बालटाल और पालगाम) के लिए रवाना हुआ।

आतंकी हमले की आशंका और सुरक्षाबलों के अभियानों की बीच भगवती नगर आधार शिविर के आसपास तथा यात्रा मार्ग पर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि 2,366 पुरुष, 1,086 महिलाएं, 32 बच्चे और 163 साधु-साध्वियां बसों और हल्के मोटर वाहनों के काफिले के साथ भगवती नगर से रवाना हुए।

उन्होंने बताया कि 2,991 तीर्थयात्रियों ने अपनी यात्रा के लिए पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग और 1,894 ने छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग को चुना। 28 जून को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के बाद से अब तक कुल 77,210 तीर्थयात्री भगवती नगर आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं। 52 दिवसीय यात्रा 29 जून से शुरू हुई और 19 अगस्त को समाप्त होगी। पिछले साल 4.5 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की थी।

अधिकारियों ने बताया कि खतरे की आशंका के मद्देनजर जम्मू के बेस कैंप में ठहरने के केंद्रों, लखनपुर में आगमन केंद्र और राजमार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजमार्ग पर क्षेत्र की घेराबंदी मजबूत कर दी गई है और यात्रा स्थलों के आसपास वाहनों की जांच की जा रही है।